नई दिल्ली
शुक्रवार 27 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 315
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 34
न्यून. 19

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## समय की कसौटी पर परखी गई साझेदारी, विशेष रणनीतिक साझेदारी में हुई तब्दील

# इजरायल में भी मचेगी भारत के यूपीआई की धूम

# दोनों देशों के बीच जल्द होगा एफटीए: प्रधानमंत्री

- यरुशलम में इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हुई बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस बयान में पीएम मोदी ने किया ये बड़ा ऐलान
- दोनों नेताओं की वार्ता में आतंकवाद और पश्चिम-एशिया में शांति-स्थिरता जैसे दो मुद्दे प्रमुखता से शामिल किए गए, भारत-इजरायल ने साफ किया अपना रुख
- बैठक के बाद दोनों देशों के बीच हुए 17 एमओयू-समझौते, 10 घोषणाएं की गई हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच गुरुवार को यरुशलम में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें आपसी सहयोग से लेकर क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दे छाए रहे। वहीं, बैठक के निष्कर्षों से ये साफ हो गया कि इससे एक ओर दोनों देशों में घरेलू विकास को बड़े पैमाने पर बल मिलेगा। वहीं, चुनौतीपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मामलों के सकारात्मक समाधान की राह भी मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ बातचीत के बाद दिए संयुक्त प्रेस बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ बड़ी घोषणाएं करते हुए कहा कि आज से भारत-इजरायल की समय की हर कसौटी पर परखी हुई साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए हमने इसे ऐतिहासिक रूप से विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा प्रदान करने पर सहमति जताई है। दोनों देशों के बीच जल्द ही साझा रूप से लाभप्रद एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर ▶▶ शेष पेज 5 पर





### सहयोग को मिलेगी नई दिशा और तेज गति

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंध हमारे गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की मजबूत आधारशिला पर आधारित हैं। जो समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं। जिसे देखते हुए हमने अपनी साझेदारी को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। ये हमारे देशों की आम जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बैठक में सहयोग को नई दिशा, तेज गति देने के मामले पर भी विचार किया गया। आर्थिक सहयोग हमारे विकास, नवाचार व संयुक्त समृद्धि का इंजन बना हुआ है। निवेश बढ़ाने के लिए 2025 में द्विपक्षीय निवेश समझौता किया गया था। जल्द ही हम एक एफटीए को अंतिम रूप देंगे। पीएम के मुताबिक, हमारी भविष्य की साझेदारी के केंद्र में तकनीक शामिल है। इसलिए हमने दुर्लभ-उभरती हुई तकनीकी भागीदारी स्थापित करने का फैसला किया है। जिससे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम व दुर्लभ खनिजों जैसे क्षेत्रों ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आतंकवाद का हमेशा करेंगे विरोध

*प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और इजरायल आतंकवाद के मुद्दे को लेकर किसी दुविधा में नहीं हैं। दोनों स्पष्टता के साथ ये मानते हैं कि इस वैश्विक चुनौती का दुनिया में कोई स्थान नहीं है। आतंकवाद को किसी भी रूप या अभिव्यक्ति में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। दोनों देश कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद और उसके समर्थकों का विरोध करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। वार्ता में पश्चिम-एशिया में शांति, स्थिरता के विषय को भी प्रमुखता से शामिल किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र में शांति-स्थिरता के साथ भारत के सुरक्षा हित सीधे जुड़े हुए हैं। जिसे देखते हुए हमने शुरुआत से ही संवाद और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है। यही वैश्विक दक्षिण और समूची मानवता की पुकार है। गाजा संघर्ष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मानवता कभी भी किसी संघर्ष में पीड़ित नहीं बननी चाहिए। गाजा शांति योजना से शांति का एक रास्ता बना है। भारत इन प्रयासों का पूर्ण समर्थन करता है और भविष्य में भी हम सभी देशों के साथ बातचीत-सहयोग जारी रखेंगे।*

## यरुशलम में लगाई गई 'प्रौद्योगिकी जगत की प्रदर्शनी' का दौरा करते हुए बोले प्रधानमंत्री मोदी

## इजरायली टेक कंपनियों को पीएम का न्योता...भारत में निवेश, युवाओं संग करें भागीदारी



**हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली।** अपनी इजरायल यात्रा के पहले दिन यानी बीते बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यरुशलम में लगाई गई प्रौद्योगिकी और तकनीकी जगत की एक प्रदर्शनी का दौरा किया। जिसमें उन्होंने खासतौर पर इजरायल की टेक कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। साथ ही देश के युवाओं के साथ भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। प्रदर्शनी में भारत के मित्र देश की अग्रणी तकनीक और नवाचारों से जुड़ी अग्रणी कंपनियों और अनुसंधान संस्थानों को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने अपने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), स्वास्थ्य और कृषि जैसे क्षेत्रों से जुड़े उत्पादों को आयोजन में शानदार ढंग से प्रदर्शित भी किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान के माध्यम से बताया कि पीएम मोदी की इस यात्रा में उनके साथ इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू भी मौजूद रहे। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सोशल मीडिया पर साझा किया अनुभव

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपना अनुभव बताते हुए एक पोस्ट में लिखा, 'कल यरुशलम में प्रधानमंत्री नेतन्याहू और मैंने प्रौद्योगिकी जगत के विशेष नवाचारों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का दौरा किया। एआई, क्वांटम तकनीक, स्वास्थ्य सेवा, साइबर सुरक्षा, जल संसाधन, कृषि जैसे क्षेत्रों में इजरायली युवाओं के बेहतरीन कार्यों को देखने का मौका मिला। मैंने इजरायली कंपनियों से भारत में निवेश करने और देश के प्रतिभाशाली युवाओं के साथ काम करने का आग्रह किया है'।

## खबर संक्षेप

### पढ़नी होंगी दो भारतीय भाषाएं अब इंग्लिश होगी विदेशी भाषा



**नई दिल्ली।** देशभर के सीबीएसई स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए बड़ी खबर है। 2026-27 सेशन से सीबीएसई, नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन की सिफारिशों को लागू करने जा रहा है। इसके तहत कक्षा 6 से छात्रों के लिए तीसरी भाषा पढ़ना अनिवार्य किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, नई व्यवस्था के अनुसार, कक्षा 6 से छात्रों को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी। इनमें से कम से कम दो भाषाएं भारतीय होनी जरूरी हैं। इंग्लिश को 'विदेशी भाषा' माना जाएगा। यानी अगर कोई स्कूल कक्षा 6 में इंग्लिश पढ़ा रहा है, तो वह एक विदेशी भाषा मानी जाएगी और उसके साथ दो भारतीय भाषाएं पढ़ानी होंगी। अगर कोई स्कूल फ्रेंच या जर्मन जैसी कोई और विदेशी भाषा तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाता है, तो उसके साथ भी दो भारतीय भाषाएं अनिवार्य होंगी।

### 2 मार्च को पीएम मोदी के साथ राजधानी दिल्ली में होगी प्रतिनिधिमंडल स्तर की महत्वपूर्ण बैठक

## आज से भारत के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी

- भारत-कनाडा सामरिक भागीदारी के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ क्षेत्रीय-वैश्विक घटनाक्रमों पर होगी चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 2023 में हुई खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारत और कनाडा के रिश्तों में जमी हुई बर्फ फिलहाल पिघलती हुई नजर आ रही है। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर शुक्रवार से कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भारत की चार दिवसीय (27 फरवरी से 2 मार्च तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसमें अगले सप्ताह सोमवार (2 मार्च) को उनकी राजधानी दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक होगी। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दोनों शीर्ष नेताओं की इस बैठक में भारत-कनाडा सामरिक ▶▶ शेष पेज 5 पर



फाइल फोटो

### भारत की पहली यात्रा

*मंत्रालय ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री की भारत की यह पहली आधिकारिक यात्रा होगी। उनके यात्रा कार्यक्रम के मुताबिक, 27 फरवरी को पीएम कार्नी कनाडा से सबसे पहले मुंबई पहुंचेंगे। जिसके बाद दो दिनों तक वह आर्थिक राजधानी में आयोजित किए जाने वाले अलग-अलग व्यावसायिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भारत-कनाडा के उद्योग जगत के सीईओ से भी उनकी मुलाकात होगी। उद्योग, वित्तीय विशेषज्ञ, नवप्रवर्तकों, शिक्षाविदों से कनाडाई प्रधानमंत्री मुखातिब होंगे और भारत में स्थित कनाडा पेंशन फंड के* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### देशभर के लोग जल्द ही अपने नजदीकी सत्यापित आधार केंद्र का पता और उपलब्ध सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे

## यूआईडीएआई ने गूगल मैप्स पर अधिकृत आधार केंद्रों को प्रदर्शित करने के लिए साझेदारी की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने गूगल मैप्स पर अधिकृत आधार केंद्रों को प्रदर्शित करने के लिए गूगल के साथ साझेदारी की है। इस पहल से देश भर के निवासियों के लिए अधिकृत आधार केंद्रों तक पहुंच में आसानी होगी और सुविधा में बढोत तरी होगी। इस पहल से नागरिकों को आधार केंद्रों की पहचान करने में सहायता मिलेगी। साथ ही वयस्क नामांकन, बाल नामांकन या केवल पता और मोबाइल नंबर अपडेट जैसी सेवाओं से संबंधित केन् द्रों की सटीक जानकारी उपल ब ध होगी। इसके अलावा, केंद्र की सुगमता से संबंधित जानकारी, जैसे दिव्यांग-अनुकूल बुनियादी ढांचा, पार्किंग सुविधा की उपलब्धता और संचालन समय संबंधी जानकारी को प्रदर्शित किया जाएगा जिससे



नागरिकों को और अधिक सुविधा मिलेगी। यह सुविधा आने वाले महीनों में उपलब्ध होने की आशा है। इस सहयोग का उद्देश्य जनसुविधा को बढ़ाना, गलत सूचनाओं से बचना और यह सुनिश्चित करना है कि नागरिकों को देशभर में अत्याधुनिक आधार सेवा केंद्रों (एएसके) सहित 60,000 से अधिक आधार केंद्रों तक निर्बाध पहुंच प्राप्त हो। इससे यह सुनिश्चित होगा कि जब उपयोगकर्ता गूगल मैप स पर खोज करेंगे, तो उन्हें सत्यापित आधार केंद्रों तक निर्देशित किया जाएगा। यूआईडीएआई के मुख य कार्यकारी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बोले केंद्रीय शिक्षा मंत्री, न्यायपालिका के प्रति मेरे मन में आदरपूर्वक सम्मान है

## एनसीईआरटी की पुस्तक पर आई 'सुप्रीम टिप्पणी' के बाद मंत्री प्रधान ने मामले पर जताया खेद

- शीर्ष अदालत ने जो कुछ भी कहा है, हम उसका पूरा पालन करेंगे
- मामले को लेकर एनसीईआरटी के खिलाफ बिठाई गई जांच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की 'एक्सप्लोरिंग सोसाइटीः इंडिया एंड बियांड' (भाग-2) नामक एक हालिया जारी की गई पुस्तक को लेकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गई तल्ख टिप्पणी के बाद से सत्ता के



गलियारों में मचे बवाल के बीच गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सामने आए और उन्होंने इस पूरे प्रकरण को लेकर न केवल देश की शीर्ष अदालत के सामने दुख के साथ खेद जताया। बल्कि यह भी कहा इस संबंध में अदालत द्वारा की गई सभी बातों का हम अक्षरक्षः पालन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पुडुचेरी में पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत

## अब डिजिटल-रुपए से मिलेगा राशन डिजिटल वॉलेट में मिलेगी सब्सिडी




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में एक महत्वपूर्ण बदलाव की शुरुआत करते हुए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत खाद्य सब्सिडी को डिजिटल यानी ई-रुपए के माध्यम से देने जा रही है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत गुरुवार को उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में की है। यह पहल रिजर्व बैंक द्वारा जारी केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम है। अब तक खाद्य सब्सिडी का लाभ या तो वस्तु के रूप में या पारंपरिक डीबीटी के जरिए मिलता था। नई व्यवस्था में पात्र लाभार्थियों के लिए एक विशेष डिजिटल वॉलेट बनाया जाएगा। सरकार तय सब्सिडी राशि इसी वॉलेट में ई-रुपए के रूप में भेजेगी, जिसे केवल राशन खरीदने के उद्देश्य से ही इस्तेमाल किया जा सकेगा। प्रक्रिया पूरी होते ही राशि दुकानदार के खाते में पहुंच जाएगी और उसका डिजिटल रिकार्ड तुरंत दर्ज हो जाएगा।






# चांदनी चौक की खूबसूरती में लगेंगे चार चांद अंडरग्राउंड होंगी बिजली की तारें : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को राजधानी में कई नई परियोजनाओं की शुरुआत की। इन परियोजनाओं में दिल्ली के चांदनी चौक की खूबसूरती बढ़ाने के लिए यहां से ऊपर गुजर रहे बिजली की तारों को अंडर ग्राउंड करने की योजना भी शामिल है। इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने मंडोली में 66/11 केवी जीआईएस ग्रिड सब-स्टेशन और शिवालिक, द्वारका व गोयला खुर्द में चार बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार विकास और विरासत को साथ लेकर चलना चाहती है ताकि राजधानी में बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, कैबिनेट मंत्री आशीष सूद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि चांदनी चौक की 28 ऐतिहासिक सड़कों और गलियों में लटकते बिजली के तारों को हटाने के लिए दिल्ली सरकार और बीवाईपीएल ने बड़ी परियोजना शुरू की है। लगभग 159.75 करोड़ रुपये की लागत से 52.5 किलोमीटर लंबी ओवरहेड बिजली लाइन को जमीन के नीचे किया जाएगा। इस काम के तहत 500 नए फीडर पिलर लगाए जाएंगे, सजावटी स्ट्रीट लाइट पोल लगाए जाएंगे और निगरानी के लिए आधुनिक 'डिजिटल ट्विन' तकनीक का उपयोग होगा। यह पूरा काम चरणबद्ध तरीके से रात के समय किया जाएगा ताकि लोगों की दिनचर्या और यातायात पर कम से कम असर पड़े। इस योजना से करीब 10 हजार उपभोक्ताओं को सीधा फायदा मिलेगा। आग लगने और खराब मौसम से होने वाली बिजली की दिक्कतें कम होंगी। इससे क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ेगी, बिजली आपूर्ति ज्यादा भरोसेमंद बनेगी और ऐतिहासिक इलाके की सुंदरता भी निखरेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चांदनी चौक केवल बाजार नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और व्यापारिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। लेकिन लंबे समय से ऊपर लटकते बिजली के तार न केवल इस क्षेत्र की सुंदरता को प्रभावित कर रहे थे बल्कि सुरक्षा के लिए भी चुनौती बने हुए थे। इस परियोजना के माध्यम से अब यह क्षेत्र अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और सौंदर्यपूर्ण बनेगा। यह पहल केवल बिजली व्यवस्था का सुधार नहीं, बल्कि धरोहर संरक्षण और स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।



### चांदनी चौक के विकास के लिए 1 हजार करोड़ का फंड दे सकती है सरकार

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि चांदनी चौक लोकसभा के विकास के लिए पहले 100 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब आवश्यकता को देखते हुए यह राशि 1 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। केवल वर्तमान कार्य के लिए 28 सड़कों के पुनर्विकास का कार्य शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने पुरानी दिल्ली क्षेत्र के समग्र विकास की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने बताया कि शाहजहानाबाद पुनर्विकास बोर्ड की जिम्मेदारी स्वयं अपने पास रखी है ताकि सड़कों, पार्किंग, अतिक्रमण, शौचालयों और अन्य बुनियादी सुविधाओं की समस्याओं का समाधान प्रभावी ढंग से किया जा सके। उनका उद्देश्य इस ऐतिहासिक क्षेत्र को पर्यटन और व्यापार के अनुकूल, सुव्यवस्थित और आधुनिक अवसंरचना से युक्त बनाना है।

- मुख्यमंत्री ने चांदनी चौक इलाके में ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों को अंडरग्राउंड करने की योजना की शुरुआत करने के साथ मंडोली में 66/11 केवी जीआईएस ग्रिड सब-स्टेशन, और शिवालिक, द्वारका व गोयला खुर्द में चार बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं का किया शिलान्यास

### देश का मॉडल बनेगा दिल्ली का पावर सेक्टर : सूद

इस अवसर पर दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली का पावर सेक्टर देश का मॉडल बनेगा। यह कार्यक्रम केवल परियोजनाओं की शुरुआत नहीं, बल्कि जनता के विश्वास का प्रतीक है। नई सरकार दिल्ली के पावर सेक्टर को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप मजबूत और आधुनिक बना रही है। उन्होंने बताया कि 436 करोड़ रुपये की योजना के तहत चांदनी चौक सहित कई इलाकों में ओवरहेड तारों को भूमिगत किया जा रहा है। मंडोली में 66 केवी जीआईएस ग्रिड सब-स्टेशन से 1.5 लाख उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली मिलेगी। साथ ही, चार नए बीईएसएस प्रोजेक्ट्स से 55 मेगावाट अतिरिक्त भंडारण क्षमता जुड़ेगी, जिससे पीक समय में बिजली आपूर्ति स्थिर रहेगी। उन्होंने बताया कि डीटीएल की बैठक में 3 हजार करोड़ रुपये की लंबित परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और अगले तीन वर्षों के लिए 17 हजार करोड़ रुपये की बिजली ढांचा योजना तैयार की गई है।

## नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में 235 करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रगति पर: सीएम



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में 235 करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रगति पर है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में आयोजित 'प्रवास कार्यक्रम' में लोगों के बीच जाकर अपनी सरकार के एक वर्ष के कामों का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए कही। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट कार्ड सिर्फ आंकड़ों की सूची नहीं है, बल्कि जनता की सेवा, जन-कल्याण और 'विकसित दिल्ली' के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में 9 अटल कैंटीन स्थापित की जा चुकी हैं। बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मोती नगर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 135 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं के अंतर्गत कीर्ति नगर में फुटओवर ब्रिज और नजफगढ़ नाले पर पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। आर.के. पुरम विधानसभा क्षेत्र में भी करीब 100 करोड़ रुपये के विकास कार्यों पर तेजी से काम किया जा रहा है। साथ ही, 9 विधानसभा क्षेत्रों में पानी की पुरानी पाइपलाइनों को बदलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। यातायात प्रबंधन और शहरी संरचना को मजबूत करने की दिशा में ग्रेटर कैलाश स्थित सावित्री फ्लाईओवर के फेज-दो को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, एम-ब्लॉक में ऑटोमेटेड मल्टी-लेवल पार्किंग की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र पहले अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा था। लेकिन आज यह 'विकसित दिल्ली' के लक्ष्य में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यह सरकार घोषणाओं की नहीं, बल्कि समय पर काम पूरा कर परिणाम देने वाली सरकार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रिपोर्ट कार्ड केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि हमारी सरकार की जनसेवा, जन-कल्याण और 'विकसित दिल्ली' के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। पिछले 27 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद बनी भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र को चरितार्थ करते हुए हर विधानसभा और हर व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया है। इस अवसर पर उत्तर पश्चिमी दिल्ली से सांसद योगेंद्र चंदोलिया, नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, विधायक हरीश खुराना, सतीश उपाध्याय, शिखा रॉय, नीरज बसोया, उमंग बजाज, पूर्व मंत्री राज कुमार आनंद, पूर्व विधायक सुभाष सचदेवा, जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र बब्बर, रविंद्र चौधरी, भाजपा के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता साथियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## टाटा पावर ने दर्जनों आरडब्लूए को किया सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित, इस माह 3 हजार आवेदन

नई दिल्ली। निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टाटा पावर-डीडीएल ने कहा है कि उनके द्वारा चलाई जा रही सूर्यांश-सोलर लगाइये, हर दिन बचत पाइये पहल के तहत 100 से अधिक आरडब्ल्यू को रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। अकेले फरवरी 2026 में ही सूर्यांश के अंतर्गत 3 हजार नए नामांकन दाखिल हुए है। जबकि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, इस पहल के तहत 15 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए। कंपनी के अनुसार टाटा पावर ने दिल्ली में क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए रोहिणी में रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) समिट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक आरडब्ल्यूए तथा ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों (जीएचएस) ने हिस्सा लिया। जिसमें सौर ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाने तथा अपने आस-पड़ोस को रिहाइशी इलाकों को विकेंद्रित सोलर हब में बदलने की प्रतिबद्धता जतायी। यह प्रोग्राम सौर ऊर्जा संबंधी जागरूकता से आगे जाकर अब उसके कार्यान्वयन पर केंद्रित है, जिसके तहत सोलर इंस्टॉलेशन के लिए रूफटॉप संबंधी व्यवहार्यता मूल्यांकनों पर काम जारी है। टाटा पावर ने प्रोग्राम में कम्युनिटी लीडरों को सोलर चैंपियंस के तौर पर



सम्मानित भी किया। यह सोलर चैंपियंस अपनी-अपनी सोसायटियों में सौर ऊर्जा को अपनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं। समिट में उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना तथा सोलर सौर नीति का लाभ उठाने पर जोर दिया गया। दोनों योजनाएं रूफटॉप सोलर सॉल्यूशन को अधिक सुगम तथा किफायती बनाने के उद्देश्य से पेश की गई हैं। समिट के दौरान वर्चुअल नेट मीटरिंग तथा नेट मीटरिंग पर प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण रही। यह फ्रेमवर्क खासतौर से बहुमंजिला रिहायशी परिसरों के लिए उपयोगी हैं, जो इन इमारतों, परिसरों में रहने वाले बाशिंदों को साझा रूफटॉप इंफ्रास्ट्रक्चर और सौर ऊर्जा उत्पादन के लाभ आपस में बराबर बांटने का मौका देते हैं।

### डीएमआरसी आज और 2 मार्च को करेगा खास पेंटिंग कॉम्पिटिशन आयोजित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) 27 फरवरी 2026 यानी आज और 2 मार्च 2026 को एक खास पेंटिंग कॉम्पिटिशन आयोजित करने जा रही है। यह प्रतियोगिता केवल दो स्टेशनों मंडी हाउस और विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशनों पर प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक ही आयोजित की जाएगी। डीएमआरसी ने महिला यात्रियों से आह्वान किया है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के संदर्भ में आयोजित पेंटिंग कॉम्पिटिशन में भाग लें और अपने अपने रंगों को अपने साथ सफर करने दें और मेट्रो के सफ़र को सच में यादगार बनाएँ।

## पश्चिमी सिस्टम के असर से दिल्ली-एनसीआर में तेजी से नहीं बढ़ेगा तापमान, मौसम रहेगा सूखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार दूसरे दिन गुरुवार अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पार दर्ज हुआ जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। बावजूद इसके फिलहाल दिल्ली में तेजी से तापमान बढ़ने के आसार नहीं है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का कहना है कि गुरुवार को अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। जबकि न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से महज 0.14 डिग्री सेल्सियस अधिक है। निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि फिलहाल अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री ज्यादा है, जिससे पसीने निकल रहे है। जबकि 16 फरवरी को 31.6 डिग्री रहा जो आज तक इस महीने का सबसे अधिक तापमान था। कंपनी का कहना है कि ताजा पश्चिमी सिस्टम की वजह से फिलहाल दिल्ली-एनसीआर वालों को राहत मिलती नजर आ रही है। क्योंकि इस सिस्टम की वजह से दिल्ली एनसीआर में जिस तेजी से नहीं तापमान बढ़ना चाहिए था वह नहीं बढ़ेगा। हांलाकि मौसम सूखा सूखा बना रहेगा। यानी कहा जा सकता है कि अगले 10 दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना बनी हुई है। कंपनी का कहना है कि 23 से 26 फरवरी 2026 के बीच दिल्ली का अधिकतम तापमान लगभग 30 के आसपास बना हुआ है, जो सामान्य से करीब 4 डिग्री से ज्यादा है। बेस स्टेशन सफदरगंज में लगातार दूसरे दिन 30.2 डिग्री दर्ज किया गया। इस दौरान न्यूनतम तापमान भी लगभग 12 के आसपास स्थिर रहा। अभी तक लगभग 10 दिनों बाद भी अधिकतम तापमान 31 डिग्री तक नहीं पहुंच सका है। ऐसे में उम्मीद है कि अगले 4-5 दिनों में तापमान में तेज उछाल की संभावना नहीं है। मार्च की शुरुआत भी लगभग इसी दायरे में हो सकती है और पहले सप्ताह के बाद हल्की बढ़ोतरी की ही संभावना है। कंपनी के आंकड़े अनुसार पिछले वर्षों में कई बार फरवरी महीने में तापमान 30 तक नहीं पहुंचा। वर्ष 2013, 2014, 2015, 2019, 2020, 2022 और 2024 में फरवरी का तापमान 30 से नीचे ही रहा। हालांकि पिछले साल 26 फरवरी को 32.4 दर्ज किया गया था। इस बार 16 फरवरी 2026 को रिकॉर्ड हुआ 31.6 डिग्री ही महीने का सबसे अधिक तापमान रह सकता है। फरवरी के बचे दो दिनों में अधिकतम तापमान लगभग 31 डिग्री तक शायद ही पहुंचे जो सामान्य से 4-5 डिग्री अधिक रहेगा। कंपनी ने बताया कि तापमान में तेज बढ़ोतरी न होने के दो मुख्य कारण हैं। पिछले करीब 10 दिनों से पहाड़ों पर लगातार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहे हैं।



## स्मार्ट से सेंसिटिव दिल्ली की ओर: रेखा सरकार का सेवा और सुशासन का एक वर्ष

# अंतिम पंक्ति के चेहरे पर मुस्कान: पीएम मोदी के अंत्योदय विजन को साकार करती रेखा सरकार

## 'अटल कैंटीन' में 5 रुपए में स्वाभिमान के साथ भोजन

नई दिल्ली

"सबके साथ से हम सबके विकास के लिए संकल्पित हैं। पिछले 11 वर्ष जनकल्याण को समर्पित रहे। गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाना ही मेरी इष्ट-पूजा और मेरा प्रण है।"

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के इसी मन्त्र को आत्मसात करते हुए दिल्ली की वर्तमान सरकार के 365 दिन केवल कैलेंडर के पन्ने नहीं, बल्कि दिल्ली के आम आदमी के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों का एक जीवंत उदहारण हैं। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के विजन ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब नीति स्पष्ट और नीयत नेक हो, तो दशकों से लंबित कार्य भी पूर्ण होते है।






"आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मंत्र को आत्मसात करते हुए अटल कैंटीन सुनिश्चित करेगी कि दिल्ली में किसी को भूखा न रहना पड़े।"
रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली

## स्मार्ट सिटी से सेंसिटिव सिटी की ओर बढ़ती राजधानी

इस एक वर्ष में दिल्ली ने केवल इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास ही नहीं किया, बल्कि संवेदनशील और सिटीजन सेंट्रिक गवर्नेंस का उदाहरण भी पेश किया है। सरकार द्वारा झुग्गी बस्तियों के विकास के लिए 700 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है, जबकि मेट्रो विस्तार के लिए 5,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। साथ ही सार्वजनिक परिवहन और पर्यावरण संरक्षण को बेहतर करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

और इसी व्यापक दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है 'अटल कैंटीन', जहाँ विकास का केंद्र अंतिम पंक्ति में खड़े नागरिक—गरीब, मेहनतकश और श्रमिक वर्ग—को सुनिश्चित किया गया है। यह योजना दर्शाती है कि दिल्ली में विकास केवल संरचना तक सीमित नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के जीवन में सुधार और अवसर लाने की प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार ने दिखाया है कि दिल्ली केवल कंक्रीट का जंगल नहीं है, बल्कि यह एक संवेदनशील महानगर है जो अपने सबसे कमजोर नागरिक का भी ख्याल रखता है। भ्रष्टाचार के 'शीश महलों' के बजाय अब सरकारी खजाना जनता की भलाई और दिल्ली के बुनियादी ढांचे पर खर्च हो रहा है। यह एक वर्ष तो केवल शुरुआत है, अभी दिल्ली को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शहर बनाने का संकल्प बाकी है!

## अंत्योदय का उदय: 'अटल कैंटीन' से मिला सम्मान

दिल्ली सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में से एक है 'अटल कैंटीन' का शुभारंभ, जिसके द्वारा शहर के लाखों श्रमिकों को मात्र 5 में शुद्ध और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे गरीब और मेहनतकश वर्ग के जीवन में वास्तविक सुधार आया है। भ्रष्टाचार-मुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक कैंटीन में सीसीटीवी निगरानी और डिजिटल टोकन प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। दिल्ली सरकार ने 100 अटल कैंटीन स्थापित करने का लक्ष्य रखा है, जिनमें से 46 का संचालन पहले ही शुरू हो चुका है और शेष कैंटीन भी चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही हैं।

### हर थाली में सम्मान और पौष्टिकता

भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती पर दिल्ली में 'अटल कैंटीन' योजना का भव्य शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने स्वयं कैंटीन में भोजन कर नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा और पारदर्शिता का संदेश दिया। प्रत्येक कैंटीन का मेन्यू मानकीकृत है, जिसमें दाल-चावल, रोटी और सब्जियों जैसे पौष्टिक व्यंजन शामिल हैं। इन कैंटीनों में आधुनिक रसोई, एलपीजी आधारित खाना पकाने की व्यवस्था और औद्योगिक आरओ जल संयंत्र जैसी सुविधाएँ उपलब्ध की गई हैं।

पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल टोकन प्रणाली और सीसीटीवी निगरानी के साथ नियमित ऑडिट की व्यवस्था की गई है। भोजन और कच्चे माल की गुणवत्ता की जांच एफएसएसएआई और एनएबीएल-मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं द्वारा की जा रही है , ताकि दिल्ली के नागरिकों को हर दिन सुरक्षित, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा सके।



**कामगारों के लिए सम्मान की थाली**
1. 100 कैंटीन का लक्ष्य
2. 71 संचालित
3. 5 रुपए में पौष्टिक भोजन
4. डिजिटल पारदर्शिता और गुणवत्ता निगरानी

**सम्मान के साथ भोजन — वादा पूरा हुआ**
मात्र 5 रुपए में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना केवल राहत नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की रक्षा है।
हर थाली में: 1. ताज़ी रोटी, 2. दाल, 3. सब्ज़ी, 4. चावल 5. अचार
औसतन 700–800 कैलोरी और 20–25 ग्राम प्रोटीन के साथ यह थाली श्रमिकों को ऊर्जा देती है और गरिमा के साथ भोजन का अधिकार सुनिश्चित करती है। 5 रुपए का प्रतीकात्मक शुल्क यह संदेश देता है कि यह दान नहीं, बल्कि सम्मानपूर्वक सहयोग है।




DIP/Shabdarth/Advertorial/0149/25-26

## खबर संक्षेप

### 40 लाख की इंपोर्टेड सिगरेट जब्त, एक अरेस्ट

नई दिल्ली। नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की डीआईयू टीम ने 40 लाख कीमत की बड़ी मात्रा में तस्करी की हुई इम्पोर्टेड सिगरेट बरामद की है। इसके साथ एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। बरामद सिगरेट की बिना इजाजत बिक्री, खरीद, बनाने और बेचने की गतिविधियों पर रोक है। इनकी सप्लाई चेन में शामिल लोगों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए पुलिस आगे काम कर रही है। डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार एक सीक्रेट जानकारी मिली कि एक व्यक्ति टेंपो में भारी मात्रा में तस्करी की हुई इम्पोर्टेड सिगरेट लेकर खोया मंडी, कश्मीरी गेट में मौजूद है। टीम ने बताई गई जगह पर रेड की और संजय अग्रवाल (51) निवासी अंबाला, हरियाणा को पकड़ा। वहां खड़े एक टेंपो से 10 प्लास्टिक कट्टे मिले, जिनमें 30 कार्टन थे। इन कार्टन में तीन लाख इंपोर्टेड सिगरेट स्टिक थी। उन पर एस्से स्पेशल गोल्ड द लीडर्स सिग्नेचर सुपर स्लिम अमेरिकन ब्लेंड का ट्रेडमार्क था।

### अज्ञात लोगों ने सब्जी विक्रेता के घर पर की फायरिंग

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के फर्श बाजार इलाके में एक सब्जी विक्रेता के घर के बाहर कम से कम पांच अज्ञात लोगों ने गोलियां चलाई। पुलिस के अनुसार यह घटना मंगलवार देर रात हुई। घटना की सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर कई बार पोस्ट किया गया है। पुलिस ने बताया कि ओल्ड तेजाब मिल के पास गोलीबारी की सूचना मंगलवार देर रात करीब 1:30 बजे फर्श बाजार थाने को मिली। एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और पाया कि हमलावर फरार हो चुके थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति और स्कूटर पर सवार तीन व्यक्ति तालिब (29) पुत्र इकराम के घर पहुंचे। हमलावरों में से दो ने पिस्तौल निकालकर घर की ओर एक-एक गोली चलाई और फिर भाग गए।

## 'वरदान' फिल्म फेस्टिवल को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

# कला और सिनेमा के जरिए अंगदान के प्रति अलख जगाएगी दिल्ली सरकार: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है और यह जीवन के बाद भी जीवन देने का सबसे पवित्र माध्यम है। दिल्ली सरकार कला और फिल्मों के माध्यम से अंगदान के प्रति अलख जगाएगी। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दधीचि देहदान समिति द्वारा गुरुवार को आयोजित 'वरदान' फिल्म फेस्टिवल को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने दधीचि देहदान समिति द्वारा वर्षों से किए जा रहे जन-जागरूकता के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था के स्वयंसेवकों का समर्पण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कला और फिल्मों के माध्यम से इस विषय को जन-जन तक पहुंचाने का यह प्रयास निश्चित रूप से अंगदान को जनआंदोलन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंगदान केवल एक चिकित्सीय प्रक्रिया नहीं है, बल्कि किसी को नया जीवन देने का सबसे बड़ा उपहार है।

एक व्यक्ति का लिया गया संकल्प अनेक परिवारों के जीवन में आशा की नई किरण ला सकता है। इस फेस्टिवल में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, विश्वास नगर के विधायक ओम प्रकाश शर्मा, पद्मश्री अभिनेता मनोज जोशी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर, दधीचि देहदान समिति के संरक्षक आलोक कुमार, अध्यक्ष महेश पंत सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में नई सोच का संचार करते हैं और मानवता के प्रति सेवा एवं समर्पण की भावना को मजबूत करते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंगदान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान देश के लिए मार्गदर्शक है और इससे प्रेरणा लेकर अधिक से अधिक लोगों को इस कार्य से जुड़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर अंगदान के लिए नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (नोटो) कार्य कर रहा है। लेकिन दिल्ली में पहले इस तरह की कोई सुव्यवस्थित और आधिकारिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार ने स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) का गठन किया, जो अंगदान के इच्छुक लोगों के लिए सशक्त मंच के रूप में उभरा है। उन्होंने बताया कि सितंबर से अब तक 800 से अधिक लोग इस प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। लेकिन अब भी इस क्षेत्र में व्यापक जन-जागरूकता की आवश्यकता है।

### अंगदान के प्रति लोग स्वयं जागरूक बनें और समाज को करें जागरूक

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक बनें और समाज में भी जागरूकता फैलाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इस सेवा कार्य का हिस्सा बन सकें। कला और फिल्मों के माध्यम से इस विषय को जन-जन तक पहुंचाने का यह प्रयास निश्चित रूप से अंगदान को जन आंदोलन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### शिक्षण संस्थानों के विकास के लिए फंड की कमी नहीं होने दूंगा: सूद

नई दिल्ली। दिल्ली के शिक्षण संस्थानों के लिए फंड की कमी नहीं होने दूंगा और न ही शिक्षकों की गरिमा पर आंच आने दूंगा। यह बात गुरुवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने महाराजा अग्रसेन कॉलेज, वसुंधरा में नव-निर्मित स्टूडेंट फैसिलिटी सेंटर का उद्घाटन के अवसर पर कही। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री सूद ने इंडियन नॉलेज ट्रेडिशन सेंटर, स्पोर्ट्स फैसिलिटी लाउन्ज का शिलान्यास, मल्टीमीडिया सेमिनार हॉल तथा पांच स्मार्ट क्लासरूम तथा कॉलेज पुस्तकालय में आरएफआईडी सक्षम लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. बलराम पानी, डीन ऑफ कॉलेजेज, दिल्ली विश्वविद्यालय ने की। इस कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध, दिल्ली सरकार द्वारा पूर्णतः वित्तपोषित 12 महाविद्यालयों के प्राचार्यों का एक प्रतिनिधिमंडल भी उपस्थित था। प्रतिनिधिमंडल ने लंबे समय से लंबित मुद्दों के समाधान के लिए मंत्री का अभिनंदन एवं आभार भी व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि पिछले 10 वर्षों से इन महाविद्यालयों को सरकारी अनुदान से वंचित रहना पड़ा था, जिससे इन संस्थानों में फंड का गंभीर संकट हो गया था। सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक अवसंरचना, तकनीकी सशक्तिकरण एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट फैसिलिटी सेंटर विद्यार्थियों को एक समग्र एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगा, वहीं इंडियन नॉलेज ट्रेडिशन सेंटर भारतीय ज्ञान, संस्कृति एवं परंपराओं के अध्ययन एवं अनुसंधान को नई दिशा देगा।

### छात्र को क्रिप्टो सौदे का झांसा देकर पिस्तौल के बल पर लूटने वाले सात गिरफ्तार

नई दिल्ली। पश्चिम विहार में फर्जी क्रिप्टोकरेंसी सौदे का झांसा देकर एक कॉलेज छात्र को पिस्तौल के बल पर लूटने के आरोप में सात लोगों को बाहरी जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी अमित जैन (31) ने विदेशी व्यापार में भारी नुकसान झेलने के बाद सोशल मीडिया पर फर्जी पेज बनाए थे। पुलिस ने आरोपियों से 1.45 लाख रुपये नकद, तीन कारतूस, एक पिस्तौल, एक कार, एक मोटरसाइकिल, एक स्कूटर, एक लैपटॉप और 11 मोबाइल फोन जब्त किये हैं। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता द्वारका के एक सरकारी कॉलेज में बी.टेक का छात्र है और उसे हाल में दो लाख रुपये की छात्रवृत्ति मिली थी। उसने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने की योजना बनाई थी। उसने रियायती दरों पर यूएसडीटी उपलब्ध कराने वाले एक सोशल मीडिया अकाउंट से संपर्क किया। इसके बाद उसकी मुलाकात तय हुई। 22 फरवरी को छात्र पश्चिम विहार इलाके में रकम लेकर पहुंचा। इसके बाद आरोपियों ने पिस्तौल के बल पर उसके साथ लूटपाट की। पश्चिम विहार पूर्व मेट्रो स्टेशन के पास वारदात हुई। छात्र से 1.83 लाख रुपये की लूट के संबंध में पश्चिम विहार पूर्व थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने कहा कि जब वह दो दोस्तों के साथ घटनास्थल पर पहुंचा तो आरोपियों में से एक कथित तौर पर उसकी कार में घुस गया और अपनी पिस्तौल निकाल ली। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसके पांच से छह साथियों ने कार को पूरी तरह से घेर लिया था। लूटपाट के बाद आरोपी फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया, जिसके बाद मंगलवार को नरेला, रोहिणी और सदर बाजार इलाकों से सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# किसी भी कीमत पर बिकने नहीं दिया जाएगा मिलावटी सामान: पंकज

## जांच के लिए 66 फूड सैंपल किए गए एकत्रित, दालों और त्योहारों से संबंधित फूड आइटम पर विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



त्योहारी सीजन और होली से पहले दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली में किसी भी सूरत में मिलावटी मिठाई या खाने-पीने की चीजें नहीं बिकने दी जाएंगी।

उधर दिल्ली सरकार के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर राजधानी दिल्ली में सघन एनफोर्समेंट ड्राइव चलाते हुए कुल 66 फूड सैंपल उठाए गए, जिनमें 54 सर्विलांस सैंपल और 12 लीगल सैंपल शामिल थे, ताकि निर्धारित फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके और जहां भी जरूरत हो आवश्यक एक्शन लिया जा सके।

खाने की चीजों की कैटेगरी के हिसाब से इकट्ठा किए गए सैंपल में प्रिपेयर्ड फूड के तहत 16 सैंपल (9 सर्विलांस और 7 लीगल), नमक, मसाले, सूप, सॉस, सलाद और प्रोटीन प्रोडक्ट के तहत 18 सैंपल (17 सर्विलांस और 1 लीगल), 17 सैंपल जिसमें दालें, अनाज और उनसे जुड़ी चीज़ें शामिल हैं (13 सर्विलांस और 4 लीगल), फैट, तेल और फैट इमल्शन के तहत 11 सर्विलांस सैंपल और डेयरी प्रोडक्ट और एनालॉग के तहत 4 सर्विलांस सैंपल शामिल हैं। दालों और उनसे जुड़े प्रोडक्ट पर विशेष जोर दिया गया है, क्योंकि इनका नियमित रूप से इस्तेमाल होता है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज ने अधिकारियों को दिल्ली के बॉर्डर और आस-पास के इलाकों में कड़ी निगरानी करने का निर्देश दिया है, जहां से पनीर और खोया राजधानी दिल्ली में लाया जाता है। दिल्ली में मिलावटी खाने की चीजों की नियमित जांच करने के लिए दिल्ली के सभी एंट्री पॉइंट्स पर भी सघन निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों की हेल्थ और सेफ्टी हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

### दिल्ली की खोया मंडियों और पनीर मंडियों में स्पेशल इंस्पेक्शन टीमें तैनात

मंत्री डॉ. पंकज ने बताया कि डेयरी प्रोडक्ट्स की क्वालिटी और सेफ्टी स्टैंडर्ड की जांच के लिए दिल्ली की बड़ी खोया मंडियों और पनीर मंडियों में स्पेशल इंस्पेक्शन टीमें तैनात की गईं और साथ ही सैंपल इकट्ठा किए गए हैं, जहां कहीं भी नियम का उल्लंघन पाए गए, वहां सख्त कार्रवाई शुरू की गई। मंत्री ने निर्देश दिया है कि इंस्पेक्शन की टीमें नियमित रूप से इन मंडियों में डेयरी एवं अन्य खाद्य प्रोडक्ट की नियमित जांच करें। मंत्री डॉ. पंकज ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि वे इंस्पेक्शन सिर्फ ऑर्गनाइज़्ड मंडियों तक ही सीमित नहीं रखें।

# जंतर-मंतर प्रदर्शन की अनुमति न देना लोकतंत्र की हत्या: यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानू चिब और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने पर केंद्र सरकार के इशारे पर युवा कांग्रेस को पुलिस ने जंतर मंतर पर धरना, प्रदर्शन की परमिशन ना देना, सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या है।

यादव ने कहा कि सरकार समझ ले कि जब तक युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानू चिब व अन्य की रिहाई नहीं होगी तब तक हमारा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। बेशक सरकार प्रदर्शन की इजाजत दे या न दे। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे है। हमें उनके नेतृत्व में एकजुट होकर इस लड़ाई को जिंदा रखते हुए पीएम को उनके तरीके से जबाव देंगे। यादव गुरूवार को रायसीना रोड़ स्थित युवक कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ताजुब की बात है कि युवा कांग्रेस मुख्यालय के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों में मुझ सहित अन्य कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में जाफरपुर पुलिस स्टेशन भेज दिया। यह लोकतंत्र की हत्या है, जहां अपनी शांतिपूर्ण तरीके से भी अपनी आवाज उठाने का हक नहीं है। यादव ने कहा कि देश में ऐसी सरकार है जो लगातार लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रही है।

### गैंगस्टर कपिल सांगवान के सहयोगी की अंतरिम और नियमित जमानत अर्जी खारिज

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच द्वारा मकोका केस में गिरफ्तार अमरजीत लोचब की अंतरिम और नियमित जमानत की याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। अमरजीत ने बेटे की बीमारी का हवाला देते हुये जमानत की मांग की थी। पुलिस के अनुसार अमरजीत के खिलाफ 2024 में मकोका के तहत केस दर्ज हुआ था। आरोपी कपिल सांगवान उर्फ नंदू का साथी है। इसने अपने एम्स में भर्ती बेटे के मेडिकल ट्रीटमेंट के आधार पर कोर्ट में अंतरिम जमानत के लिए एप्लीकेशन फाइल की थी। आरोपी ने मेरिट के आधार पर नियमित जमानत के लिए भी एप्लीकेशन फाइल की थी। मामले की लंबी सुनवाई हुई और चार तारीखों व सुनवाई के राउंड के बाद विशाल गोगने, स्पेशल जज, सीबीआई, राउज एवेन्यू कोर्ट ने अमरजीत लोचब की दोनों जमानत एप्लीकेशन दोनों को खारिज कर दिया।

### विजेंद्र गुप्ता ने 'सेरु' पहल के तहत लद्दाख के छात्रों के साथ किया संवाद

नई दिल्ली। जब लद्दाख और हमारे देश के अन्य क्षेत्रों के छात्र सेरु पहल के तहत लोकतांत्रिक संस्थानों का दौरा करते हैं, तो वे केवल भौगोलिक दूरियां तय नहीं करते, बल्कि राष्ट्रीय एकता के जीवंत बंधन को मजबूत करते हैं। इस तरह के आदान-प्रदान एक आत्मविश्वासी और एकीकृत भारत की नींव हैं। यह विचार दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश और विभिन्न अन्य क्षेत्रों के छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ संवाद सत्र के दौरान व्यक्त किए। इस दौरे का आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा 'स्टूडेंट्स एक्सपीरियंस इन रीजनल अंडरस्टैंडिंग' (सेरू) पहल के तहत किया गया था। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि इस ऐतिहासिक संस्थान का दौरा केवल औपचारिक नहीं था। उन्होंने कहा कि यह युवा नागरिकों के लिए संवाद, जवाबदेही और जनसेवा पर आधारित लोकतांत्रिक प्रणाली के कामकाज को देखने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि इन दीवारों के भीतर, संविधान के अनुरूप नीतियां बनाई जाती हैं और जनता की समस्याओं को उठाया जाता है।

### एआई समिट प्रदर्शन: दिल्ली पुलिस तीन आरोपियों के साथ शिमला से लौटी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की एक टीम बृहस्पतिवार सुबह युवा कांग्रेस के तीन कार्यकर्ताओं को लेकर राष्ट्रीय राजधानी लौट आई। इन पर पिछले सप्ताह 'एआई इम्पैक्ट समिट' में कमीज उतार कर विरोध प्रदर्शन का आरोप है। इस प्रदर्शन के सिलसिले में पहले भी कई युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। इससे पहले बुधवार रात इनकी गिरफ्तारी को लेकर दिल्ली और शिमला पुलिस के बीच टकराव भी देखने को मिला था। तीनों आरोपी सौरभ, सिद्धार्थ और अरबाज को आगे की कार्यवाही और पुलिस हिरासत के लिए दिल्ली की अदालत में पेश किया गया। दिल्ली पुलिस की तरफ से पांच दिन के रिमांड की मांग की गई थी। लेकिन अदालत ने केवल तीन दिन की रिमांड ही स्वीकृत की है। भारत मंडपम में हुए विरोध प्रदर्शन को लेकर 20 फरवरी को दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में दिल्ली पुलिस द्वारा शिमला जिले के रोहरू इलाके के एक होटल से तीनों आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया। इसके बाद दोनों राज्यों की पुलिस टीमों के बीच टकराव शुरू हो गया था। जहां दिल्ली पुलिस ने यह दावा किया कि उन्होंने शिमला की एक स्थानीय अदालत से वैध ट्रांजिट हिरासत हासिल कर ली थी, वहीं हिमाचल प्रदेश पुलिस ने प्रक्रियात्मक खामियों का आरोप लगाते हुए दिल्ली पुलिस के कर्मियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया।

### ईडी की फर्जी छापेमारी केस में घरेलू सहायिका अपनी भाभी संग अरेस्ट

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कालोनी इलाके में अपने मालिक के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की फर्जी छापेमारी की साजिश रचने के आरोप में एक घरेलू सहायिका सहित दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से सात महंगी घड़ियां, एक पिस्टल, डिप्टी कमांडेंट की एक नकली वर्दी के साथ एक फर्जी पहचान पत्र जब्त किया गया है।
पुलिस के अनुसार 13 फरवरी को न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में एक शिकायत मिली जिसमें शिकायतकर्ता ने कहा कि एक दिन पहले सुबह लगभग 10 बजे पुलिस की वर्दी पहने तीन अनजान लोग जबरदस्ती उसके डी-903 स्थित घर में घुस आए। दावा किया कि उन्हें एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट ने सर्च करने के लिए ऑथराइज्ड किया है। उन्होंने कोई भी सर्च वारंट, ऑथराइजेशन लेटर या पहचान का सबूत दिखाने से मना कर दिया। आरोपियों ने उन्हें धमकाया। उनके मोबाइल फोन छीन लिए और उन्हें बंद कर दिया। इस तरह गलत तरीके से उन्हें कोई भी कॉल करने या मदद मांगने से रोक दिया गया था।

## हिंसक झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल

# जेएनयू कैंपस में छात्रों का बवाल, गेट का ताला तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




जेएनयू कैंपस में गुरुवार को लेफ्ट विंग के छात्रों ने जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें कैंपस के गेट से बाहर निकलने से रोका तो प्रदर्शनकारी छात्र हिंसक हो गये। इस दौरान कई पुलिसकर्मियों को चोंटे आई। पुलिस को छात्र संघ अध्यक्ष अदिति मिश्रा समेत आधा दर्जन छात्रों को हिरासत में लेना पड़ा। स्थिति को देखते हुये कैंपस के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। छात्रों के हाथों में बैनर थे जिन पर लिखा था कि जातिवादी वीसी को तुरंत बर्खास्त करों और रोहित एक्ट की तर्ज पर यूजीसी की गाइडलाइन लागू करों।

पुलिस ने बताया कि जेएनयू स्टूडेंट यूनियन ने कैंपस से शिक्षा मंत्रालय तक लॉन्ग मार्च का आह्वान किया था। उन्हें बताया गया था कि जेएनयू एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से इस तरह के विरोध प्रदर्शन की इजाजत नहीं है, इसलिए वे खुद को कैंपस तक ही सीमित रखें। बातचीत और कैंपस के बाहर विरोध न करने की रिक्वेस्ट के बाद भी, लगभग 400-500 स्टूडेंट इकट्ठा हुए और दोपहर करीब 3:20 बजे विरोध मार्च निकाला। छात्रों का हुजूम मेन गेट से निकला और बाहर मार्च करने लगा। बैरिकेड्स को नुकसान पहुंचाया गया और विरोध हिंसक हो गया। छात्रों ने बैनर, डंडे और जूते फेंके। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस वालों को दांत से काटकर मारपीट भी की। नतीजतन विरोध प्रदर्शन के दौरान कई पुलिस वाले घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों को कैंपस के नॉर्थ गेट पर रोक दिया गया और उन पर रोक लगा दी गई। धीरे-धीरे उन्हें कैंपस के अंदर ले जाया गया। उन प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया, जो हिंसक हो गए थे और कानूनी आदेशों का पालन नहीं कर रहे थे।

### क्या है पूरा विवाद?

दरअसल, विवाद 16 फरवरी को रिलीज हुए एक पॉडकास्ट से शुरू हुआ। इसमें वीसी शांतिश्री यूजीसी के '2026 इक्विटी (एंटी-डिस्क्रीमिनेशन) रेगुलेशन' पर चर्चा कर रही थी। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि इसे काफी सीक्रेट तरीके से किया गया। यहां तक कि हमें भी पता नहीं चला कि इसमें क्या लिखा गया है। आप किसी एक ग्रुप को पावर देकर और दूसरे को न्याय देने से इनकार नहीं कर सकते हैं। वीसी के बयान के बाद जेएनयू छात्र संघ ने इस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है। छात्रों का कहना है कि वीसी की यह बातें उनकी जातिवादी मानसिकता को दर्शाती हैं। छात्र संघ यूजीसी के नियम व शर्तें लागू करने की मांग कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### शिष्टमंडल ने उप श्रम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

**फरीदाबाद।** सैक्टर-24 के सामने मुजेसर कालका स्टील एवं मेटल शॉप में 16 फरवरी को हुए



अग्निकांड के मुद्दे को लेकर सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का शिष्टमंडल उप श्रम आयुक्त से उनके कार्यालय में मिला और उनको सीटू की तरफ से एक भी ज्ञापन सौंपा गया। उप श्रम आयुक्त ने शिष्टमंडल को बताया कि इसमें कुल 16 श्रमिक आहत हुए थे। विभाग की तरफ से इन्हें मुआवजा देने के लिए कार्रवाई की जा रही है। इस अग्निकांड में कुल 35 लोग झुलसे थे। जिसमें फैक्ट्री का मालिक और उसका बेटा भी शामिल था। अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। जिसमें फैक्ट्री के मालिक का बेटा भी शामिल है।

### थाना धौज की टीम ने तीसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** बीते 10 जनवरी को बिजली विभाग की टीम गांव आलमपुर में बिजली चोरी की जांच



करने पहुंची थी। जब टीम जांच के लिए जावेद के घर गई, तो वहां पर काफी लोग एकत्रित हो गए। जहां पर जावेद, उसके पिता व चाचा ने बिजली कर्मियों को घेर लिया तथा उनके साथ मारपीट की। जिस संबंध में थाना धौज में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया गया कि थाना धौज की टीम ने कार्रवाई करते हुए फारुख निवासी गांव आलमपुर फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि फारुख, जावेद का चाचा है। जब बिजली विभाग की टीम जावेद के घर बिजली चोरी पकडने पहुंची, तो फारुख ने अपने भतीजे जावेद व भाई सक्लेन के साथ मिलकर टीम को घेर लिया और उनके साथ मारपीट की।

**पुरानी पेंशन बहाल करने सैकड़ों कर्मचारियों ने मुख्यालय पर प्रदर्शन किया**

# अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फैडरेशन के आह्वान पर राष्ट्रीय मांग दिवस पर जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फैडरेशन के आह्वान पर राष्ट्रीय मांग दिवस मनाते हुए जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाल करने संविदा एवं अन्य प्रकार के हरियाणा कौशल रोजगार निगम सहित सभी तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को पक्का करने रिक्त पदों पर नियम अनुसार नियमित भर्ती करने, इनकम टैक्स की रेंज बढ़ाने, आठवां वेतन आयोग का लाभ देने, सेवानिवृत कर्मचारियों को 70, 75, 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर पेंशन वृद्धि करने, मजदूर कर्मचारी विरोधी 4 श्रम संहिताओं को समाप्त करने सहित अन्य राष्ट्रीय एवं राज्य सरकार की मांगो पूरा करवाने के लिए कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर उपायुक्त के प्रतिनिधि तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर मुख्य सचिव के नाम भेजा मांग पत्र।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की संबंधित विभागीय यूनियनों एवं ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा द्वारा संयुक्त रूप से आज जिला उपायुक्त कार्यालय पर सैकड़ो कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला वरिष्ठ प्रधान जगदीश, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के नेता देवी राम, रिटायर्ड कर्मचारी नेता आशा शर्मा, पार्ट टाइम कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान तेजराम ने सयुक्त रूप से की। जबकि मंच का संचालन नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के जिला सचिव अनिल चिंडालिया ने किया।

ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति ने भी उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर सफाई कर्मचारियों की पक्की भर्ती करने, ठेका प्रथा समाप्त कर कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपए करने आबादी के अनुपात में नए पद सृजित करने व अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की है।

**सम्मेलन में महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तुत चर्चा की**

## नगर निगम फरीदाबाद के प्रतिनिधिमंडल ने भारत मंडपम में आयोजित सम्मेलन में लिया भागः मेयर प्रवीण बत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



नगर निगम फरीदाबाद के स्वच्छता शाखा के अधिकारियों ने 25 से 27 फरवरी 2026 तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 18वें म्युनिसिपालिका प्रदर्शनी एवं सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने निगम अधिकारियों एवं पार्षदगण और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ सम्मेलन में सहभागिता की।

सम्मेलन का मुख्य विषय सुरक्षित, स्मार्ट एवं सतत शहर समाधान रहा, जिसमें शहरी विकास और स्वच्छता प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। महापौर प्रवीण बत्रा जोशी के साथ निगम के जॉइंट कमिश्नर असवीर सिंह (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट) सहित अन्य अधिकारियों ने सम्मेलन के उपरांत आयोजित प्रदर्शनी का भी भ्रमण किया। 26 फरवरी 2026 को आयोजित विभिन्न तकनीकी सत्रों में प्रतिनिधिमंडल ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इन सत्रों में सर्कुलर इकोनॉमी, कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट, सैनिटेशन, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं रिसोर्स रिकवरी जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक तकनीकों, नवाचारों एवं शहरी स्वच्छता प्रबंधन के प्रभावी मॉडलों पर विस्तार से जानकारी साझा की गई। नगर निगम प्रशासन का उद्देश्य इन प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से नवीनतम तकनीकी ज्ञान एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को अपनाकर फरीदाबाद की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी आधुनिक एवं सुदृढ़ बनाना है।

अधिकारियों द्वारा प्राप्त अनुभवों एवं सुझावों को शहर में लागू कर स्वच्छता सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित किया जाएगा। नगर निगम फरीदाबाद स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुव्यवस्थित शहर के निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में उठाए जा रहे प्रयास निश्चित रूप से शहरवासियों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे।

**शेष 6 गाड़ियां भी जल्द ही निगम को मिलेगी**

## निगम के बेड़े मे चार नए वाहन हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद के मुख्यालय में आज चार नई गाड़ियों को बेड़े में शामिल किया गया। ये गाड़ियां निगम अधिकारियों के आवागमन एवं प्रशासनिक कार्यो की सुगमता के लिए खरीदी गई हैं।

जानकारी देते हुए निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि सरकार के नियमों के अनुसार निगम की कुछ पुरानी गाड़ियां कंडम घोषित हो चुकी थीं। उनकी एवज में निगम द्वारा अब अपनी नई गाड़ियों की खरीद की गई है, ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने बताया कि निगम में लगभग 10 गाड़ियों को कंडम किया गया है, जिनमें से 4 नई गाड़ियां आज निगम को प्राप्त हो चुकी हैं, जबकि शेष 6 गाड़िया भी शीघ्र ही निगम को मिल जाएंगी। निगम आयुक्त ने यह भी कहा कि भविष्य में निगम के बेड़े में और गाड़ियां शामिल की जाएंगी तथा एजेंसी के माध्यम से ली जाने वाली गाड़ियों की व्यवस्था को धीरे-धीरे समाप्त किया जाएगा।

## रॉन्ग साइड वाहन चालकों के चालान और इंपाउंड की प्रक्रिया करें सुनिश्चितः डीसी

**बी के सिविल अस्पताल के सामने अवैध वाहन हटाने और 24 घंटे ड्यूटी लगाने के दिए आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




उपायुक्त आयुष सिंहा की अध्यक्षता में आज वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित सभागार कक्ष में रोड सेफ्टी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान, डेथ ऑडिट, रोड सेफ्टी ऑडिट तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुधारात्मक कदम उठाने पर विस्तृत चर्चा की गई। डीसी आयुष सिन्हा ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर उन्होंने रॉन्ग साइड वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया, जिसमें चालान बढ़ाने और वाहनों को इंपाउंड करने की प्रक्रिया शामिल है, ताकि इस मार्ग पर किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना या सुरक्षा इश्यू न उत्पन्न हो। गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड के लिए उन्होंने रोड मार्किंग और लाइटिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा बनी रहे। उन्होंने एफएमडीए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की सडक़ सुरक्षा और सौंदर्य को ध्यान में रखते हुए नहर पार के सभी पैच वर्क को 10 से 15 दिनों के भीतर पूरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीसी आयुष सिन्हा ने बी के सिविल अस्पताल के सामने अवैध रूप से खड़े वाहनों और ऑटो को इंपाउंड करने और चालान करने के आदेश दिए। इसके लिए 24 घंटे ड्यूटी लगाने का निर्देश भी दिया।

**गर्भवती महिलाओं के लिए 45 दिन तक निःशुल्क एंबुलेंस सुविधा**

## फरीदाबाद शहरी क्षेत्र में 14 यूपीएचसी पर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्धः डॉ आहूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जयंत आहूजा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला फरीदाबाद शहरी क्षेत्र में नागरिकों को सुलभ, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से कुल 1 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित किए जा रहे हैं।

आमजन अपने निवास स्थान के निकट स्थित यूपीएचसी पर जाकर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का निःशुल्क लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं यूएएएम केंद्रों का सेवा समय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किया गया है। सभी केंद्र सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक संचालित रहते हैं, जबकि शनिवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

## नकल करने या कराने वालों के खिलाफ कड़े कानूनी प्रावधानों के तहत होगी कार्रवाई

**डीसी ने विभिन्न टीमों की निरीक्षण रिपोर्टों की जांच की**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं के नकल-मुक्त और निष्पक्ष आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त आयुष सिन्हा ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया।

डीसी आयुष सिंहा ने परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की एंट्री प्रक्रिया, फ्रिस्किंग और सुरक्षा प्रबंधों के साथ साथ किसी भी अनियमित गतिविधि की संभावना को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं जानकारी ली। उन्होंने सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों की बैठने की व्यवस्था, परीक्षा देने की प्रक्रिया तथा अनुशासन की स्थिति का जायजा लिया। डीसी ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीसी ने विभिन्न टीमों की निरीक्षण रिपोर्टों की जांच की।

**मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स पत्रकारों के कल्याण के लिए निरंतर कार्यरत**

## पत्रकारिता को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का संवैधानिक दर्जा मिले : मनोज गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राठी के निर्देशानुसार मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स, जिला गुरुग्राम की एक महत्वपूर्ण बैठक वीरवार को आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज गोयल गुडियानिया, प्रदेश अध्यक्ष कासिम खान, प्रदेश कोषाध्यक्ष उमेश गर्ग की उपस्थिति रही, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कौशिक ने की। बैठक संस्था के आपका सिटी प्लाजा स्थित जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई।

बैठक का शुभारंभ जिला कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित पत्रकार साथियों के स्वागत से किया गया। इसके पश्चात संस्था की आगामी गतिविधियों एवं पत्रकारों के कल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज गोयल गुडियानिया ने सरकार से पत्रकारिता को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में संवैधानिक दर्जा प्रदान करने की मांग प्रमुखता से उठाई। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जिला अध्यक्षों के नेतृत्व में जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्रकारों की विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष कासिम खान ने कहा कि मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स पत्रकारों के अधिकारों और कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने अधिक से अधिक पत्रकार साथियों से संस्था से जुड़ने का आह्वान करते हुए बताया कि जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बैठक में गुरुग्राम में मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स के तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा गया।

### अब हिंदी में प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराएगा पीएडीआई

**गुरुग्राम।** दुनिया के प्रमुख डाइविंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन, प्रोफेशनल एसोसिएशन ऑफ डाइविंग इंस्ट्रक्टर्स ने ऐलान किया है कि विश्वभर में मान्यता प्राप्त उसका प्रोफेशनल एसोसिएशन ऑफ डाइविंग इंस्ट्रक्टर्स ओपन वॉटर डाइवर कोर्स अब हिंदी ई-लर्निंग में भी उपलब्ध है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि समुद्र की दुनिया को जानने की इच्छा रखने वाले भारतीयों के लिए भाषा अब बाधा न बने। भारत की लंबी समुद्री तटरेखा और एडवेंचर टूरिज्म में बढ़ती दिलचस्पी के चलते स्कूबा डाइविंग तेजी से लोकप्रिय हो रही है। अंडमान द्वीप, लक्षद्वीप, गोवा और पुडुचेरी जैसे स्थानों पर समुद्र के भीतर का अनुभव लेने वाले घरेलू पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी मधु पत्नीः कुलदीप, पताः** डीडीए फ्लैट न. 21 C-10-G-R बावाना नरेला दिल्ली **FIR No. 95/2022, U/S: 411/34 IPC, पुलिस थानाः हज़रत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मधु,** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मधु,** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मधु, FIR No. 95/2022, U/S: 411/34 IPC, पुलिस थानाः हज़रत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.03.2026** को या उससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**

**रंगत घीरा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–04**
**(केंद्रीय) कमरा नं.: 37**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/2427/Rly/2026
(Court Matter)

## संयोजक ने कहा-सनातन विरोधी शक्तियां हिंदुओं के लिए अभिशाप सिद्ध होगी

**महाराणा प्रताप भवन में अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत की**

## यूजीसी बिल लाकर मोदी सरकार ने सनातन विरोधी कार्य कियाः बृजभूषण सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



देव सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय सनातन फेडरेशन के राष्ट्रीय संयोजक बृजभूषण सैनी ने कहा यूजीसी बिल को लागू करके मोदी सरकार ने सनातन विरोधी कार्य किया है। इस बिल को वापस करने के लिए सभी लोग 8 मार्च को जंतर मंतर पहुंचे। वे आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए सेक्टर 8 के महाराणा प्रताप भवन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा हिंदू समाज ने मोदी सरकार पर विश्वास करके उनको तीन बार सत्ता सौंप दी। लेकिन गौ हत्या आज तक बंद नहीं हुई। जनसंख्या नियंत्रण लागू नहीं हुआ। कॉमन सिविल कोड लागू नहीं हुआ। लव जिहाद बंद नहीं हुआ।

लव जिहाद की शिकार हुई पीड़ित बेटी को वापस लेने के लिए कोई कानून नहीं बना। लेकिन मोदी सरकार ने यूजीसी बिल बनाकर हिंदुओं को बांटने का काम कर दिया। हिंदुओं को आपस में लड़ाने का काम कर दिया इस बिल के लागू होने से हिंदू समाज में आपस में टकराव होगा और वह एक-दूसरे से लड़कर कमजोर हो जाएंगे। ऐसे में सनातन विरोधी शक्तियां हिंदुओं के लिए अभिशाप सिद्ध होगी। मोदी सरकार ने वह कार्य कर दिया जो आज तक मुगल नहीं कर पाए हिंदुओं को बांटकर उन्होंने हिंदुओं को कमजोर करने का कार्य किया है जबकि उम्मीद यह थी कि वह हिंदुओं को एकजुट और मजबूत करेगी जिससे भारत सनातन राष्ट्र बनेगा। उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा हिंदुओं पर आपस में कोई मतभेद नहीं है और ना ही इस बिल के लाने की कोई आवश्यकता थी लेकिन अब समाज के सभी लोगों को आगे बढ़कर इस बिल का विरोध करना चाहिए तभी सरकार इस बिल को वापस लेगी। सभी लोग घरों से निकलकर 8 मार्च को दोपहर 12 बजे जंतर मंतर पहुंचे। नव युवा शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय सनातन फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव कृष्णा त्यागी ने कहा मोदी सरकार से ऐसी उम्मीद नहीं थी उन्होंने हिंदुओं को कमजोर करने का कार्य किया है हमारा संघर्ष मोदी सरकार से है किसी जाति विशेष से नहीं है मोदी सरकार यूजीसी बिल को रद्द करके हिंदुओं को एकजुट करने का कार्य करें वरना हिंदू नाराज हो गया तो उनकी सत्ता बहुत समय तक नहीं रहेगी।

काफी समय से मोदी सरकार ने हिंदू संगठनों और हिंदू योद्धाओं पर मुकदमे भी दर्ज कराए हैं उन्होंने जेल भेजने का भी कार्य किया है। राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा हिंदुओं में भाईचारा पैदा करें।

**अवैध कालोनी व निर्माण ध्वस्त**

## हमतुम रोड़ व मोरटा इंडस्ट्रियल एरिया में चला जीडीए का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए का बुलडोजर गुरुवार को ग्राम मोरटा हमतुम रोड़ व मोरटा इंडस्ट्रियल एरिया, मेरठ रोड़ व एनडीआरएफ सदरपुर रोड़ पर बालाजी एन्कलेव में चला। यहां पर अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को दोस्त कर दिया गया। साथ ही कई अवैध निर्माणों को सील भी किया गया। अपर सचिव पीके सिंह ने बताया कि आज प्रभारी प्रवर्तन जोन-01 के नेतृत्व क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम मोरटा हमतुम रोड पर सचिन चौधरी द्वारा लगभग 8 बीघा, मनोज त्यागी आदि द्वारा लगभग 20 बीघा एवं सनी शर्मा द्वारा ग्राम सिकरोड नियर खेतान पब्लिक स्कूल गाजियाबाद पर लगभग 5 बीघा भूमि क्षेत्रफल में काटी जा रही अनाधिकृत कालोनी की सड़क, बाउंड्रीवाल एवं बिजली के खंबों के साथ-साथ सनी शर्मा द्वारा स्थल पर निर्मित सीवर टैंक को ध्वस्त कर दिया गया। उपरोक्त अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा बनाई गई सड़क बाउण्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस, आदि को ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा / प्रभारी प्रवर्तन जोन-03 के नेतृत्व में मोरटा इंडस्ट्रियल एरिया, मेरठ रोड़ व एनडीआरएफ सदरपुर रोड़ पर बालाजी एन्कलेव के निकट किये जा रहे अनाधिकृत निर्माणों पर ध्वस्तीकरण व सील बन्द की कार्यवाही की गई।

**कार्यालय, नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
E-mail-npkharora@gmail.com

क्रमांक / 3143/न.पं./ लो.नि.वि./ 2025-26 — खरोरा, दिनांक 25.02.2026

**// षष्ठम ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

नगर पंचायत खरोरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 186183 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat kharora under SBM 2.0 (6 th Call) | 187.55 | 09-03-2026 (Time 9.00 PM) |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाऊनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत खरोरा**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रू.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा | बीपीएसएमवी, खानपुर कलां के लिए यूनिवर्सिटी सेंट्रल स्टोर हेतु स्टेशनरी मदों की खरीद/मुद्रण के लिए निविदा सूचना। | 25.02.2026 12.03.2026 | रु.5,58,750/- | https://etenders.hry.nic.in | 1263282346 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/43387/I/88/7 दि. 26.02.26

## खबर संक्षेप

### एनडीए के खिलाफ रास प्रत्याशी देंगे तेजस्वी यादव

**पटना।** बिहार में 5 सीटों पर होने वाला राज्यसभा का चुनाव रोचक हो गया है। आरजेडी के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने राज्यसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है।



उन्होंने कहा कि वह एनडीए के सामने अपना कैंडिडेट उतारेंगे। तेजस्वी ने यह भी दावा किया है कि उनके (महागठबंधन) के पास पर्याप्त संख्याबल है। ऐसे में अब राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान के समय क्रॉस वोटिंग की आशंका बढ़ गई है।

### लखनऊ में होली पर लागू होगा नया ट्रैफिक प्लान

**लखनऊ।** होली पर लखनऊ के बजारों में ग्राहकों की सुविधा के लिए नया ट्रैफिक प्लान लागू किया जाएगा। प्लान बाजारों में ट्रैफिक जाम से राहत देने की तैयारी है।



क्योंकि चंद्रनगर, अमीनाबाद, चौक, भूतनाथ, विकासनगर, डंडईयां महानगर, नक्खास आदि बाजारों के व्यापारियों ने बाजारों में ट्रैफिक जाम कम करने और ग्राहकों की संख्या बढ़ाने के लिए पार्किंग समेत कई बिंदुओं पर ब्लूप्रिंट यातायात विभाग को सौंपा है।

### मनी लॉन्ड्रिंग में पूर्व मंत्री के परिवार को राहत नहीं



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आर. मुखोपाध्याय की अदालत ने मनी लाउंड्रिंग केस में आरोपी पूर्व मंत्री कमलेश सिंह के पुत्र सूर्य सोनल सिंह, पुत्री अंकिता सिंह और दामाद नरेंद्र मोहन सिंह को राहत देने वाली याचिका खारिज कर दी।

## पेज एक का शेष

### इजरायल में भी मचेगी...

हस्ताक्षर किए जाएंगे। साथ ही अब वो दिन दूर नहीं जब भारत का यूपीआई इजरायल में चलेगा। इसे लेकर दोनों देशों के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच कुल 17 एमओयू-समझौते हुए। जबकि 10 अन्य जरूरी घोषणाएं भी की गई हैं। यह जानकारी बैठक के बाद विदेश मंत्रालय द्वारा जारी किए गए कुछ बयानों के जरिए मिली है। यहां बता दें कि पीएम मोदी बीते बुधवार से इजरायल की दो दिनी यात्रा पर हैं। जिसमें उनका इजरायल पहुंचने पर राजधानी तेल अवीव में बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपनी पत्नी सारा के साथ पहुंचकर विशेष रूप से स्वागत किया था। पीएम ने इजरायल की संसद केनेस्सेट में अपना पहला ऐतिहासिक भाषण भी दिया और उसके बाद उन्हें 'स्पीकर ऑफ द केनेस्सेट मेडल' से भी सम्मानित किया गया।

**सह-उत्पादन, विकास से बढ़ेगा रक्षा क्षेत्र :** रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों का दशकों पुराना भरोसेमंद सहयोग रहा है। 2025 में हुए एमओयू से इसमें नए आयाम जुड़ेंगे। दोनों मिलकर संयुक्त विकास, उत्पादन और तकनीक हस्तांतरण (टीओटी) की दिशा में आगे बढ़ेंगे। भारत, इजरायल नागरिक परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष के क्षेत्रों में भी सहयोग को बढ़ाएंगे। हमारे बीच कृषि सहयोग का लंबा-सफल इतिहास रहा है। अब हमने इसे भावी दिशा देने का निर्णय किया है। दोनों देश मिलकर भविष्य के कृषि समाधानों को साथ मिलकर विकसित करेंगे। जिसमें भारत में इंडिया-इजरायल इनोवेशन सेंटर फार एग्रीकल्चर की स्थापना सहयोग के इस क्षेत्र का मजबूत आधार बनेगी। इजरायली सहयोग से देश में बने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की संख्या को बढ़ाकर 100 किए जाने का लक्ष्य रखा है। दोनों विलेज ऑफ एक्सीलेंस बनाने पर काम कर रहे हैं, जिससे भारत के गांव-गांव तक इजरायल की तकनीक पहुंचेगी व लाखों किसानों की आय-उत्पादकता में बढ़ोतरी होगी।

**भारत-इजरायल अकादमिक मंच बना :** पीएम ने कहा कि हमारे संबंधों का एक मुख्य स्तंभ लोगों के बीच मौजूद संबंध हैं। मैनपावर मोबिलिटी एग्रीमेंट के जरिए 2023 में भारत ने इजरायल के निर्माण और केयर-गिवर क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई थी। मुझे खुशी है कि अब हमने इस सहयोग का विस्तार वाणिज्य व सेवाओं के क्षेत्र में करने की मंजूरी दी है। साथ ही दोनों देशों के युवाओं, शोधकर्ताओं व नवाचार प्रवर्तकों को जोड़ना हमारी मुख्य प्राथमिकता रहा है। इसे लेकर आज हम भारत-इजरायल अकादमिक मंच स्थापित कर रहे हैं। क्षेत्रीय-वैश्विक मामलों पर हमारी गहन चर्चा हुई है। दोनों ने तय किया है कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को लेकर हम आईमैक, आईटूयूटू जैसे कदमों पर नई गति से आगे बढ़ेंगे।

**राष्ट्रपति को दिया भारत यात्रा का न्योता :** से पहले पीएम मोदी ने इजरायल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग के साथ मुलाकात की और उन्हें भारत यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। दोनों नेताओं की बातचीत में इजरायली राष्ट्रपति ने इस तथ्य को स्वीकार किया कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। जो समूचे विश्व को आकर्षित कर रही है। प्रधानमंत्री यरुशलम के होलोकॉस्ट स्मारक 'याद वाशेम' भी पहुंचे। जहां उन्होंने एडोल्फ हिटलर के नाजी शासन में मारे गए 60 लाख यहूदियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**140 करोड़ जनता को समर्पित किया सम्मान :** पीएम मोदी ने 9 साल पहले की गई अपनी इजरायल यात्रा को याद किया और कहा कि अब एक बार फिर इजरायल की इस ऐतिहासिक भूमि पर कदम रखना मेरे लिए गर्व और भावुकता का क्षण है। मुझे इजरायल की संसद में भाषण के बाद 'स्पीकर ऑफ द केनेस्सेट मेडल' से सम्मानित किया गया। जिसके लिए मैं, संसद के अध्यक्ष, पीएम नेतन्याहू और इजरायली लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। साथ ही इस सम्मान को मैं 140 करोड़ भारतवासियों और भारत-इजरायल मित्रता को समर्पित करता हूं।

**ये हैं 17 एमओयू :**

- यूपीआई को लेकर एनपीसीआई इंटरनेशनल (एनआईपीएल) और एमएएसएवी (इजरायल) के बीच एमओयू हुआ।
- एआई को लेकर क्षमता विकास, नैतिक एआई सहयोग, नागरिकों क्षेत्रों की एप्लीकेशन, पीपीपी भागीदारी के लिए एमओयू हुआ।
- भारत में इंडो-इजरायल साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना को लेकर एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर हुए।
- ज्ञान, अच्छी आदतों, साझा प्रशिक्षण के जरिए मध्यस्थता को लेकर सहयोग बढ़ाने के लिए इजरायली इंस्टीट्यूट ऑफ कमर्शियल आर्बिट्रेशन (आईआईसीए) और इंडियन काउंसिल आफ आर्बिट्रेशन के बीच एक समझौता हुआ।
- एआई के इस्तेमाल से शिक्षा को और उन्नत बनाने के लिए सहयोग को लेकर एक एमओयू किया गया।
- रेस्तरां, कैफे और खाने-पीने व बिक्री के अन्य व्यापार में श्रमिक गतिशीलता के लिए प्रोटोकॉल क्रियान्वयन किया जाएगा।
- वाणिज्यिक-सेवा क्षेत्र में भी श्रमिक गतिशीलता को बढ़ाने के लिए प्रोटोकॉल क्रियान्वयन किया जाएगा।
- आईसीएआर-एमएएसएचएवी के बीच इंडिया-इजरायल इनोवेशन सेंटर फार एग्रीकल्चर को लेकर एमओयू हुआ।
- फिशरीज, एक्वाकल्चर तथा हॉरिजॉन स्कैनिंग के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने को लेकर एमओयू हुआ।
- भू-भौतिकीय अन्वेषण के लिए एक एमओयू हुआ।
- गुजरात के लोथल स्थित नेशनल मेरीटाइम हेरीटेज कॉम्प्लेक्स के विकास के लिए एमओयू हुआ।
- भू-भौतिकी अन्वेषण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए भी एक एमओयू हुआ।

**10 घोषणाओं के जरूरी बिंदु :**

- संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा प्रदान किया गया।
- राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के नेतृत्व में दुर्लभ-उभरती हुई तकनीक के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाया जाएगा।
- अगले 5 सालों में भारतीय श्रमिकों के कोटा को 50 हजार तक बढ़ाया जाएगा।
- इंडिया-इजरायल अकादमिक सहयोग मंच बनेगा।
- विज्ञान-प्रौद्योगिकी पर सहयोग मंत्रिस्तरीय होगा।
- कृषि शोध के लिए 20 संयुक्त छात्रवृत्तियां दी जाएंगी।
- वित्तीय संवाद, टेक-गेटवे कदम, भारत-इजरायल संसदीय मैत्री समूह गठित होगा।

### इजरायली टेक कंपनियों...

**नवप्रवर्तकों संग वार्ता का सार :** उन्होंने नवप्रवर्तकों के साथ हुई बातचीत में कहा कि प्रदर्शनी में दिखाई गई अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में दोनों देशों के नवाचार, स्टार्टअप, व्यावसायिक साझेदारी को मुख्य रूप से कृषि, जल प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्रों में बढ़ावा देने की अपार क्षमता है। कंपनियों को भारत में निवेश-उत्पादन करने व प्रौद्योगिकी साझेदारी के अवसरों को तलाशने के लिए आमंत्रित किया गया है।

**इन क्षेत्रों से रूबरू हुए पीएम :** प्रदर्शनी के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को कई अहम क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें क्वांटम-डीपटेक, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी-एआई, स्मार्ट मोबिलिटी, साइबर सुरक्षा, जल-कृषि, जलवायु-जैव प्रौद्योगिकी, ऊर्जा-प्राकृतिक संसाधन और अंतरिक्ष शामिल हैं।

### सहयोग को मिलेगी...

में सहयोग को नई गति मिलेगी। यूपीई के साथ ही डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपने अनुभवों को बांटते हुए आमजन के जीवन में सुधार लाने को लेकर हमने बैठक में प्रतिबद्धता जताई है।

### आज से भारत के चार...

साझेदारी से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं में अभी तक हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जो कि पूर्व में दोनों के बीच कनाननकीस (जून-2025) और जोहान्सबर्ग (नवंबर-2025) में हुई मुलाकातों में हुई चर्चा के निचोड़ पर आधारित होगी। मौजूदा सहयोग के मुख्य स्तंभों जैसे व्यापार-निवेश, ऊर्जा, दुर्लभ खनिज, कृषि, शिक्षा, शोध-नवाचार और लोगों के बीच संबंधों पर भी बैठक में दोनों नेता विचार करेंगे। क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम भी पीएम मोदी और मार्क कार्नी की बातचीत का हिस्सा होंगे। जिसके बाद दोनों भारत-कनाडा सीईओ फोरम में भी भाग लेंगे।

**रचनात्मक-संतुलित साझेदारी के पक्षधर :** कनाडा के पीएम की ये स्वदेश यात्रा एक ऐसे समय पर हो रही है। जब भारत-कनाडा के द्विपक्षीय संबंध सामान्य हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और कार्नी ने पूर्व में एक-दूसरे की चिंताओं और संवेदनशीलताओं को लेकर साझा सम्मान के साथ ही एक रचनात्मक और संतुलित साझेदारी को लेकर सहमति जताई है। जिसमें भारत, कनाडा के आम लोगों के बीच मजबूत संबंध, बढ़ती हुई आर्थिक पूरकता भी शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच होने वाली ये आगामी बैठक दोनों देशों के बीच लगातार आगे बढ़ने वाली साझेदारी की दिशा में सकारात्मक गति और साझा विजन को लेकर बनी हुई प्रतिबद्धता को दोहराने का एक अहम अवसर प्रदान करेगी।

**ट्रूडो ने लगाए थे गंभीर आरोप :** मालूम हो कि दोनों देशों के संबंधों में तनाव अपने चरम पर 2023 में उस वक्त पहुंचा था। जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या में भारत के कूटनीतिक और शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व की भागीदारी का बेबुनियाद और झूठा आरोप लगाया था। जिसे भारत ने सिरे से खारिज कर दिया था। मामले ने असली तूल अक्टूबर-2024 में पकड़ा। जब इसे लेकर कनाडा ने ओटावा में तैनात भारतीय उच्चायुक्त और उच्चायोग के पांच अन्य कर्मियों को देश वापस भेज दिया था। इसके तुरंत बाद भारत ने भी समान संख्या में कनाडाई राजनयिकों को भारत से कनाडा चलता कर दिया था। वहीं, दोनों पक्षों के बीच संबंधों में सुधार में कवायद पिछले साल अप्रैल महीने में हुए संसदीय चुनावों में लिबरल पार्टी के नेता मार्क कार्नी को मिली जीत के साथ शुरू हो गई थी। जिसके साथ-साथ दोनों देशों ने अपनी-अपनी राजधानियों में उच्चायुक्तों की पुनः तैनाती की है।

### भारत की पहली ...

प्रतिनिधियों से भी उनकी मुलाकात होगी। 1 मार्च यानी रविवार को कार्नी दिल्ली पहुंचेंगे और उसके अगले दिन 2 मार्च को उनकी पीएम मोदी के साथ बैठक होगी।

### यूआईडीएआई ने गूगल...


अधिकारी भुवनेश कुमार ने कहा कि यूआईडीएआई का उद्देश्य हमेशा आधार नंबर धारकों के जीवन में सुगमता लाने पर केंद्रित रहा है। यह सहयोग सुनिश्चित करेगा कि अधिकृत आधार केंद्रों तक पहुंच अब आसान, तेज और अधिक पारदर्शी होगी। सहयोग के अगले चरण में, यूआईडीएआई केंद्र की जानकारी को प्रबंधित करने और लोगों की प्रतिक्रिया का सीधे जवाब देने के लिए गूगल बिजनेस प्रोफाइल का उपयोग करेगा, जिससे एक पारदर्शी और उत्तरदायी सेवा प्रणाली सुनिश्चित होगी। भविष्य में, यह साझेदारी गूगल मैप्स इंटरफेस के माध्यम से सीधे अपॉइंटमेंट बुकिंग की संभावनाओं का पता लगाएगी, जिससे निवासियों को अपनी यात्राओं की योजना और भी अधिक कुशलता से तय करने में मदद मिलेगी। गूगल इंडिया की रणनीतिक साझेदारी की कंट्री हेड रोली अग्रवाल ने कहा कि यूआईडीएआई के साथ मिलकर सत्यापित आधार केंद्रों को एकीकृत करने से, हम लाखों निवासियों के लिए भरोसेमंद सेवाओं को विश्वास के साथ ढूंढना आसान बना रहे हैं और आवश्यक सरकारी बुनियादी ढांचे और उन लोगों के बीच के अंतर को पाट रहे हैं जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

### एनसीईआरटी की पुस्तक...

करेंगे। न्यायपालिका को लेकर मेरे मन में पूर्ण सम्मान है। एनसीईआरटी के खिलाफ इस विषय को लेकर जांच का गठन किया जा चुका है। बताते चलें की इस पुस्तक में न्यायपालिका में होने वाले भ्रष्टाचार पर एक अध्याय को प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ा और यह पूरा विवाद सुप्रीम कोर्ट तक जा पहुंचा। मामले पर सुनवाई हुई, जिसमें न्यायालय ने इस पुस्तक पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। साथ ही एनसीईआरटी के डायरेक्टर को दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी।

**सारी किताबें वापस ली गई हैं:** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जैसे ही ये पूरा मामला मेरे संज्ञान में आया। मैंने तुरंत एनसीईआरटी को निर्देश देकर सारी किताबों को वापस लेने का निर्णय लागू करवाया है। साथ ही ये पुस्तकें आगे न जा पाएं, उसके लिए भी जरूरी निर्देश दे दिए हैं। जो घटना हुई है। उसे हम गंभीरता से लेते हैं, न्यायपालिका का अपमान करने का सरकार का कोई उद्देश्य नहीं था। परिषद के खिलाफ जांच की जाएगी और जो भी व्यक्ति पुस्तक में उस अध्याय को बनवाने में शामिल हैं। उन पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा हम न्यायपालिका को यह आश्वस्त करते हैं कि भविष्य में ऐसी गलती कभी नहीं होगी। न्यायपालिका के निर्देशों का पालन करना हमारी संवैधानिक और नैतिक जिम्मेदारी बनती है, जिसे लेकर मैं देश की 140 करोड़ जनता को भी आश्वस्त करना चाहता हूं।

**एनसीईआरटी का पक्ष :** सूत्रों ने बताया कि न्यायपालिका की नाराजगी के बाद एनसीईआरटी भी पाठ्य पुस्तकों को तैयार करने की उस प्रक्रिया की जांच-पड़ताल में जुट गई है। जिसकी वजह से न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाले एक अध्याय को पुस्तक में शामिल करने के निर्णय को लेकर गलती हुई है। परिषद इसके लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर रही है। जिससे भविष्य में ऐसी किसी भी अनुचित स्थिति से दो-चार न होना पड़े। कार्य को बेहद सख्ती से पूरा करने का आश्वासन परिषद की तरफ से दिया गया है।




प्रतिभाएं / शिखर चंद जैन

# क्रिएटिव-इनोवेटिव ये लिटिल साइंटिस्ट

विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में बड़ी उम्र के वैज्ञानिक ही नहीं, बाल वैज्ञानिक भी अपना उल्लेखनीय योगदान देकर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। इनके आविष्कार जनहित में बहुत उपयोगी हैं। जानो, ऐसे ही कुछ प्रतिभावान नन्हे वैज्ञानिकों के बारे में।





## स्वयं सोढ़ा : सबसे कम उम्र के कोडिंग एक्सपर्ट्स में शामिल

**स्वयं सोढ़ा**, विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक उभरता हुआ बाल वैज्ञानिक और नवाचारी (इनोवेटर) है। मुंबई के रहने वाले स्वयं को उसके असाधारण तकनीकी ज्ञान के लिए जाना जाता है। स्वयं ने मात्र चार वर्ष की आयु में पायथन प्रोग्रामिंग सीखना शुरू कर दिया था। उसे दुनिया के सबसे कम उम्र के कोडर में से एक माना जाता है। बारह साल की उम्र में ही स्वयं ने सूचना प्रौद्योगिकी में मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर ली। स्वयं ने 'स्वयंईजोन' नामक एक स्टार्टअप की स्थापना की है, जो भविष्य के स्मार्ट चश्मे विकसित करने पर केंद्रित है। स्वयं का मानना है, ये चश्मे आने वाले वर्षों में स्मार्टफोन की जगह ले सकते हैं। स्वयं डेटा साइंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग जैसे आधुनिक विषयों में गहरी रुचि रखता है। स्वयं को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है, जिसमें नेहरू विज्ञान केंद्र जैसे प्रतिष्ठित संस्थान भी शामिल हैं। स्वयं न केवल कोडिंग का मास्टर है, बल्कि नेहरू साइंस सेंटर जैसे बड़े मंचों पर जाकर वह अन्य बच्चों को भी 'स्टेम' मतलब विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित सीखने के लिए प्रेरित करता है। *

## राउल जॉन अजू : बारह साल की उम्र में बनाया रोबोट

**केरल के** राउल जॉन अजू को 'भारत का एआई किड' कहा जाता है। विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उसकी उपलब्धियां असाधारण हैं। राउल ने मात्र छह साल की उम्र में कोडिंग और एआई सीखना शुरू किया और बारह साल की उम्र में अपना पहला रोबोट बनाया। उसने 'मी बॉट' नामक एक ह्यूमनॉइड रोबोट विकसित किया है, जो उसकी अपनी आवाज में बात कर सकता है, उसके कार्यों में मदद करता है। राउल, केरल और दुबई (यूएई) सरकारों के लिए एक आधिकारिक एआई सलाहकार के रूप में काम कर रहा है, जहां वह 'जस्ट ईज प्रोजेक्ट 47X' जैसे नागरिक-केंद्रित एआई सिस्टम विकसित करने में मदद कर रहा है। राउल ने 'एआई रियल्म टेक्नोलॉजीज' नामक स्टार्टअप की स्थापना की है। राउल ने वैश्विक स्तर पर 1.5 लाख से अधिक छात्रों और पेशेवरों को एआई का प्रशिक्षण दिया है, जिनमें आईआईटी मद्रास और गूगल टेक जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के लोग शामिल हैं। राउल तीन बार टेड-एक्स स्पीकर रह चुका है, उसने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव जैसे बड़े मंचों पर अपनी बात रखी है। राउल भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिता 'बिल्डाथॉन' में दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता भी रहा है। *



## आराध्या जैन : बुजुर्गों-दृष्टिबाधितों के लिए बनाई स्मार्ट स्टिक

**आराध्या जैन**, विज्ञान और तकनीक क्षेत्र में एक असाधारण प्रतिभावान बच्ची है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। आराध्या को 2026 के 'टॉप 100 ग्लोबल चाइल्ड प्रोडिजी' में चुना गया है। उसे जून 2025 में ब्रिटिश संसद (लंदन) में 'इनोवेशन और टेक्नोलॉजी' श्रेणी में सम्मानित किया गया। आराध्या ने समाज की समस्याओं के समाधान के लिए कई तकनीकी प्रोजेक्ट्स बनाए हैं। आराध्या ने बुजुर्गों और दृष्टिबाधित लोगों के लिए स्मार्ट स्टिक बनाई है। यह स्टिक उन्हें न केवल वस्तुओं से टकराने से बचाती है, बल्कि एआई का उपयोग करके गिरने से भी रोकती है। यह स्टिक आपातकालीन स्थिति में जीपीएस के माध्यम से लोकेशन भी शेयर करती है। विकासशील देशों में ट्रैफिक की समस्या को कम करने के उद्देश्य से आराध्या ने स्वचालित टोल गेट और सेल्फ-ड्राइविंग कार के मॉडल भी तैयार किए हैं। आराध्या ने गणित, विज्ञान और साइबर टेक्नोलॉजी के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में कई स्वर्ण पदक जीते हैं। वह 70 से अधिक देशों के बच्चों के बीच आयोजित 'इकोट ग्लोबल हैकथॉन' की फाइनलिस्ट भी रही है। महान महिला वैज्ञानिक मैडम क्यूरी को अपना आदर्श मानने वाली आराध्या, भविष्य में एक वैज्ञानिक बनकर दुनिया को बेहतर बनाने की चाह रखती है। *



## मनीषा दुबे : बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाया विशेष बैंड

**विज्ञान और** नवाचार के क्षेत्र में भारत की एक प्रसिद्ध बाल आविष्कारक है मनीषा दुबे। देहरादून की रहने वाली मनीषा ने मात्र पांच वर्ष की आयु से तकनीक के साथ प्रयोग करना शुरू कर दिया था। उसने बच्चों की सुरक्षा के लिए एक विशेष बैंड विकसित किया है, जो बच्चों के खो जाने पर उनके माता-पिता को ढूंढ़ने में मदद करता है। इस प्रोटोटाइप के लिए उसे आईनेस्ट इंडिया प्रदर्शनी में स्वर्ण पदक मिला था। मनीषा कलर्स इनफिनिटी टीवी पर प्रसारित होने वाले शो 'द इन्वेंटर चैलेंज' की सबसे कम उम्र की विजेता रही है। वर्ष 2024 में उसने दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा के लिए एक स्मार्ट डिवाइस बनाई, जिसके लिए उसे थाईलैंड के राष्ट्रीय अनुसंधान परिषद से स्वर्ण पदक और विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके अलावा उसने साइप्रस और पोलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नवाचार प्रदर्शनियों में यंग ई-इनोवेटर अवॉर्ड और स्वर्ण पदक जीते हैं। मनीषा 'टिंकर टेकी' नामक स्टार्टअप की संस्थापक है, जिसका उद्देश्य लड़कियों को रोबोटिक्स और कोडिंग के क्षेत्र में सशक्त बनाना है। उसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा सम्मानित किया गया है और वह आईआईटी बॉम्बे के टेकफेस्ट में आयोजित ड्रोन प्रतियोगिता की सबसे कम उम्र की प्रतिभागी भी रही है। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को प्रेरणास्रोत मानने वाली मनीषा भविष्य में एक अंतरिक्ष यात्री और वैज्ञानिक बनना चाहती है। *




जानकारी / नयनतारा

बच्चो, विंडमिल यानी पवनचक्की एक ऐसा यंत्र है, जो गतिज ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा या विद्युत ऊर्जा में बदलता है। विंडमिल कैसे काम करता है, इसका प्रयोग कब से शुरू हुआ? यहां बता रहे हैं विंडमिल से जुड़ी जानकारी।

# हवा से ऊर्जा उत्पन्न करने वाला यंत्र विंडमिल

बच्चो, विंडमिल एक ऐसा यंत्र है, जिसका प्रयोग अनाज पीसने, बिजली उत्पादन, पानी निकालने और सप्लाई करने जैसे कार्यों में किया जाता है। जानो, इस पारंपरिक बहुपयोगी ऊर्जा उत्पादक यंत्र के बारे में।

**कब से शुरू हुआ प्रयोग:** विंडमिल का प्रयोग कोई आधुनिक युग की बात नहीं है। कई सदियों से विंडमिल का प्रयोग किसी न किसी रूप में होता आ रहा है। कहा जाता है, विंडमिल के सिद्धांत के बारे में लोगों को प्राचीन समय से ही जानकारी थी। 12वीं शताब्दी से लेकर 18वीं शताब्दी में स्टीम पॉवर के आविष्कार तक इनका बड़ी संख्या में प्रयोग किया जाता था। 17वीं शताब्दी में अकेले नीदरलैंड देश में ही 8,000 से अधिक विंडमिल थीं। उन दिनों सिंचाई के लिए पानी पंप करने हेतु छोटी विंडमिल भी बहुत पॉपुलर थीं।



**पहले इसे क्या कहते थे:** शुरुआत में विंडमिल को 'पोस्ट' या 'जर्मन मिल' कहते थे। उसमें एक स्थिर वर्टिकल पोस्ट होता था, जिसके इर्द-गिर्द पूरी मिल घूमती थी ताकि विंडमिल हवा का सामना कर सके। एक अन्य प्रमुख प्रकार की विंडमिल 'टावर' थी, जिसे 'टरेट' या 'डच मिल' भी कहते थे। इसमें एक स्थिर टावर पर विंडमिल और शाफ्ट को घुमाते हुए टरेट पर सेट किया जाता था।

**हवा में कैसे चलती है विंडमिल:** विंडमिल में हवा से चलने वाला एक पहिया होता है, जिसे विंडव्हील कहते हैं। इसमें एक शाफ्ट से अनेक बराबर के संतुलित वेन लगे होते हैं, जैसे तुम छत के पंखे में लगी उसकी पत्तियां देखते हो। इन वेन को सेल्स भी कहते हैं। जब हवा सेल्स से टकराती है तो विंडव्हील घूमने लगता है और शाफ्ट भी घूमती है। यह घूमता हुआ बल शाफ्ट से गियरों में या मशीन के उन पार्ट्स में जाता है, जो कि काम करते हैं। इस प्रकार विंड मिल से ऊर्जा उत्पन्न होती है। *

कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

## खेलें ऐसी होली

रंग-उमंग
गुलाल प्रेम का,
भर लो अपनी झोली।
खेलो ऐसी होली।
भरो भरोसे के गहरे रंग,
अपने निश्छल मन में।
बेगानों को भी आज डुबा दो,
अपनेपन में।
गली-गली में धूम मचाओ,
साथ लिए हमजोली।
खेलो ऐसी होली।
गाओ हिलमिल गीत सुरीले,
रचे प्रेम के रंग में।
बना रहे विश्वास प्रेम,
मचले उमंग अंग-अंग में।
खुशबू बिखरे आंगन-आंगन,
बोलो ऐसी बोली।
खेलो ऐसी होली।
अपने रूठे हैं तो जाओ,
जाकर उन्हें मना लो।
द्वेष दुराग्रह, संदेहों की
होली चलो जला लो।
शब्द नहीं भाषा केवल
भावों से जाए तोली।
खेलो ऐसी होली।
पकी बालियां गेहूं की,
और बौराई अमराई।
ठण्डी-ठण्डी पल्लव पीके,
किंशुक फाग रचाई।
सुबह-शाम धूपछें से,
मुस्काई बिखरे रोली।
तुम खेलो ऐसी होली।



## जीके क्विज- 194

1. हिंदी कैलेंडर (विक्रम संवत) का पहला महीना कौन-सा होता है?
2. टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने का रिकॉर्ड किस क्रिकेटर ने बनाया है?
3. विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?
4. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है?
5. 'भारत के मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
6. भारत का पिट्सबर्ग किस शहर को कहा जाता है?
7. कांसा किन धातुओं से मिलकर बना मिश्रधातु है?
8. अकबर के नवरत्नों में से एक बीरबल का वास्तविक नाम क्या था?
9. नीली क्रांति का संबंध किससे है?
10. कौन-सी गैस सबसे हल्की होती है?



बच्चो, जीके क्विज-194 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-193 का उत्तर :** 1.तारीक रहमान, 2.पश्चिम बंगाल, 3.नोवाक जोकोविच, 4.सरोजिनी नायडू, 5. 1853 ई., 6.फ्रांस, 7.दादाभाई नौरोजी, 8.H2SO4, 9.लैक्टोबेसिलस, 10.रैमन मैग्सेसे पुरस्कार

**जीके क्विज-193 का सही उत्तर देने वाले:** विकास-जबलपुर, कबीर-हिसार, राहुल-रेवाड़ी, नीटू-कोरिया, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, अनहद-बिलासपुर, किरण-बलौदा बाजार



कहानी
अखिलेश श्रीवास्तव चमन

स्कूल में होली की छुट्टियां एनाउंस की गईं तो बच्चों ने घर जाते समय रंग खेलने का प्लान बनाया। हालांकि प्रिंसिपल सर ने गलत ढंग से होली ना खेलने की सख्त हिदायत दी थी, लेकिन बच्चों ने नहीं सुनी। स्कूल की छुट्टी होते ही बच्चों ने बाहर सड़क पर ऐसी हुड़दंग मचाई कि दुर्घटना हो गई। फिर तो बच्चों की सिट्टी-पिट्टी गुम

# होली का हुड़दंग

कल से स्कूल में होली की छुट्टियां होने वाली थीं। बच्चों का मन रंग खेलने के लिए कई दिनों से मचल रहा था, लेकिन किसी की हिम्मत नहीं हो रही थी। प्रिंसिपल सर ने स्कूल के अंदर रंग खेलने से सख्ती से मना कर रखा था। बच्चों ने तय कर रखा था, होली की छुट्टियों से पहले, आखिरी दिन स्कूल छुट्टी के बाद वे गेट के बाहर जाकर जी भर के रंग खेलेंगे। आज वही दिन था, इसलिए सभी पूरी तैयारी के साथ स्कूल आए थे। बच्चों ने अपने बस्तों में रंग की पुड़िया छुपा रखी थी। बोतलों में पानी भर रखा था। सभी को प्रतीक्षा थी, कब छुट्टी की घंटी बजे, वे स्कूल से बाहर निकल कर जमकर रंग खेलें।

तभी सूचना आई कि आखिरी पीरियड के बाद सभी बच्चों को स्कूल के सभाकक्ष में एकत्र होना है। सभी छात्रों और टीचर्स के सभाकक्ष में एकत्र होने के बाद प्रिंसिपल सर ने एक संक्षिप्त भाषण दिया। उन्होंने समझाया, 'देखो बच्चो, होली हंसी-खुशी और उमंग-उल्लास का त्योहार है, न कि शरारत, हुड़दंग और लड़ाई-झगड़े का। इसलिए होली के नाम पर तुम लोगों को कोई भी ऐसा काम नहीं करना है, जिससे किसी को भी कष्ट पहुंचे। इन दिनों मार्केट में तरह-तरह के केमिकल वाले रंग बिक रहे हैं, जिनको लगाने से आंखों, बालों और स्किन को नुकसान पहुंचता है। तुम्हें भूलकर भी ऐसे रंगों को यूज नहीं करना है। मैंने तुम लोगों के लिए प्राकृतिक गुलाल का प्रबंध कर रखा है। तुम सभी एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगा कर गले मिलो, अपने टीचर्स से आशीर्वाद लो और इसके बाद शांतिपूर्वक अपने-अपने घर चले जाओ।'

चपरासी ने एक जगह मेज पर ढेर सारा हर्बल गुलाल लाकर रख दिया। प्रिंसिपल सर के कहने के अनुसार बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगाया। टीचर्स को भी गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सभी अपना-अपना बस्ता और पानी की बोतलें संभाले स्कूल से बाहर आ गए। गेट से बाहर निकलते ही बच्चे प्रिंसिपल सर की दी सारी हिदायतें भूल गए। बच्चों ने अपने बस्ते से रंग निकाला और हुड़दंग शुरू कर दिया। सभी ने पानी की बोतलों में रंग तैयार किया और दौड़ा-दौड़ाकर एक-दूसरे पर फेंकने लगे। तीन-चार लड़के मिलकर किसी एक को पकड़ लेते थे, उसे सिर से पांव तक बुरी तरह रंग कर भूत बना देते थे। फिर एक को रंगने के बाद वे दूसरे लड़के को पकड़ने दौड़ पड़ते। लड़कों की इस धमा-चौकड़ी के कारण सड़क पर जा रहे वाहन चालकों को बहुत कठिनाई हो रही थी। हुड़दंग में मस्त बच्चों को इसकी जरा भी परवाह नहीं थी। इस धमा-चौकड़ी में एक हादसा हो गया। रंग से बचने के लिए अमित भागा जा रहा था। उसको पकड़ने के लिए रोहित, अमोल और संजय उसके पीछे दौड़ रहे थे। अचानक तभी सामने से एक कार आ गई। अमित को बचाने के लिए कार चालक ने एकदम से ब्रेक लगा दी। चीं...चीं...चीं करती कार थोड़ी दूर घिसटकर रुक गई। लेकिन कार के रुकते-रुकते भी अमित को कार के बोनट से टक्कर लग गई। वह सड़क पर गिर गया। अमित को गिरता देख ड्राइवर घबरा गया। उसने कार की हैंडल दाईं तरफ मोड़ी और भागने लगा। इस हड़बड़ी में कार अनियंत्रित हो गई। उधर अमित के पीछे दौड़ते आ रहे रोहित को भी टक्कर लग गई। वह भी चीख कर सड़क किनारे गिर पड़ा। ड्राइवर कार लेकर वहां से भाग गया।




लड़कों ने अमित और रोहित को कार से टक्कर खाकर गिरते देखा, उनकी चीखें सुनीं तो हुड़दंग कर रहे सभी लड़कों के सर चढ़ी होली की मस्ती छू-मंतर हो गई। रंग की बोतलें फेंक कर सारे लड़के अमित और रोहित की तरफ दौड़े। वे दोनों ही जमीन पर पड़े कराह रहे थे। बच्चों ने मिल कर उनको उठाया और रिक्शे में लादकर पास के अस्पताल में ले गए। रोहित के दाहिने पैर में मोच आ गई थी और उसका शरीर जगह-जगह से छिल गया था। अमित का भी शरीर छिल गया था, उसके सिर में घाव हो गया था, जिससे खून बह रहा था। अमित और रोहित की यह दशा देख सभी बच्चों के चेहरे पर हवाइयां उड़ने लगीं।

स्कूल के बाहर सड़क पर हुई दुर्घटना की सूचना प्रिंसिपल सर को मिली तो वह सारे टीचर्स के साथ भागे-भागे अस्पताल पहुंचे। अस्पताल के इमरजेंसी रूम में अमित और रोहित की प्राथमिक चिकित्सा चल रही थी। बाहर बरामदे में रंग-पुते भूत बने आठ-दस लड़के अपराधी की सी सूरत बनाए खड़े थे।

प्रिंसिपल सर ने अस्पताल के अंदर जाकर अमित और रोहित को देखा और डॉक्टरों से बात की। डॉक्टरों ने बताया कि दोनों की ही स्थिति खतरे से बाहर है। उन्हें कोई गहरी चोट नहीं आई है। प्राथमिक चिकित्सा के बाद उन दोनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। प्रिंसिपल सर ने एंबुलेंस से उन दोनों को उनके घर भिजवाया फिर बच्चों को डांटते हुए बोले, 'देख लिया तुम लोगों ने हुड़दंग करने का परिणाम...? दुर्भाग्य से अगर कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती तो...?'

सभी की सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई।


'गलती हो गई सर! भविष्य में हम कभी ऐसी गलती नहीं करेंगे।' सर झुकाए खड़े कई बच्चे एक साथ बोले।

'चलो! देर आए, दुरुस्त आए। देखो, रंग खेलना कोई बुरी बात नहीं है। होली का त्योहार मौज-मस्ती करने के लिए तो होता है, हुड़दंग और शरारत करने के लिए नहीं। चलो, अब सभी लोग चुपचाप अपने-अपने घर जाओ।' प्रिंसिपल सर ने कहा तो सारे बच्चे अपने-अपने घर चल दिए। *

रोचक-ज्ञानवर्धक किताब / समीर गांगुली

# सौरमंडल की रोमांचक यात्रा

बच्चो, जिस किताब को अब तक लाखों बच्चे पढ़ चुके हैं, उसे तुम भी जरूर पढ़ना चाहोगे। यह किताब तुम्हें सौरमंडल के सभी ग्रहों के बारे में जानकारी कुछ ऐसे सरल अंदाज में देगी, जैसे तुम सौरमंडल की सैर कर रहे हो। जाने-पहचाने ग्रहों मंगल, बुध, शुक्र से लेकर अब तक तुम्हारे, हमारे लिए कुछ अनजाने ग्रहों सामिया, सर्कस, सेठना के बारे में भी यह किताब जानकारी देती है। इस किताब का नाम है 'सौरमंडल की सैर', इसके लेखक हैं देवेंद्र मेवाड़ी।




देवेंद्र मेवाड़ी हिंदी के जाने-माने बाल साहित्यकार हैं। वह इस किताब के माध्यम से बड़े ही मजेदार तरीके से सौरमंडल की सैर कराते हैं। वह कहानी के माध्यम से सौरमंडल विज्ञान के बारे में जानकारी देते हैं। इस किताब को तुम कहानी की किताब की तरह पढ़ सकते हो। पढ़ने के बाद आसमान की तरफ सिर उठाकर कहोगे, 'बहुत खूबसूरत हो तुम!'

हाल ही में इस किताब की 15वीं आवृत्ति आई है। बच्चो, सौर मंडल की सैर का रोमांचक आनंद लेने के लिए तुम इस किताब को जरूर पढ़ना चाहोगे। *

**किताब :** सौरमंडल की सैर,
**लेखक :** देवेंद्र मेवाड़ी, **मूल्य :** 70 रुपए,
**प्रकाशक :** नेशनल बुक ट्रस्ट, दिल्ली

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पूरी तैयारी के साथ होली खेलने जा रहे एक बच्चे के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें तीन मिनट में सभी पांच अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी पांच अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1.लड़के के वाटर गन का कलर अलग है। 2.लड़के के गाल पर हरा रंग नहीं लगा हुआ है। 3.लड़के की बाईं आइब्रो ऊपर उठी हुई है। 4.बैकग्राउंड में दो के बजाय चार फ्लावर्स दिख रहे हैं। 5.आगे से रंग की बाल्टी और पिचकारी गायब है।

## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां होली की उमंग में डूबे बच्चों का एक आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। चित्र के बगल में इसके कट-आउट्स दिए गए हैं। इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर इस चित्र को पूरा करो।




उत्तर : 1-b, 2-a, 3-c

# बहनों के हाथों से बनी सामग्री को वैश्विक बाजार से जोड़ने की पहल सराहनीय: डॉ.यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला उद्यमिता के इतिहास का आज स्वर्णिम दिन है। पारिवारिक स्तर पर मां-बेटियों-बहनों के हाथों से बने व्यंजन पूरे परिवार में आनंद का संचार करते हैं और यह व्यंजन ही त्यौहार की प्रसन्नता का आधार बनते हैं। आजीविका मिशन द्वारा हमारी बहनों के हाथों से बनी सामग्री को वैश्विक बाजार से जोड़ने की पहल सराहनीय है। डॉ यादव बुधवार को स्वसहायता समूहों की आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल का विमोचन भी किया गया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ (एमपीएसआरएलएम) इंडिया पोस्ट, अमेजन सहेली, एक्सेस डेवलपमेंट सर्विस, बुद्धा इंस्टीट्यूट, टीआरआईएफ और साइटसेवर संस्थान के साथ एमओयू का आदान-प्रदान हुआ। मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वालीं स्व-सहायता समूहों की 5 दीदियों को सम्मानित किया।

### खास बातें

- स्वसहायता समूहों की आजीविका मिशन कार्यशाला का सीएम ने किया शुभारंभ
- प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल का विमोचन



आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का शुभारंभ करते सीएम।

### हुनर और कर्मठता को नई दिशा प्रदान करेगी कार्यशाला

डॉ यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में ऋतुओं से व्यंजनों तथा अन्य उपयोगी सामग्री बनाने का विशेष संबंध है। क्षमतावर्धन की आज की कार्यशाला हमारी बहनों के हुनर और कर्मठता को नई दिशा प्रदान करेगी। घर से निकलकर बैंकों और शासन के सहयोग से स्वयं को व्यापारिक गतिविधियों में सफलतापूर्वक स्थापित करने की बहनों की पहल ने ग्राम स्तर पर विकास को नई गति दी है। डॉ यादव ने कहा कि राज्य सरकार बहनों को प्रशिक्षण के साथ आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करा रही है। बहनें अपने समूह की शक्ति को बढ़ाएं और नई मंजिलें प्राप्त करें, राज्य सरकार सदैव उनके साथ है। मुख्यमंत्री ने आजीविका मार्ट ग्वालियर, जबलपुर एयरपोर्ट पर स्व-सहायता समूहों के रिटेल आउटलेट और संभागीय एवं जिला स्तर पर होली मेलों का वर्चुअली शुभारंभ किया।

### *मंत्री ने किया बहनों से आगे बढ़ते रहने का आह्वान*

*पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने बहनों से बदलती तकनीक के साथ स्वयं को अपडेट रखते हुए आगे बढ़ने का आव्हान किया। उन्होंने आजीविका मिशन के डाक विभाग के साथ हुए एमओयू के संबंध में कहा कि इससे समूहों के उत्पादकों की सप्लाई चेन मजबूत होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन हर्षिका सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला विभिन्न जिलों के स्व-सहायता समूहों की दीदियों को उत्पादन और मार्केटिंग में सहायता व मार्गदर्शन प्रदान करेगी। इस कार्यशाला से प्रदेश के विभिन्न जिलों से समूहों को अपने उत्पाद राजधानी भोपाल में प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ है।*

## खबर संक्षेप

### प्रमुख अभियंता कार्यालय में सालों से पदस्थ कर्मियों को हटाएं

**भोपाल।** शासकीय कर्मचारी परिसंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र लिखा है। पत्र में प्रमुख अभियंता कार्यालय जल संसाधन विभाग में विगत 15- 20 वर्षों से स्थापना कक्ष में एक ही जगह पर जमे कर्मचारियों को शासन के नियमानुसार तत्काल प्रभाव से अन्य विभाग में पदस्थ करने की मांग की है। परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय और प्रदेशाध्यक्ष ध्रुव सिंह सिकरवार ने बताया कि प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग अध्यक्ष कार्यालय में वर्षों से एक ही जगह पर जमे होने के कारण यह आरक्षित वर्ग के कर्मचारी सवर्ण जाति के कर्मचारियों के हित लाभ का शोषण कर रहे हैं। सवर्ण कर्मचारियों को प्रमोशन का लाभ तो वैसे भी विगत कई वर्षों से प्राप्त नहीं हो रहा है। प्रकरण के निराकरण होने तक शासकीय कर्मचारी परिसंघ द्वारा 2 मार्च से ही ज्ञापन, धरना, प्रदर्शन, क्रमिक आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### वनकर्मियों ने प्रदर्शन कर कहा: आधुनिक शस्त्रों के साथ दें वायर लैस सेट




**भोपाल।** राजधानी समेत प्रदेश भर में वन कर्मियों पर हो रहे हमले के विरोध में बुधवार को वन कर्मचारियों ने वन भवन पर प्रदर्शन कर वन बल प्रमुख को छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि आएदिन उन पर वन माफिया जानलेवा हमले कर रहे है। वन कर्मचारियों के पास सुरक्षा के लिए कोई आधुनिक शस्त्र नहीं है। कर्मचारियों ने वन बल प्रमुख को ज्ञापन सौंपकर आधुनिक शस्त्र और वायर लैस सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। मप्र कर्मचारी मंच वन विभाग के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बतायाकि प्रदेश भर में वन कर्मचारियों के ऊपर प्राण घातक हमले हो रहे हैं लेकिन वन मुख्यालय द्वारा सुरक्षा की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### खुदाई में फूटी थिंक गैस की पाइपलाइन, बहाल की गैस सप्लाई

**भोपाल।** राजधानी के भानपुर ब्रिज के पास बीते रोज एक टेलीकॉम केबल ठेकेदार द्वारा बिना पूर्व सूचना के की गई खुदाई के दौरान थिंक गैस की पाइपलाइन को आकस्मिक रूप से क्षति पहुंची। जबकि पाइपलाइन मार्ग पर स्पष्ट रूट मार्कर्स, चेतावनी बोर्ड और इमरजेंसी कॉन्टेक्ट बोर्ड्स लगे होने के बावजूद संबंधित ठेकेदार ने खुदाई शुरू करने से पहले कंपनी को सूचित नहीं किया और घटना के बाद भी कोई रिपोर्ट जमा नहीं की। घटना की जानकारी मिलते ही थिंक गैस की इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम ने तत्परता से प्रभावित हिस्से को तुरंत अलग कर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए। त्वरित कार्रवाई करते हुए गैस आपूर्ति को शीघ्र ही बहाल कर दिया गया, जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हुई और स्थानीय निवासियों को होने वाली असुविधा से बचाया गया।




### पत्रकार सुरक्षा कानून और निराश्रित पशुओं का मुद्दा भी प्रश्नकाल के दौरान गरमाया

# सहारा निवेश घोटाले पर सदन में हंगामा 6,689 करोड़ में से सिर्फ 355 करोड़ लौटे

### छह वर्षों में कुल 123 एफआईआर हुईं दर्ज, जिनमें से कई लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रश्नकाल में सहारा समूह से जुड़े निवेशकों की राशि वापसी का मामला जोरदार तरीके से उठा। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने आरोप लगाया कि सहारा ने प्रदेश के निवेशकों के 6 हजार 689 करोड़ रुपये डकार लिए, लेकिन अब तक महज 355 करोड़ रुपये ही लौटाए गए हैं। जवाब में राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बताया कि इस मामले में 4 एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि छोटे निवेशकों ने अपनी गाढ़ी कमाई निवेश की थी और प्रकरण उच्च न्यायालय में रिट याचिकाओं के रूप में भी विचाराधीन रहा है। मंत्री के अनुसार, सभी एफआईआर मुरैना में दर्ज कर मुख्य प्रकरण में मर्ज की गई हैं।

अब तक 355 करोड़ रुपये निवेशकों को वितरित किए जा चुके हैं। इस पर जयवर्धन सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि पिछले छह वर्षों में कुल 123 एफआईआर दर्ज हुईं, जिनमें से कई लंबित हैं और गृह विभाग के पास समुचित जानकारी तक उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि कुल राशि की तुलना में रिकवरी मात्र 5 प्रतिशत है और सरकार स्पष्ट करे कि शेष राशि की वसूली के लिए क्या ठोस योजना है। मंत्री ने जवाब दिया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत कार्रवाई की जा रही है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी हस्तक्षेप करते हुए कहा कि मामला न्यायिक प्रकृति का है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में ही सभी निर्णय लिए जा रहे हैं। शासन की अपनी सीमाएं हैं और कार्रवाई न्यायालय के आदेशों के अनुरूप ही होगी।



सदन के लाउंज में मीडिया को सदन की कार्यवाही की जानकारी देते सीएम।

### पत्रकार सुरक्षा कानून पर सरकार का जवाब

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक विपिन जैन ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की समयसीमा पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि आखिर प्रदेश में यह कानून कब तक लागू होगा। इस पर मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि मोहन सरकार पत्रकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कानून बनाने के लिए अन्य राज्यों के प्रावधानों का अध्ययन किया जा रहा है। विषय विशेषज्ञों से परामर्श लिया जा रहा है और प्रशासनिक स्तर पर मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया जारी है।

### निराश्रित पशुओं से फसल और सड़क सुरक्षा पर संकट

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत कांग्रेस विधायक अजय सिंह राहुल ने निराश्रित पशुओं की समस्या उठाई। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं से किसानों की फसलें नष्ट हो रही हैं और नेशनल हाईवे पर यातायात बाधित हो रहा है। सड़कों पर पशुओं के कारण जान-माल की हानि हो रही है, लेकिन सरकार की उदासीनता के चलते समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। जवाब में मंत्री लखन पटेल ने कहा कि नगरीय प्रशासन द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है। सड़कों पर घूमने वाले पशुओं के मालिकों पर 25 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। गौशालाओं में चार लाख से अधिक मवेशी आश्रित हैं। राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, चयनित स्थानों पर गौशालाएं चिन्हित की गई हैं। अजय सिंह राहुल ने कहा कि रात के समय गोवंश सड़कों पर नजर आता है और किसान टॉर्च लेकर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं।

### मंत्री और मुख्यमंत्री के बीच खींचतान का खामियाजा भगत रही जनता: सिंघार

बुधवार को विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार में मंत्री और मुख्यमंत्री के बीच खींचतान पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि नगरीय प्रशासन को न फ्री हैंड दिया जा रहा है, न ठोस निर्णय हो रहे है और इस कारण से डेढ़ साल से शहरों के मास्टर प्लान अटके पड़े है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि इंदौर और भोपाल जैसे बड़े शहर आज भी स्पष्ट विकास योजना का इंतजार कर रहे हैं, जबकि अवैध कॉलोनियों का निर्माण धड़ल्ले से जारी है। क्या इन शहरों की जनता को सुव्यवस्थित विकास का अधिकार नहीं है?।

### किसानों के मुद्दे भाषण से नहीं फैसलों से होते है हल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मुख्यमंत्री को समझना होगा कि किसानों के मुद्दे भाषणों से नहीं, फैसलों से हल होते हैं। जय जवान जय किसान का नारा भी इसी सोच का प्रतीक है। काले कानूनों के समय भी कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी रही, लेकिन आज सरकार विदेशी हितों के साथ खड़ी दिख रही है। यूएस ट्रेड डील के असर से निमाड़ क्षेत्र में कपास के दाम 11 प्रतिशत तक गिर चुके हैं। फिर सोयाबीन, सरसों और अन्य फसलों का क्या होगा?।

### फायर सेफ्टी एक्ट पर विधानसभा में ध्यानाकर्षण के तहत हुई चर्चा

**भोपाल।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के भाजपा विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने लगातार बढ़ रही आगजनी की घटनाओं को लेकर ध्यानाकर्षण में प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि फायर सेफ्टी एक्ट लाने और उसे व्यवस्थित रूप से लागू करने की जरूरत है। इस पर तत्काल कदम उठाना चाहिए। उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से इसे जल्दी लागू करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न महानगरों और नगरों में स्थित व्यवसायिक परिसर, स्कूल, कॉलेज तथा सार्वजनिक स्थलों पर पिछले कुछ समय से आगजनी की घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिससे जन-धन की हानि होने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने सदन में कहा कि एक स्पष्ट विधिक ढांचे और नियमित 'फायर ऑडिट' की व्यवस्था होने से न केवल आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि यह स्वयं संस्थान मालिकों के लिए भी उनके निवेश और व्यवसाय की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जवाब में बताया कि इस विषय पर 3 महीने पहले विभाग की बैठक हुई थी। इसमें तय किया गया है कि नगर निगम के 74 वें संविधान संशोधन में नगर निगम को अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि आने वाले समय में हम होम अफेयर मिनिस्ट्री से जो मॉडल फायर सेफ्टी एक्ट आया है, उसके ही मार्गदर्शन में मप्र का भी फायर सेफ्टी एक्ट बना रहे हैं। आने वाले 2 से 3 महीने में हम फायर सेफ्टी एक्ट बनाकर प्रस्तुत कर देंगे।

### विधानसभा में मंत्री शाह ने लगाई घोषणाओं की झड़ी, नेता प्रतिपक्ष का तंज ये 'भाषण की बुलेट ट्रेन'

जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह की घोषणाओं और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के तीखे बयानों के बीच सदन का माहौल गर्म रहा। एक ओर मंत्री ने आदिवासी क्षेत्रों के लिए बड़े ऐलान किए, तो दूसरी ओर विपक्ष ने सवाल उठाए। बहस के दौरान विजय शाह ने कहा कि वे आदिवासी विधायकों को कम से कम 10-10 करोड़ रुपए देंगे, क्योंकि उन्हें ज्यादा जरूरत है। इस बयान पर विपक्ष ने कड़ा एतराज जताया। कांग्रेस विधायकों ने सवाल उठाया कि क्या अन्य क्षेत्रों के विधायक कम महत्वपूर्ण हैं। शाह ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य आदिवासी अंचलों के विकास को प्राथमिकता देना है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंत्री के भाषण पर तंज कसते हुए कहा कि 'इनके भाषण की बुलेट ट्रेन जल्दी आ गई, जापान से बुलेट ट्रेन लेट आएगी।' इस पर सत्ता पक्ष की ओर से भी ठहाके लगे।

### मप्र में 70 महीनों में 715 कैदियों की मौत, 36 ने की आत्महत्या

मध्यप्रदेश की जेलों में एक अप्रैल 2020 से पिछले 70 महीनों के दौरान 715 कैदियों की मौत हो चुकी है। इनमें 36 बंदियों ने आत्महत्या की, जबकि 54 कैदी जेल से फरार हो गए। यह जानकारी राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी ने विधायक उमाकांत शर्मा के सवाल के लिखित जवाब में दी। मंत्री पटेल ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 11 केंद्रीय जेल, 41 जिला जेल, 73 उपजेल और 8 खुली जेल संचालित हैं। इसके बावजूद जेलों में क्षमता से अधिक कैदी रखे जा रहे हैं, जिससे व्यवस्थाओं पर अतिरिक्त दबाव बना हुआ है। सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश की 15 जेलों की बाउंड्रीवाल पर इलेक्ट्रिक वायर फेंसिंग लगाई गई है, ताकि कैदी दीवार फांदकर फरार न हो सकें। अन्य जेलों में भी यह कार्य प्रक्रियाधीन है। सभी जेलों को सीसीटीवी नेटवर्क से जोड़ा गया है। सरकार ने जेलों में सुधार और पुनर्वास की दिशा में भी कदम उठाने का दावा किया है। प्रदेश की 13 सर्किल जेलों और 11 जिला जेलों में विभिन्न उद्योग संचालित किए जा रहे हैं, जहां बंदियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्ष 2025 में 2828 बंदियों को इन उद्योगों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### मप्र में 201 करोड़ खर्च, फिर भी न निवेश न रोजगार

पिछले तीन साल में मध्यप्रदेश में आयोजित संभागीय इंडस्ट्रियल मीट और भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट पर सरकारी खजाने से कुल 201 करोड़ 85 लाख 31 हजार रुपये खर्च किए गए, लेकिन इन आयोजनों से न तो कोई एमओयू हुआ, न निवेश आया और न ही रोजगार सृजन का कोई अनुबंध हुआ। यह जानकारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया के सवाल के लिखित जवाब में दी। विधायक डॉ. भूरिया ने वर्ष 2020 से 2025 के बीच संभाग स्तर पर आयोजित इंडस्ट्रियल समिट में किए गए एमओयू, संबंधित संस्थाओं और प्रस्तावित निवेश की जानकारी मांगी थी। साथ ही भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में किन कंपनियों से समझौते हुए, कितनी राशि के निवेश का अनुबंध हुआ और कितने लोगों को रोजगार देने का एमओयू किया गया-इसका भी ब्यौरा चाहा था। मुख्यमंत्री के जवाब के अनुसार, वर्ष 2023 में 1565 लाख 22 हजार रुपये, वर्ष 2024 में 7753 लाख रुपये और वर्ष 2025 में प्रावधिक रूप से 10867 लाख 9 हजार रुपये खर्च किए गए। इस तरह तीन वर्षों में कुल व्यय 201 करोड़ 85 लाख 31 हजार रुपये तक पहुंच गया।

### हरियाणा के सीएम बोले- विपक्ष राम विरोधी, निंदा प्रस्ताव लाएंगे

# विधानसभा में जी-रामजी पर हंगामा, कांग्रेस का वॉकआउट

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा विधानसभा बजट सत्र का गुरुवार को 5वां दिन रहा। विधायक रामकुमार कश्यप की ओर से लाए गए जी राम जी पर चर्चा के प्रस्ताव पर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक बीबी बत्रा ने कहा कि जी राम जी को लेकर इस हाउस में चर्चा से क्या होगा। इसे लेकर बत्रा की स्पीकर हरविंद्र कल्याण में तीखी बहस भी हुई। इस पर स्पीकर ने कह दिया कि आप यदि इस पर चर्चा करना चाहते हैं तो बोलिए अन्यथा और किसी विषय पर चर्चा नहीं की जाएगी। इसे लेकर कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। सीएम नायब सैनी ने कहा कि विपक्ष राम विरोधी है, हम निंदा प्रस्ताव लाएंगे।



### 25 कॉलोनियों को मिलेगा पानी

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर घर नल से जल पहुंचे। इस दिशा में विभाग लगातार काम कर रहा है और नई नियमित कॉलोनियों में भी पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा वीरवार को हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान विधायक गीता भुक्कल द्वारा पूछे प्रश्न का जवाब दे रहे थे।मंत्री गंगवा ने कहा कि हाल ही में झज्जर में की गई 25 नियमित कॉलोनियों में जलापूर्ति की योजनाएं तैयार की जा चुकी हैं और उनके लिए अनुमान भी तैयार कर लिया गया है।

### प्राकृतिक आपदा पर हमारी सरकार ने किसानों को पूरा मुआवजा दिया

चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक बलराम दांगी ने कहा, 30 गांवों के 9000 किसानों ने मुआवजा के लिए अप्लाई किया था। इस किसानों में से 90 से 95% फसलों को नुकसान हुआ है। इनके खेतों में पानी भरा हुआ है। इनमें से अभी तक 1732 किसानों को मुआवजा दिया गया है। बाकी का काट दिया गया है। इसका जवाब देते हुए सीएम नायब सैनी ने कहा, प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों को जो नुकसान हुआ है, उसका 100% पैसा खाते में पहुंचाया गया है। कांग्रेस के शासनकाल में पटवारी एक जगह बैठ जाते थे। हमने कार्रवाई की है, पटवारियों पर। हमारी सरकार ने आपके क्षेत्र में साढ़े छह करोड़ रुपया खराबे का भेजा हुआ है। मैं आपकी बुराई नहीं कर रहा है, लेकिन आपके समय में सिस्टम ही ऐसा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। इस दिशा में जिला स्तर के अस्पतालों को सीटी स्कैन, एमआरआई, डिजिटल एक्सरे इत्यादि सभी सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में विशेष अदालत ने सख्त फैसला सुनाया है। द्वितीय फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय के पीठासीन अधिकारी विनय कुमार प्रधान ने आरोपी महेश धीवर (35) को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन के मुताबिक 8 मई 2024 की शाम करीब 5:30 बजे 9 साल 7 माह की बच्ची दूधाधारी मठ मंदिर के पास गोबर लेने गई थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले आरोपी ने उसे बहला-फुसलाकर अपने कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर चुप रहने के लिए दबाव बनाया। डरी-सहमी बच्ची ने घर लौटकर अपनी मां को पूरी घटना बताई। 13 मई 2024 को टिकरापारा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई।

### सांई मंदिर को चोरों ने बनाया निशाना, चांदी के जेवर चोरी, मंदिर में प्रवेश कर गार्ड के हाथ पैर बांधे

**दुर्ग।** जिले के भिलाई नगर थाना क्षेत्र के सेक्टर 6 स्थित साईं मंदिर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने पीछे के रास्ते से मंदिर में प्रवेश किया और गार्ड के साथ मारपीट कर उसके हाथ पैर बांध दिए। इसके बाद मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर से चांदी के आभूषण और सीसीटीवी का डीवीआर चोरी कर फरार हो गए। पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी है। बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने सेक्टर 6 साईं बाबा मंदिर में वारदात को अंजाम दिया। चोर पीछे के रास्ते से स्कार्फ बांधकर मंदिर में घुसे। पहले गार्ड के साथ मारपीट कर उसे बंधक बनाया। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के केबल काट दिए और साईं बाबा की प्रतिमा पर लगे चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ ले लिया। सुबह चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम को बुलाया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) विक्की, (2) सोनू पुत्र** मुकेश, **निवासी:** पोल नं0–5 के पास वाटर आरओ प्लांट, ग्राम पोचनपुर, नजफगढ़, नई दिल्ली–43, ने **CT Case No. 863/2023, U/S 135 of the Indian Electricity Act, पुलिस स्टेशन द्वारका सैक्टर–23, दक्षिण–पश्चिम जिला, नई दिल्ली**, के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT Case No. 863/2023, U/S 135 of the Indian Electricity Act, पुलिस स्टेशन द्वारका सैक्टर–23, दक्षिण–पश्चिम जिला, नई दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त **(1) विक्की (2) सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.04.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री हरलीन सिंह**
**अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**(दक्षिण–पश्चिम), विशेष विद्युत कोर्ट,**
**कोर्ट नं0–609, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/2512/DW/2026**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू उर्फ बबका पुत्र** राज बहादुर, **निवास:** C-285, गली नं. 5, नंगली विहार एक्सटेंशन, बापरोला, दिल्ली ने **FIR No. 150/2021, U/s 392/458/34 IPC., थाना: रनहोला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू उर्फ बबका** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू उर्फ बबका** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 150/2021, U/s 392/458/34 IPC., थाना: रनहोला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ बबका** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अंकित करण सिंह**
**जेएमएफसी-08, कमरा नं. 30**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/2545/OD/2026**
**(Court Notice)**

## चिंतन

# रचनात्मक स्वतंत्रता व सामाजिक संवेदनशीलता के बीच हो संतुलन

केरल उच्च न्यायालय ने फिल्म 'केरला स्टोरी 2' की रिलीज पर रोक लगा दी और सेंसर बोर्ड को कहा है कि वह इसे दिए गए प्रमाणपत्र की पुनः समीक्षा करे। असल में फिल्मों के नाम व कथानक को लेकर भारत में विवाद कोई नया नहीं है। हाल ही में एक फिल्म घूसखोर पंडित के टाइटल पर भी तीखा विवाद हुआ था और निर्माता द्वारा नाम बदलने के बाद ही यह मामला शांत हुआ। शायद ही कोई कला माध्यम सिनेमा जितनी तीव्र सार्वजनिक बहस को जन्म देता हो। फिल्में केवल मनोरंजन नहीं करतीं, वे इतिहास की व्याख्या करती हैं, संस्कृति को आकार देती हैं और भावनात्मक प्रतिक्रियाएं भी उत्पन्न करती हैं। इसी कारण फिल्मों को लेकर विवाद इस माध्यम की प्रकृति का हिस्सा हैं। राजनीतिक, धार्मिक, क्षेत्रीय व जातीय विषयों वाली फिल्में अक्सर व्यापक सामाजिक तनावों का केंद्र बन जाती हैं। ताजा विवाद भी कुछ इसी तरह का है। मामले में याचिकाकर्ता का तर्क था कि फिल्म विभिन्न राज्यों की महिलाओं के बारे में है, जिन्हें कथित रूप से फुसलाकर धार्मिक परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाता है, लेकिन फिल्म का शीर्षक केरला स्टोरी 2 है, जिससे कथित तौर पर जबरन धर्मांतरण के विषय को केरल राज्य से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है। यह भी आरोप लगाया गया कि यह फिल्म कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा कर सकती है। यह फिल्म एक भ्रामक क्षेत्रीय संबंध स्थापित करती है और केरल के लोगों की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को कमजोर करती है। देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहस का विषय रही है। इसे लेकर अनेक बार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पैरोकारों के बीच विरोधाभास भी देखने को मिला है। दरअसल, लोग अपनी सुविधा के हिसाब से इस स्वतंत्रता का पक्ष लेते रहे हैं। सिनेमा के क्षेत्र में ऐसा होना कोई अपवाद नहीं है। अधिकांश फिल्म विवादों के मूल में एक केंद्रीय मुद्दा होता है व्याख्या। एक फिल्मकार की दृष्टि अक्सर जनता की धारणा से टकरा जाती है। जब दर्शकों को लगता है कि किसी फिल्म में उनकी पहचान, इतिहास या मूल्यों का गलत चित्रण किया गया है तो विरोध स्वाभाविक हो जाता है। उदाहरण के तौर पर ऐतिहासिक विषय पर बनी फिल्म पद्मावत को रिलीज से पहले ही भारी विरोध का सामना करना पड़ा। यह विरोध फिल्म की वास्तविक सामग्री से अधिक सांस्कृतिक विकृति की आशंका पर आधारित था। यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि आजकल विवाद अक्सर फिल्म देखने से पहले ही राजनीतिक और सामाजिक आशंकाओं के कारण खड़े हो जाते हैं। राजनीतिक विषयों पर आधारित फिल्में भी तीखी प्रतिक्रियाओं को जन्म देती हैं। द कश्मीर फाइल्स इसका प्रमुख उदाहरण है, जिसने भारत में गहन राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया। समर्थकों ने इसे ऐतिहासिक पीड़ा का सशक्त चित्रण बताया, जबकि आलोचकों ने इसके कथानक और राजनीतिक दृष्टिकोण पर प्रश्न उठाए। इससे स्पष्ट होता है कि सिनेमा अब केवल कला का माध्यम नहीं, बल्कि वैचारिक विमर्श का मंच भी बन गया है। सोशल मीडिया ने इन विवादों को और अधिक तेज और व्यापक बना दिया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन जैसी संस्थाओं का दायित्व रचनात्मक स्वतंत्रता और सामाजिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन बनाना है, लेकिन उनके निर्णयों की अक्सर दोनों पक्षों से आलोचना होती है। कभी अधिक सख्ती के लिए तो कभी ढील देने के लिए। यह द्वंद्व हमारे समाज की जटिलता को दर्शाता है। हालांकि, कई बार ऐसे विवाद समाज में आवश्यक संवाद को जन्म देते हैं।



विश्लेषण

ऋतुपर्ण दवे

# क्या ट्रंप सबसे विवादित राष्ट्रपति कहलाएंगे

**डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति कम, कई बार राष्ट्रविद्रोही की भूमिका में ज्यादा नजर आने लगते हैं। वहां के सुप्रीम कोर्ट ने कानून की हद और जद में वो फैसला सुनाया, जो उनके खिलाफ था। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा लिखे गए फैसले के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने बौखलाहट भरी प्रतिक्रियाएं दीं कि टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद निराशाजनक है। कोर्ट के कुछ सदस्यों पर शर्म आ रही है, जो देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं कर पाए। निश्चित रूप इससे ट्रंप की साख गिरी है, न कि अमेरिकी सुप्रीम अदालत की। निश्चित रूप से ट्रंप की स्थिति बहुत मजाक वाली हो गई है, कहीं न कहीं वो हाशिए पर भी हैं।**

न्याय तो न्याय होता है फिर वो अपनों के लिए हो या गैरों के लिए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह भी नागवार गुजरा, जब वहां के सुप्रीम कोर्ट ने कानून की हद और जद में वो फैसला सुनाया, जो उनके खिलाफ था। दरअसल अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट में अदालतों की नियुक्ति वहां के राष्ट्रपति करते हैं जो कि आजीवन या जब तक जज सक्षम, स्वस्थ और सक्रिय रहें, तब तक के लिए होती है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में ट्रंप के पहले कार्यकाल के नियुक्त तीन जज थे। इनसे ट्रंप पूरे भरोसे में थे, इतने कि उन्हें अपनी जागीर समझ बैठे। फैसला उनके खिलाफ भला कैसे जाएगा? लेकिन वो ये भूल गए कि जजों ने न्याय करने की शपथ ली थी न कि ट्रंप के हितों की रक्षा की। फैसला आते ही उन्होंने जिन शब्दों में सुप्रीम कोर्ट और खिलाफ फैसला देने वाले जजों पर आरोप लगाए तो निश्चित रूप से अमेरिका की पूरी न्याय प्रणाली पर कटाक्ष था, जो बेहद निंदनीय है। इसी तरह हालिया भारत-पाक युद्ध को रोकने को लेकर अनगिनत बार एकतरफा बोलने वाले ट्रंप इस बार तो इतना कह गए कि यदि वो दोनों का परमाणु युद्ध नहीं रुकवाते तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की हत्या हो जाती।

वाकई ट्रंप, ट्रंप ही हैं और वो अमेरिका के राष्ट्रपति कम, कई बार राष्ट्रविद्रोही की भूमिका में ज्यादा नजर आने लगते हैं। दुनिया भर में इस फैसले की चर्चा इसलिए भी हो रही है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से इसे असंवैधानिक करार दिया। इसमें ट्रंप के नियुक्त जजों ने भी अहम भूमिका निभाई। 6-3 के बहुमत से ट्रंप टैरिफ को असंवैधानिक करार देते हुए 1977 के आईईईपीए कानून यानी 'अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम' (इंटरनेशनल इमरजेंसी इकॉनामिक पॉवर ऐक्ट) का हवाला दिया। यह वो अमेरिकी कानून है जो राष्ट्रपति को राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान विदेशी खतरों से निपटने के लिए आर्थिक लेनदेन, आयात-निर्यात और संपत्ति को विनियमित करने का अधिकार देता है। जबकि अमेरिका में ऐसी स्थिति नहीं है। बिना कांग्रेस की सहमति लिए जिद्दी ट्रंप ने दुनिया भर में मनमाने टैरिफ ठोंक दिए। इससे भारत भी अछूता नहीं रहा। फैसला आते ही कुछ देर में ट्रंप ने प्रेस कांफ्रेंस की, जिसमें फैसले की न केवल आलोचना की बल्कि विरोध में फैसला देने वाले खुद के नियुक्त जजों को जमकर कोसा, लताड़ा भी। कोर्ट पर मनमाने आरोप भी लगाए और कहा कि अदालत विदेशी हितों और ऐसे राजनीतिक आंदोलनों से प्रभावित है, जो लोगों की सोच से छोटे हैं। फैसले को अपने चुनाव परिणाम से जोड़ते हुए कहा कि मैं लाखों वोटों से जीता फिर भी धोखाधड़ी हुई, नहीं तो अंतर और बढ़ता बावजूद इसके भारी मतों से जीता। उन्होंने यहां तक कहा कि जो लोग बुरे, अनजान और शोर मचाने वाले हैं, वो चिल्लाकर बोलते हैं। ऐसा लगता है कि कुछ जज इससे डर गए और सही काम नहीं करना चाहते। जस्टिस गोरसच और जस्टिस बैरेट जो ट्रंप के द्वारा नियुक्त थे, ने भी खिलाफ में फैसला दिया, जबकि ब्रेट कैवनॉघ ट्रंप द्वारा नियुक्त वो जज थे, जिन्होंने पक्ष में फैसला सुनाया। मुख्य न्यायधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा लिखे गए फैसले के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने बौखलाहट भरी प्रतिक्रियाएं दीं कि टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद निराशाजनक है। कोर्ट के कुछ सदस्यों पर शर्म आ रही



है, जो देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं कर पाए। निश्चित रूप इससे ट्रंप की साख गिरी है, न कि अमेरिकी सुप्रीम अदालत की। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स के साथ बहुमत में न्यायाधीश नील गोरसच और एमी कोनी बैरेट भी शामिल थे। इनकी नियुक्ति ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में की थी। सहमति जताने वालों में न्यायाधीश क्लेरेंस थामस, सैमुअल एलिटो और ब्रेट कैवना थे जिनमें कैवना को ट्रंप ने नियुक्त किया था। इन्होंने असहमति मत में लिखा कि वास्तव में टैरिफ आयात को नियंत्रित करने का पारंपरिक और सामान्य उपकरण है तथा आईईईपीए का पाठ, इतिहास तथा पूर्व की तमाम मिसालें प्रशासन के पक्ष का समर्थन करती हैं। जज कैवना ने चेतावनी दी कि इस निर्णय से चीन, ब्रिटेन और जापान जैसे देशों के साथ हुए व्यापार समझौतों पर अनिश्चितता पैदा हो सकती है। हालांकि फैसले में यह साफ नहीं है कि कंपनियों को उन अरबों डॉलर का रिफंड मिलेगा या नहीं, जो दिसंबर 2025 तक ही अमेरिकी खजाने में करीब 133 अरब डॉलर से अधिक जमा हो चुके हैं। इनमें कुछ कंपनियां पहले ही निचली अदालतों में रिफंड का दावा पेश कर चुकी हैं। निश्चित रूप से ट्रंप की स्थिति बहुत मजाक वाली हो गई है। कहीं न कहीं वो हाशिए पर भी हैं। ट्रंप की खिसियाहट इसी से समझ आती है कि एक तो उन्होंने अदालत को भला-बुरा कह कर दुनिया को चौंकाया और यहां तक कि उनके द्वारा नियुक्त विरोध में फैसले देने वाले न्यायाधीशों को देश द्रोही और परिवार में कैसे मुंह दिखाएंगे, तक कह दिया। लगता है कि ट्रंप को न्याय में विश्वास नहीं है और देर-सबेर अमेरिका में यह मांग भी उठेगी कि भारत सहित तमाम देशों की न्याय पालिका के समान वाली साफ और निष्पक्ष व्यवस्था अमेरिका में भी हो, जिससे नियुक्त न्यायाधीश बिना किसी के दबाव में न्याय हित में काम कर सकें। हां, ट्रंप का एक और सुन्दर सपना टूट जरूर गया है लेकिन ट्रंप और विवादों का चोली-दामन का रिश्ता कब और क्या, कुछ नया कर दे, कोई नहीं जानता। फिलाहाल ट्रंप ने ग्लोबल टैरिफ लगाकर, जब चाहें तब बदलकर अपने ही देश की सर्वोच्च अदालत को एक तरह से चुनौती दे डाली। इससे पहले शांति का नोबल पुरस्कार न मिलने पर उनकी हरकतों को दुनिया ने देखा। यह सब उनके पद और गरिमा को देखकर अनुकूल नहीं था। लगता है वो अमेरिका के ऐसे राष्ट्रपति जरूर बनने की ओर हैं जो सबसे विवादित, सनकी, नासमझ और तानाशाह कहलाएंगे। बता दें कि, व्हाइट हाउस में अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ एक संयुक्त प्रेस कार्यक्रम के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने एक महिला पत्रकार से सवाल पूछने के लिए कहा। जब पत्रकार ने चीन की लैटिन अमेरिका में बढ़ती उपस्थिति को लेकर अमेरिका की भूमिका पर एक सवाल किया, तो ट्रंप ने जवाब देने के बजाय उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस की ओर मुड़कर कहा, 'मुझे बस उनकी बातें सुनना अच्छा लगता है।' इसके बाद दोनों को हंसते हुए देखा गया, और फिर ट्रंप ने वापस पत्रकार की ओर मुड़कर कहा, 'बशाबाश...शाबाश...शुक्रिया, डार्लिंग।' यह वीडियो ऑनलाइन तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने ट्रंप को आड़े हाथों लिया।

इससे पहले, ट्रंप ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को दिए गए एक अटपटे कॉम्प्लीमेंट को लेकर भी सुर्खियां बटोरी थीं। शर्म अल-शेख में एक गाजा शांति शिखर सम्मेलन के दौरान वैश्विक नेताओं को धन्यवाद देते समय ट्रंप ने मेलोनी की ₹खूबसूरती₹ पर जोर दिया और पूछा कि क्या वह इस तारीफ से नाराज तो नहीं हैं। बहरहाल, ऐसे खिसियाए ट्रंप को देखकर लोग यही कह रहे हैं 'जिन्हें हम हार समझे थे गले अपने लगाने को, वही काले नाग बन बैठे हमें ही काट खाने को।'

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## शहीदी दिवस

सुनील कुमार महला



# चंद्रशेखर आज़ाद : क्रांति, साहस व आत्मसम्मान की अमर गाथा

महान क्रांतिकारी, अदम्य साहस, अटूट देशभक्ति और आत्मसम्मान के प्रतीक चंद्रशेखर आज़ाद का आज 27 फरवरी को शहीद दिवस है। वर्ष 1931 में इसी दिन उन्होंने इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के चंद्रशेखर आज़ाद पार्क (तत्कालीन अल्फ्रेड पार्क) में अंग्रेजों से घिर जाने पर वीरगति प्राप्त की। इनका जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में हुआ तथा उनका बचपन झाबुआ जिले के भाबरा गांव में बीता, जहां उनके अधिकांश मित्र भील जनजाति के बालक थे। उनके साथ रहते हुए उन्होंने बचपन में ही धनुष-बाण चलाने में दक्षता हासिल कर ली, जो आगे चलकर उनकी अचूक निशानेबाजी का आधार बनी। इनका वास्तविक नाम चंद्रशेखर तिवारी था और 'आज़ाद' नाम उन्होंने स्वयं अदालत में घोषित किया था। दिसंबर 1921 में असहयोग आंदोलन में भाग लेने के कारण जब उन्हें गिरफ्तार किया गया तो मजिस्ट्रेट के सामने उन्होंने अपना नाम 'आज़ाद', पिता का नाम 'स्वतंत्रता' और पता 'जेलखाना' बताया। सजा के रूप में उन्हें 15 कोड़े लगाए गए, जिसके बाद से वे 'आज़ाद' के नाम से प्रसिद्ध हो गए।

उनकी माता जगरानी देवी चाहती थीं कि वे संस्कृत के विद्वान बनें, इसलिए उन्हें पढ़ाई के लिए वाराणसी के काशी विद्यापीठ भेजा गया, किंतु जलियांवाला बाग हत्याकांड ने उनकी सोच बदल दी और वे क्रांतिकारी मार्ग पर चल पड़े। उनकी जुबां पर अक्सर एक शेर रहता था-'दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, आज़ाद ही रहे हैं, आज़ाद ही रहेंगे।' आज़ाद ने शपथ ली थी कि वे कभी अंग्रेजों के हाथ जीवित नहीं पकड़े जाएंगे और उन्होंने अंत तक अपने इस वचन को निभाया भी। वे भेष बदलने की कला में अत्यंत निपुण थे तथा कई बार पुलिस के सामने से निकल गए और उन्हें पता भी नहीं चला। पुलिस से बचने के लिए वे साधु/संन्यासी बनकर भी रहे और बच्चों को पढ़ाया। झांसी के पास ओरछा के जंगलों में उन्होंने 'पंडित हरिशंकर ब्रह्मचारी' नाम से संन्यासी रूप में निवास किया तथा साथियों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया। उनकी फुर्ती और तेज दिमाग के कारण साथी उन्हें 'क्विक सिल्वर' (पारा) कहते थे। वे क्रांतिकारी संगठन के वरिष्ठ नेता थे और युवाओं को प्रशिक्षण देते थे, जिनमें भगत सिंह भी शामिल थे। भगत सिंह उन्हें सम्मान से 'पंडित जी' कहते थे। दोनों की जोड़ी को 'आग और हवा' की तरह माना जाता था, जहां भगत सिंह वैचारिक रूप से गहरे थे, वहीं आज़ाद संगठन संचालन और क्रांतिकारी कार्रवाई में निपुण थे। महात्मा गांधी द्वारा 1922 में असहयोग आंदोलन स्थगित किए जाने के बाद वे हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचआरए) से जुड़े। क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए धन जुटाने हेतु 1925 में काकोरी ट्रेन कार्रवाई की गई। बाद में संगठन का पुनर्गठन कर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) बनाया गया, जिसकी स्थापना 1928 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला में आज़ाद, भगत सिंह, सुखदेव थापर और जोगेश चंद्र चटर्जी सहित अन्य साथियों ने की। उल्लेखनीय है कि आज़ाद 1929 में लॉर्ड इरविन की ट्रेन पर बम फेंकने की योजना में भी शामिल थे। 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया। उन्होंने अपने साथी सुखदेव राज को सुरक्षित निकल जाने का अवसर दिया और स्वयं लगभग 40 मिनट तक अकेले पुलिस से लोहा लेते रहे। उस समय उनके पास केवल एक छोटी कोल्ट पिस्तौल थी। जब अंतिम गोली बची तो अपनी प्रतिज्ञा निभाते हुए उन्होंने स्वयं को गोली मार ली और वीरगति प्राप्त की। जानकारी मिलती है कि उनकी मृत्यु के बाद भी ब्रिटिश पुलिस उनके पास जाने से डर रही थी। पुष्टि करने के लिए दूर से उनके शरीर पर गोलियां चलाई गईं, तब जाकर वे पास पहुंचे। आज़ाद अत्यंत सादगीपूर्ण जीवन जीते थे। बहुत कम लोग ही जानते होंगे कि कई बार संगठन के लिए धन बचाने हेतु स्वयं भूखे रह जाते थे, लेकिन अपने साथियों की जरूरतें वे पहले पूरी करते थे। उनकी शहादत के बाद काफी समय तक उनकी माता को पूरी जानकारी नहीं दी गई थी, ताकि उन्हें गहरा सदमा न पहुंचे। निष्कर्षतः चंद्रशेखर आज़ाद ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने युवाओं को यह संदेश दिया कि स्वतंत्रता, स्वाभिमान और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि दृढ़ संकल्प, त्याग और साहस से असंभव प्रतीत होने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं।



( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित

दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

# गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई




संकलित

प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन्, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

## समय से पहले खिले फूल



श्रीनगर के बादामवारी में गुरुवार को एक तितली बादाम के फूलों पर मंडराती हुई, इस साल पेड़ों पर असामान्य रूप से फूल जल्दी खिले हैं, जो मौसम के बदलते पैटर्न का संकेत है।

## आज की पाती

### विधायकों के भत्ते या फिजूलखर्ची

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली सुविधाएं हमेशा चर्चा और बहस का विषय रही हैं। वेतन और भत्तों का मूल उद्देश्य यह माना जाता है कि निर्वाचित प्रतिनिधि आर्थिक चिंता से मुक्त होकर जनता की सेवा कर सकें। लेकिन जब इन सुविधाओं का आकार बढ़ता है और उनके उपयोग में पारदर्शिता कम दिखाई देती है, तो स्वाभाविक रूप से सवाल उठते हैं। हाल ही में बिहार विधानसभा द्वारा विधायकों और विधान पार्षदों के लिए मासिक टेलीफोन भत्ता बढ़ाकर 8300 रुपए करने का निर्णय सामने आया है। इस फैसले की सबसे खास बात यह है कि यह राशि बिना किसी बिल या वाउचर के दी जाएगी। यानी खर्च का प्रमाण देना अनिवार्य नहीं होगा। यही कारण है कि यह विषय अचानक सार्वजनिक चर्चा का केंद्र बन गया है। **- ललित बंझोर**, रायपुर

## ट्रेंड

### मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स



हमारी सरकार ने गोंदिया-जबलपुर, पुनारख-किऊल और गम्हरिया-चांडिल के बीच तीन मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में आर्थिक विकास तेज होने के साथ-साथ रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आतंकवाद स्वीकार नहीं



भारत और इजरायल पूरी तरह से स्पष्ट हैं कि आतंकवाद का दुनिया में कोई स्थान नहीं है। किसी भी रूप में, किसी भी अभिव्यक्ति में, आतंकवाद को स्वीकार नहीं किया जा सकता।हम कंधे-से-कंधा मिलाकर आतंकवाद और उनके समर्थकों का विरोध करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

**-पियुष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### गोवा में मिला अवसर



गोवा ने हमें एक छोटा सा अवसर दिया है, हम पूरी ईमानदारी और क्षमता से काम कर रहे हैं। हमें पूरे राज्य की सेवा करने का मौका दीजिए, और हम शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सड़कें, बिजली और पानी जैसी व्यवस्थाओं में पंजाब की तर्ज पर बदलाव लाएंगे।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### ट्रंप की धमकी



आप सब जानते हैं, रूस हमारा पुराना दोस्त, हमको तेल बेचता था, ईरान हमको तेल बेचता था, हम सस्ते में वहां से लेते थे, लेकिन ट्रंप ने धमकी दी और ये बोले- यस सर। ट्रंप जो कहते हैं उसको- यस सर।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन में हिंदू मंदिर के बंद होने का खतरा

पूर्वी ब्रिटेन के पीटरबरो शहर में एक परिसर में मौजूद 40 साल पुराने हिंदू मंदिर और कम्युनिटी सेंटर के बंद होने का डर है, क्योंकि स्थानीय प्राधिकारियों ने इस भवन को बेचने के फैसले को सही ठहराया है जो मंदिर के लिए किराये पर दिया गया है। भारत हिंदू समाज मंदिर की स्थापना 1986 में शहर के न्यू इंग्लैंड कॉम्प्लेक्स में हुई थी और कैम्ब्रिजशायर, नॉरफॉक तथा लिंकनशायर के बड़े इलाके के 13,000 से अधिक हिंदू यहां दर्शन करने आते हैं। मंदिर प्रशासन पीटरबरो सिटी काउंसिल से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए अभियान चला रहा है। इस महीने की शुरुआत में काउंसिल कैबिनेट की बैठक में यह कहा गया कि संपत्ति की बिक्री से करदाताओं के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल्य दिलाने की उसकी कानूनी जिम्मेदारी/" है। वहीं, मंदिर ने एक बयान में कहा, हम भारत हिंदू समाज से जुड़े भवन की बिक्री की कड़ी निंदा करते हैं। समुदाय द्वारा बनाई गई संस्था को बंद दरवाजों के पीछे बिना पारदर्शिता या सहमति के नहीं बेचा जाना चाहिए। इसमें कहा गया, ' 'यह सिर्फ संपत्ति के बारे में नहीं है, बल्कि विरासत, भरोसे और जवाबदेही के बारे में है। समुदाय जवाब पाने का हक रखता है, गोपनीयता का नहीं। इस फैसले पर सवाल उठाए जाने चाहिए और इसका विरोध किया जाना चाहिए।''



## ऑफ बीट

# मानसिक समस्या जितनी गंभीर, सहानुभूति उतनी कम



समाज में चिंता (एंग्जायटी), अवसाद (डिप्रेशन) और एडीएचडी जैसी कुछ मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को पहले की तुलना में अब अधिक स्वीकार्यता मिली है। लोग अब कार्यस्थल, घर और सोशल मीडिया पर इनके बारे में खुलकर बात कर पाते हैं और अक्सर उन्हें सलाह भी मिलती है। यह बदलाव महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे मदद मांगना आसान हुआ है और संस्थानों के लिए मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को आधार बना कर कड़े कदम उठाना कठिन हो गया। लेकिन सार्वजनिक सहानुभूति समान रूप से नहीं मिलती है। कुछ स्थितियां व्यापक रूप से समझी जाती हैं, जबकि अन्य को अब भी संदेह और कठोर निर्णय का सामना करना पड़ता है। जैसे-जैसे लोग कुछ बीमारियों से परिचित होते जाते हैं, वे बीमारियां मानसिक रोग की /"स्वीकार्य/" छवि तय करने लगती हैं। जो लक्षण इस छवि में फिट नहीं बैठते, उन्हें अलग नजर से देखा जाता है। यहां बात 'अस्वीकार्यता' से संबंधित है। शोध से पता चलता है कि अवसाद और चिंता के प्रति सामाजिक नजरिया नर्म है, जबकि शिज़ोफ्रेनिया और व्यक्तित्व विकारों (जैसे बॉर्डरलाइन या नार्सिसिस्टिक पर्सनैलिटी डिसऑर्डर) के प्रति समाज में अधिक दूरी और भय वाली सोच है। नौ अलग-अलग निदानों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि लोगों द्वारा दूरी बनाए रखने की इच्छा शिज़ोफ्रेनिया और पर्सनैलिटी डिसऑर्डर के मामलों में सबसे अधिक थी।

# नेहरू के शासनकाल की विदेश नीति, सीमा सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय निर्णयों की समीक्षा होः पात्रा

## नेहरू युग में लिए गए निर्णयों के नकारात्मक प्रभाव आज भी दे रहे दिखाईः भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कहा कि नेहरू युग में भारत की विदेश नीति, सीमा सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लिए गए निर्णयों के नकारात्मक प्रभाव आज भी दिखाई देते हैं, आज इन ऐतिहासिक घटनाओं की समीक्षा जरूरी है। भाजपा के लोकसभा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ संबित पात्रा ने गुरुवार को दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते विश्व एआई समिट में कांग्रेस की एक सोची समझी साजिश के तहत भारत को बदनाम करने की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस और विशेष रूप से नेहरू युग की कॉम्प्रोमाइज्ड नीतियों को लेकर गंभीर आरोप लगाए। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान प्लेकार्ड के माध्यम से कांग्रेस से सात सवाल भी पूछे गए।

डॉ. पात्रा ने कहा कि आज जो घटनाक्रम सामने आया, उसके पीछे एक सोचा-समझा प्लान और अरेंजमेंट था। सोशल मीडिया पर कई रील्स और ट्वीट्स के माध्यम से यह दावा किया गया जा रहा है कि उन्हें कांग्रेस कार्यालय और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की ओर से मेसेज आए थे, जिनमें वर्ल्ड एआई समिट के खिलाफ ट्वीट या रील बनाने पर



25,000 रुपए, 50,000 रुपए से लेकर 1.5 लाख रुपए तक देने की बात कही गई। ऐसे कई उदाहरण सोशल मीडिया पर साझा किए गए हैं, जिनमें कथित संदेशों के स्क्रीनशॉट भी दिखाए गए, और कुछ मीडिया चैनलों ने भी इन्हें प्रसारित किया। यह सब भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नीचा दिखाने की राहुल गांधी की एक पूर्व-नियोजित तैयारी का हिस्सा था, और वो जिस तरह से 'कंप्रोमाइज्ड' शब्द का उपयोग कर रहे हैं, वास्तव में 'कंप्रोमाइज्ड' कौन है, आज देश को यह जानना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस पूरे सिलसिले में सबसे पहले जवाहरलाल नेहरू का नाम आता है, किस प्रकार कंप्रोमाइज्ड नेहरू ने देश को भी कंप्रोमाइज्ड किया। जिन्हें कभी 'चाचा नेहरू' कहा जाता था, वे दरअसल 'चाचा कॉम्प्रोमाइज्ड' थे और अब उन्हें इसी नाम से पुकारा जाना चाहिए। जब चाचा ही कंप्रोमाइज्ड थे तो देश की स्थिति क्या होगी, यह सहज समझा जा सकता है। चाचा कॉम्प्रोमाइज्ड की जो गलतियां थीं, वो केवल अनजाने में हुई नीतिगत गलतियां नहीं थीं, बल्कि सोच-समझकर और जान-बूझकर लिए गए फैसले थे, जिससे देश कंप्रोमाइज्ड हो।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि चाचा कॉम्प्रोमाइज्ड नेहरू के सचिवालय में सीआईए का इतना प्रभाव था कि उनके विशेष सहायक एम. ओ. मथाई को अमेरिकी एजेंट कहा जाता था। 1960 के दशक में रूस की एजेंसी केजीबी के एजेंट भी चाचा कॉम्प्रोमाइज्ड के कार्यालय में मौजूद थे। चाहे एमओ मथाई हों या केजीबी के एजेंट, उस समय सीआईए और केजीबी दोनों का ही नेहरू के कार्यालय पर दबदबा था। 60 और 70 के दशक में यह कहा जाता था कि नेहरू शासनकाल में विदेशी ताकतों को जिन दस्तावेजों की आवश्यकता होती थी, वे अमेरिका और रूस को आसानी से उपलब्ध हो जाते थे। चाचा कॉम्प्रोमाइज्ड का देश की सुरक्षा के साथ किया गया यह गंभीर कॉम्प्रोमाइज था। आखिर राष्ट्रीय सुरक्षा इतनी खोखली क्यों बनाई गई कि देश के गुप्त दस्तावेज विदेशी हाथों में पहुंच जाते थे?

डॉ. पात्रा ने कहा कि दूसरा विषय क्षेत्रीय समर्पण का है। चाचा कॉम्प्रोमाइज्ड ने जब मन किया, भारत के नक्शे पर मानो स्केच पेन से रेखा खींचकर हिस्से बांट दिए कि कौन स हिस्सा पाकिस्तान को दिया जाए और कौन सा चीन को। तिब्बत और अक्साई चीन की कहानी पूरा देश जानता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि नेहरू ने पश्चिम बंगाल सरकार को बिना सूचित किए और बिना किसी कैबिनेट कंसल्टेशन के, राज्य को अंधेरे में रखते हुए बेरूबारी के हिस्से को पाकिस्तान को देने का निर्णय लिया, जिसे नेहरू-नून समझौता कहा जाता है। इस समझौते के तहत बेरूबारी पाकिस्तान को सौंप दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने इसका संज्ञान लिया और स्पष्ट कहा कि इस प्रकार राज्य से परामर्श किए बिना देश के हिस्से को नहीं सौंपा जा सकता, लेकिन इसके बावजूद संविधान में नवें संशोधन के माध्यम से नेहरू ने बेरूबारी को पाकिस्तान को देने का कार्य किया।

लोक सभा सांसद ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए प्रयासरत है, जबकि 1950 में अमेरिका और 1955 में सोवियत संघ ने भारत को यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनाने का प्रस्ताव दिया था। लेकिन नेहरू ने अपनी बहन विजयलक्ष्मी पंडित को पत्र लिखकर कहा कि इससे चीन नाराज हो सकता है, इसलिए इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर देना चाहिए। नेहरू ने अमेरिका और रूस के उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया, जिसमें भारत को यूएनएससी का परमानेंट मेंबर बनाने की बात कही गई थी, क्योंकि उनका प्रिय मित्र चीन नाराज हो सकता था।

## खबर संक्षेप

### 5 महिलाओं को पिकअप ने रौंदा, 3 की मौत

**महोबा**। जिले में कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक पैलेस में बुधवार देर रात आयोजित वैवाहिक



कार्यक्रम में खाना बनाकर लौट रहीं 5महिलाओं को पीछे से आ रही पिकअप ने कुचल दिया। 3महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी घायलों को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया।

### असम में 35 औद्योगिक इकाइयों को मंजूरी

**गुवाहाटी**। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने गुरुवार को कहा कि औद्योगिक विकास को



बढ़ावा देने से राज्य विकास की ओर बढ़ रहा है। मैन्युफैक्चरिंग और बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश किया जा रहा है। एक्स पर सीएम सरमा ने बताया कि 5,067 करोड़ रुपए की 35 औद्योगिक इकाइयों को मंजूरी दी गई है। 26 क्षेत्रों को स्वीकृत किया है।

### 8 घंटे काम पर अड़े मजदूरों ने किया पथराव

**पानीपत**। पानीपत रिफाइनरी में श्रमिकों की तरफ से पुलिस पर पथराव किया गया जिसके बाद



पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। श्रमिक 12 घंटे की बजाय 8 घंटे काम की मांग को लेकर हड़ताल कर रहे हैं।कुछ दिन पहले भी श्रमिकों और सीआईएसएफ जवानों के बीच झड़प हुई। बताया गया कि पुलिस ने लाठीचार्ज किया और हवाई फायरिंग भी हुई।

### कंपनी में कर्मचारियों ने तोड़फोड़ की, आग लगाई

**हजीरा**। गुजरात के हजीरा में आर्सेनल मित्तल एंड निपोन स्टील कंपनी में गुरुवार को इसलिए हंगामा और तोड़फोड़ हुई क्योंकि हरियाणा के पानीपत में एक कामगार की मौत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इससे कामगार भड़क गए। कर्मियों ने गुस्से में कंपनी में भारी तोड़फोड़ की और आग लगा दी।

## सीमांचल से गृहमंत्री शाह ने किया घुसपैठ मुक्त भारत का शंखनाद

# वोट बैंक नहीं, नेशनल सिक्योरिटी के लिए एक-एक घुसपैठियों को बाहर किया जाएगा

सीमांचल की राजनीति को एक नए अंदाज में साधने के लिए गृह मंत्री शाह ने बिगुल फूंक दिया। सीमांचल पूरी भाजपा के लिए केवल चुनावी मुद्दा नहीं बल्कि पूरे देश की सुरक्षा मिशन का केंद्र बिंदु बन गया है।

### यहां की राजनीति को नए अंदाज में साधने के लिए अभियान शुरू किया

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में सीमांचल की राजनीति को एक नए अंदाज में साधने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को बिगुल फूंक दिया। सीमांचल पूरी भाजपा के लिए केवल चुनावी मुद्दा नहीं बल्कि पूरे देश की सुरक्षा मिशन का केंद्र बिंदु बन गया है। भाजपा की राजनीति की इस सोच में सीमांचल की बदलती डेमोग्राफी और अवैध तरीके से घुसपैठ के विरुद्ध मुक्ति का अभियान है। इसे आज के परिप्रेक्ष्य में गृह मंत्री शाह के उदबोधन से भी समझा जा सकता है। शाह ने सीमा सुरक्षा बल को संबोधित करते कहा है कि हम पूरे सीमांचल को घुसपैठियों से मुक्त करेंगे। यह घुसपैठिए की ओर से हमारे देश के गरीबों के अनाज की हकमारी ही नहीं बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी भी है। जब तक इनको देश से बाहर नहीं किया जाएगा तब तक ये देश की सुरक्षा को भेदते रहेंगे। इतना भर ही नहीं बल्कि एक्शन प्लान के प्रथम स्टेज में सीमा से 10 किमी अंदर जितने भी अवैध अतिक्रमण हैं उसे हटाने के निर्देश भी दिया है।

**यह देशभर की सुरक्षा मिशन का केंद्र बिंदु बना**

सीमा से 10 किमी अंदर तक अतिक्रमण हटेंगे

**सरकार डेमोग्राफी परिवर्तन को लेकर संकल्पित**



गृहमंत्री अमित शाह

शाह ने दूसरा संकल्प लेते कहा कि यह सरकार डेमोग्राफी परिवर्तन को लेकर भी संकल्पित है। इस संदर्भ में एक उच्च स्तरीय समिति सिर्फ सीमांचल ही नहीं बल्कि पूरे देश की बदली डेमोग्राफी का गहराई से अध्ययन कर रिपोर्ट करेगी। इसके बाद घुसपैठिये को देश से बाहर निकालने की कवायद को अंजाम दिया जाएगा।

### अतिक्रमण विरोधी अभियान चलेगा

गृह मंत्री ने कहा कि सीमा से 10 किलोमीटर के दायरे में मौजूद अवैध अतिक्रमणों को हटाने का अभियान चलाया जाएगा और घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसांख्यिकीय परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार हैं।

### प्लान राजद की जड़ में मट्ठा डालने के समान

सीमांचल पर शाह का फोकस सिर्फ इसलिए नहीं है कि वे चुनावी जीत का इसे आधार बनाना चाहते हैं। बल्कि वे सीमांचल में राजद की राजनीति का सफाया करना चाहते हैं। शाह का यह प्लान राजद की जड़ में मट्ठा डालने के समान है। शाह इसके जरिए सीमांचल में 24 विधानसभा सीटों पर स्थाई जीत की नींव रखना चाहते हैं। दरअसल शाह पीएम मोदी के उस की गारंटी को पूरा करना चाहते हैं जिसे उन्होंने बिहार की भूमि पर ली थी। वह संकल्प था घुसपैठिया को बाहर जाना ही होगा ।

### घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई को दृढ़ संकल्पित

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि देश को घुसपैठियों से मुक्त कराना कोई चुनावी वादा नहीं, बल्कि केंद्र की मोदी सरकार का दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि एक-एक घुसपैठिए की पहचान कर उन्हें भारत की भूमि से बाहर किया जाएगा। घुसपैठिए चुनाव को प्रभावित नहीं करते, गरीबों के राशन, युवाओं के रोजगार औरसुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।

### अररिया में कार्यक्रम और सीमा सुदृढ़ीकरण

शाह ने अररिया में बॉर्डर आउट पोस्ट 'लेटी' और 'इंदरवा' के उद्घाटन तथा सशस्त्र सीमा बल के विभिन्न कार्यों के ई-लोकार्पण और ई-शिलान्यास को संबोधित किया। भारत-नेपाल सीमा सड़क योजना के तहत 556 किलोमीटर लंबी बॉर्डर रोड को स्वीकृति दी गई है, जिसमें 18 में से 14 खंडों का कार्य पूरा हो चुका है।

### सीमा सुरक्षा और निगरानी पर जोर

शाह ने कहा कि सड़क परियोजना पूरी होने से सीमा पर निगरानी क्षमता बढ़ेगी और सुविधाएं भी बेहतर होंगी। विकास योजनाओं को अंतिम सीमा तक पहुंचाने में भी इससे मदद मिलेगी। शाह ने बल की सराहना करते हुए कहा कि मित्र देश के साथ लगी सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखना आवश्यक है। बल के जवानों और अधिकारियों से सीमांत गांवों के साथ बेहतर संवाद और संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया।

### मोगा में 14 को करेंगे रैली, 'अकाली' के साथ गठबंधन भी संभव

नई दिल्ली। शाह की प्रस्तावित रैली 14 मार्च को मोगा में होगी। गृह मंत्रालय ने पंजाब भाजपा को इसकी जानकारी दे दी है। पहले यह रैली 22 फरवरी को प्रस्तावित थी।सभी राजनीतिक दलों की नजर शाह की रैली पर टिकी हुई हैं। मुख्य कारण शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन की संभावना है।

## राहुल का ट्रेड डील पर सरकार पर हमला

# किसानों की सुरक्षा और सम्मान से ही भारत सफल-सुदृढ़ होगा

कन्नूर में किसान सम्मेलन को राहुल ने किया संबोधित



एजेंसी ▶▶ कन्नूर

केरल दौरे पर पहुंचे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर केंद्र सरकार को जमकर घेरा। कन्नूर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि भारत तभी सफल हो सकता है जब हमारे किसानों का सम्मान और सुरक्षा हो। राहुल ने आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने एपस्टीन फाइलों का इस्तेमाल प्रधानमंत्री को धमकाने के लिए किया ताकि वे एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करें जिससे भारतीय किसानों की 'बलि' चढ़ जाएगी।राहुल कन्नूर जिले के पेरावूर में किसानों के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार इस सरल तथ्य को नहीं समझती कि किसान भारत की नींव हैं। आईटी और अन्य क्षेत्रों के बारे में लंबे-लंबे व्याख्यान दिए जाते हैं, लेकिन नींव को मजबूत नहीं बनाया जाता। यदि आप नींव का सम्मान नहीं करते, तो कुछ भी नहीं बन सकता। नींव बनाने वाले को सम्मान या सुरक्षा नहीं मिलती। हम हर दिन भोजन करते हैं,

### भारत में मशीनीकरण का स्तर कम

उन्होंने कहा कि भारतीय किसान छोटे किसान हैं और उनमें मशीनीकरण का स्तर कम है। अमेरिकी किसानों के पास विशाल खेत हैं और उनमें मशीनीकरण का स्तर उच्च है। अमेरिकी कंपनियों को भारतीय बाजारों तक पहुंच प्रदान करना एक आपराधिक कृत्य है। पहले के किसी भी प्रधानमंत्री ने अमेरिकी किसानों को भारत में सोयाबीन, सब्जियां और फल जैसे उत्पाद बेचने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि ससे भारतीय कृषि की नींव नष्ट हो जाएगी। हरित क्रांति और श्वेत क्रांति किसानों के लिए ही हुई थी। राहुल ने कहा कि कृषि संबंधी मतभेदों के कारण भारत-अमेरिका समझौता चार महीने से रुका हुआ था। सरकार अमेरिकी कंपनियों के लिए कृषि क्षेत्र खोलना नहीं चाहती थी। कुछ भी प्रगति नहीं हो रही थी और अमेरिकी राष्ट्रपति प्रधानमंत्री को धमकी दे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रपति के संबोधन के बाद उन्हें संसद में बोलने की अनुमति नहीं दी गई।

### वायनाड लैंडस्लाइड पीड़ितों से मिले

#### कहा- आप मेरा परिवार, घरों का शिलान्यास किया

राहुल गांधी ने मुंडक्कई-चूरलमाला लैंडस्लाइड पीड़ितों के लिए कांग्रेस द्वारा बनाए गए घरों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह कोई एक दिन की घटना नहीं है। क्योंकि आप हमारा परिवार हैं और हम आपके साथ एक बार नहीं, दो बार नहीं, बल्कि जब भी आपको हमारी ज़रूरत होगी, हम आपके साथ खड़े रहेंगे। परमिशन को लेकर मुश्किलें थीं, ज़मीन को लेकर मुश्किलें थीं, और भी मुश्किलें थीं। लेकिन अब मुझे उम्मीद है कि यह प्रोजेक्ट जल्द से जल्द पूरा हो जाएगा। मेरे लिए, वायनाड वापस आना हमेशा खुशी की बात होती है।

## चुंगथांग-लाचेन एक्सिस और ताराम चू ब्रिज का उद्घाटन

रक्षा राज्य मंत्री संजय ने कहा

# सेठ ने सीमा सुरक्षा संगठन के कमाल को 'राहतभरी' महान उपलब्धि बताया

एजेंसी ▶▶ गंगटोक

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उत्तरी सिक्किम में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा पुनर्निर्मित चुंगथांग-लाचेन मार्ग और 400 फीट लंबे बेली सस्पेंशन ताराम चू पुल का उद्घाटन किया। यह मई-जून 2025 में विनाशकारी बादल विस्फोट, जून 2024 में चक्रवात रेमल और अक्टूबर 2023 में हिमनदी झील विस्फोट बाढ़ के बाद संगठन द्वारा किए जा रहे आपदा राहत प्रयासों में अहम उपलब्धि है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सीमा सुरक्षा संगठन ने संचार व्यवस्था को बहाल करने के लिए स्वास्तिक परियोजना के तहत 96 भूस्खलनों को साफ किया, 4 प्रमुख पुलों का निर्माण किया और 2अन्य पुलों की मरम्मत की। सीमा सुरक्षा संगठन की इंजीनियरिंग टीम ने 8 किलोमीटर की नई भू-सफाई पूरी की और विभिन्न वैकल्पिक मार्ग बनाए।



### क्षेत्र में संपर्क और मजबूत होगा

ये प्रयास अक्टूबर 2025 में 7.5 किलोमीटर लंबे नागा-टूंग मार्ग के खुलने के बाद किए गए हैं, इससे संपर्क और मजबूत हुआ है। 28 किमी लंबी चुंगथांग-लाचेन सड़क और ताराम चू पुल के पूरा होने से स्थानीय निवासियों, सुरक्षा एजेंसियों की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

# आयकर विभाग की छापेमारी में अब तक 10 करोड़ कैश मिला

## बसपा विधायक, करीबियों पर छापा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



**30 ठिकानों पर छापे**

उत्तर प्रदेश के एकमात्र बसपा विधायक उमाशंकर सिंह और उनके करीबियों के घर पर आयकर विभाग की छापेमारी हुई। यह गुरुवार को भी जारी रही। खबर है कि उमाशंकर सिंह और उनके करीबियों के घर से 10 करोड़ कैश बरामद हुए हैं। वहीं कई स्थानों पर अभी भी कार्रवाई जारी है। लखनऊ के विपुलखंड स्थित सिंह के आवास पर छापेमारी खत्म हो चुकी है। आयकर विभाग ने लखनऊ, बलिया, सोनभद्र, कौशांबी, मिर्जापुर और प्रयागराज में 30 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। 50 से अधिक अधिकारियों की टीम ठिकानों पर पहुंची थी आयकर विभाग की यह कार्रवाई खत्म नहीं हुई है।

## भाजपा ने झारखंड में वित्तीय अनियमितता को लेकर हेमंत सरकार पर साधा निशाना

# डीएमएफटी फंड में घोटाले, विभिन्न विभागों में संदिग्ध लेनदेन के साथ- साथ संगठित अपराध से राज्य बेहाल,10,000 करोड़ का हिसाब नहींः तुहिन सिन्हा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपाके राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने गुरुवार को झारखंड में लगभग 10,000 करोड़ की वित्तीय अनियमितताओं, डीएमएफटी फंड में घोटाले, विभिन्न विभागों में संदिग्ध लेनदेन और डीजीपी नियुक्ति प्रक्रिया में नियमों के उल्लंघन जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर हेमंत सोरेन सरकार की जमकर आलोचना की। नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि संगठित अपराध, फिरौती और अपहरण का जो नेक्सस पहले बिहार में हुआ करता था, आज झारखंड में चल रहा है और हेमंत सोरेन अपने चहेते पुलिस अधिकारियों द्वारा इसे आगे बढ़ा रहे हैं।

सिन्हा ने कहा कि बीते दिनों झारखंड में भाजपा नेता और नेता प्रतिपक्ष बाबू लाल मरांडी के संज्ञान में एक खत आया, जिसके मुताबिक लगभग 10,000 करोड़ का कोई स्पष्ट हिसाब राज्य सरकार के पास उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से जुड़ी अखबार यह खबर दिखाते हुए कहा कि यह लगभग 22 वर्षों से चल रहा स्कैम है, लेकिन सबसे बड़े घोटाले 2019 के बाद रचे गए। लिकर स्कैम हो, लैंड स्कैम हो या अन्य माध्यमों से की गई वित्तीय अनियमितताएं हों, करीब 10,000 करोड़ का कोई स्पष्ट हिसाब राज्य सरकार के पास उपलब्ध नहीं है। यह जानकारी इंडी अलायंस सरकार के ही तत्कालीन वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामेश्वर सोरेन ने 2024 में दी थी। उन्होंने झारखंड के कैबिनेट सेक्रेटरी को पत्र लिखकर 10,000 करोड़ रुपए के लेखे-जोखे पर प्रश्न उठाए और जांच की आवश्यकता बताई थी। 6 महीने के बाद भी कोई उत्तर नहीं दिया गया, यह लूट हेमंत की निगरानी में हो रही थी। सिन्हा ने कहा कि संभव है कि तत्कालीन वित्त मंत्री को भी पूरी जानकारी न हो, या फिर हेमंत के ही निर्देश पर कैबिनेट सेक्रेटरी ने उनके सवालों का जवाब न दिया हो। इतना बड़ा स्कैम, कोई हिसाब नहीं है? सिन्हा ने कहा कि यह सामने आ रहा है कि अत्यंत शातिर तरीके से अनेक विभागों को छोटे-छोटे वित्तीय लक्ष्य दिए गए थे। ऊर्जा विभाग ने लगभग 108 करोड़ की राशि फिक्स्ड डिपॉजिट में रखी थी, जो ब्याज सहित परिपक्वता के दिन 108 करोड़ रुपए होनी थी, लेकिन मैच्योरिटी के दिन पूरी राशि गायब पाई गई। इस विषय को सबसे पहले सरयू राय ने उठाया था, जो वर्तमान में जेडीयू में हैं। विभिन्न विभागों को 200 करोड़, 500 करोड़ जैसे अलग-अलग लक्ष्य दिए गए और छोटे-छोटे स्तर पर की गई इन वित्तीय अनियमितताओं को जोड़ने पर कुल राशि लगभग 10,000 करोड़ तक पहुंचती है। लगभग 4 महीने पहले डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट स्कैम, का मुद्दा उठाया गया था। 2016 में एक नियम के तहत देश के सभी माइनिंग जिलों के कल्याण के लिए एक फंड बनाया गया था, जिसमें माइनिंग लीज होल्डर्स को रॉयल्टी आय का 10-30 प्रतिशत इस फंड में जमा करना होता था। यह राशि खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास और वेलफेयर कार्यों पर खर्च की जानी थी। केवलबोकारो जिले में, जो धनबाद सहित कोल बेल्ट क्षेत्र का हिस्सा है और जहां बड़े पैमाने पर खनन होता है, डीएमएफटी के तहत लगभग 500 करोड़ की अनियमितताएं सामने आई हैं। सीबीआई जांच की मांग की गई, लेकिन राज्य सरकार ने उत्तर नहीं दिया।

**सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : खसरा नं. 62 डी1/3, इंडस्ट्रियल एरिया, राजारामपुर सिकन्द्राबाद बुलन्दशहर, यूपी-203205 भारत
CIN: L17112UP1993PLC022479, Email: samtex.compliance@gmail.com, Website: www.samtexfashions.com, Ph. No.: 011-49025972

**शेयरधारकों को सूचना**
**(फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों के पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु स्पेशल विंडो)**

सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, कम्पनी ने फिजिकल सिक्योरिटीज जो 01 अप्रैल 2019 से पूर्व बेचे अथवा खरीदे गये थे और ऐसे हस्तांतरण आग्रह पूर्व में जमा करवाए गए थे तथा **दस्तावेजों / प्रक्रिया में कमी / अथवा अन्यथा की वजह से निरस्त कर दिये गये / वापस लौटा दिये गये / ध्यान नहीं दिया गया,** के हस्तांतरण/डिमैटीरियलाइजेशन ("डिमैट") हेतु 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए स्पेशल विंडो पुनः खोली है।

इस अवधि के दौरान, सिक्योरिटीज जो हस्तांतरण के लिए पुनः दायर की गई हैं, केवल डिमैट मोड में जारी की जाएंगी और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की लॉक-इन अवधि के तहत होंगी। ऐसी सिक्योरिटीज उक्त लॉक-इन अवधि के दौरान हस्तांतरित / ग्रहणाधिकार-मार्क्ड/गिरवीकृत नहीं की जाएंगी। हस्तांतरिती को उपरोक्त सेबी सरकुलर के तहत निर्धारित अनुसार सभी दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करवाने आवश्यक होंगे।

हस्तांतरणकर्ता और हस्तांतरिती के बीच विवादों के मामले ; निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) को हस्तांतरित की गई सिक्योरिटीज के बारे में प्रोसेसिंग के लिए इस विंडो के तहत विचार नहीं किया जाएगा।

शेयरधारक अपेक्षित दस्तावेजों सहित अपने आग्रह निर्धारित अवधि के अंदर कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड, बीटल हाउस, तृतीय तल, 99 मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, नई दिल्ली-110062 के पास जमा करवा सकते हैं ई-मेल करें beetalrta@gmail.com

कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/-
अतुल मित्तल
प्रबंध निदेशक

दिनांक : 26 फरवरी 2026
स्थान : दिल्ली

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता—2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **राम किशोर मुखिया पुत्रः** श्याम सुंदर मुखिया **पताः** सी—265/10 नाला के पास, राधे राधे गली चिराग दिल्ली, ने **FIR No. 403/24 U/s 25/54/59ARMS ACT थानाः सनलाइट कॉलोनी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राम किशोर मुखिया** मिल नही रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राम किशोर मुखिया** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 403/24 U/s 25/54/59ARMS ACT थानाः सनलाइट कॉलोनी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राम किशोर मुखिया** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अदिति राव
जेएमएफसी—07, कमरा नंबर 508
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/2506/SE/2026
(Court Matter)

## योजनाओं के वर्गीकरण के लिए संशोधित रूपरेखा जारी

# सेबी ने म्यूचुअल फंड वर्गीकरण नियम में किया सुधार, 'लाइफ साइकल फंड' पेश

### एकरूपता व निवेशक संरक्षण बढ़ाने खुलासा मानदंड सख्त किए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को म्यूचुअल फंड योजनाओं के वर्गीकरण के लिए एक संशोधित रूपरेखा जारी की। इसके तहत 'लाइफ साइकल फंड' को शामिल किया गया है, समाधान उन्मुख योजनाओं की श्रेणी को समाप्त किया गया है और एकरूपता और निवेशक संरक्षण को बढ़ाने के लिए खुलासा मानदंडों को सख्त किया गया है। यह कदम, योजनाओं के नाम में बढ़ा-चढ़ाकर किए गए रिटर्न दावों पर अंकुश लगाने और 'नाम के अनुरूप' स्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। सेबी म्यूचुअल फंड के बदलते परिदृश्य और विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में उभरते अवसरों के अनुरूप नियामकीय रूपरेखा बनाने का प्रयास कर रहा है।

**समाधान उन्मुख योजनाओं की श्रेणी को समाप्त किया गया**

#### योजनाओं को पांच श्रेणियों में रखा गया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परिपत्र में योजनाओं को मोटे तौर पर पांच श्रेणियों... इक्विटी, ऋण (बॉन्ड), हाइब्रिड, लाइफ साइकल और अन्य योजनाएं- फंड ऑफ फंड्स योजनाएं और इंडेक्स फंड या ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) जैसी पैसिव योजनाओं...में वर्गीकृत किया है।



#### निर्धारित प्रारूप का सख्ती से पालन करना होगा

पेशकश दस्तावेजों और विज्ञापनों में 'योजना के प्रकार' के विवरण में सेबी के निर्धारित प्रारूप का सख्ती से पालन करना चाहिए। चॉइस वेल्थ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निकुंज सर्राफ ने कहा कि सेबी के नए वर्गीकरण नियम खुदरा निवेशकों के लिए लगातार जटिल होते जा रहे इस उद्योग को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### योजनाओं में दोहराव कम होगा

सराफ ने कहा, ''इक्विटी, डेट (बॉन्ड), हाइब्रिड और समाधान-उन्मुख फंड में श्रेणियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करके और एक समान परिसंपत्ति आवंटन सीमाएं निर्धारित करके, नियामक यह सुनिश्चित कर रहा है कि योजनाएं वास्तव में अपने दावों को प्रतिबिंबित करें। इससे दोहराव कम होता है, तुलनात्मक स्थिति बेहतर होती है और उत्पाद की स्थिति में आवश्यक पारदर्शिता आती है।''

#### योजनाओं की पहचान होगी आसान

सेबी ने कहा, ''योजना का नाम योजना श्रेणी के अनुरूप होगा। इसका मकसद निवेशकों के लिए योजनाओं की पहचान को आसान बनाना और म्यूचुअल फंड में एक विशेष श्रेणी की योजनाओं के नामों में एकरूपता लाना है।'' बाजार नियामक ने कहा, ''योजना के नाम में ऐसे शब्दों/वाक्यांशों का प्रयोग नहीं किया जाएगा जो केवल योजना के प्रतिफल पहलू को बताते हों।''

#### योजनाओं में अनिवार्य पांच साल की लॉक-इन अवधि होगी

समाधान-उन्मुख म्यूचुअल फंड योजना विशेषीकृत, दीर्घकालिक निवेश साधन हैं जो सेवानिवृत्ति या बच्चों की शिक्षा जैसे विशिष्ट लक्ष्यों के लिए तैयार किए गए हैं। इन योजनाओं में अनिवार्य पांच साल की 'लॉक-इन' अवधि होती है।

#### विदेशी प्रतिभूतियों को अलग वर्ग में नहीं माना जाएगा

सेबी ने कहा कि विदेशी प्रतिभूतियों को अब एक अलग परिसंपत्ति वर्ग के रूप में नहीं माना जाएगा। साथ ही, नियामक ने पूर्व-निर्धारित परिपक्वता और लक्ष्य-आधारित निवेश के लिए 'ग्लाइड पाथ' रणनीति के साथ ओपन-एंडेड योजनाओं के रूप में 'लाइफ साइकल फंड' की शुरुआत की है।

# शोधपत्रों, संबोधनों से 'नैरेटिव डिप्लोमेसी' का महत्व बताया



**गुरुग्राम।** श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राई सेंटेनरी यूनिवर्सिटी (एसजीटीयू) में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन चेंजिंग डाइनेमिक्स ऑफ इंडियाज नैरेटिव डिप्लोमेसी का प्रभावशाली आयोजन हुआ। इसमें सात देशों व भारत के 22 राज्यों के विषय विशेषज्ञों ने बदलते समय, हालात , संदर्भ, अपेक्षाओं और अनिवार्यताओं पर गहन प्रकाश डाला व बड़ी संख्या में शोध प्रस्तुत किए गए। 75 से अधिक विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों एवं नीति-निर्माण निकायों की कार्यक्रम में प्रत्यक्ष भागीदारी रही। एसजीटीयू की फैकल्टी ऑफ ह्यूमैनिटीज, सोशल साइंसेज एंड लिबरल आर्ट्स द्वारा इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स के सहयोग तथा इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च के प्रायोजन में किया गया। यह सम्मेलन एक समृद्ध, बहुआयामी और गंभीर अकादमिक विमर्श के रूप में संपन्न हुआ। दो दिनों तक चले विचार-विमर्श में विद्वानों, कूटनीतिज्ञों और विशेषज्ञों ने सामूहिक रूप से यह प्रतिपादित किया कि भारत की वैश्विक सहभागिता अब केवल पारंपरिक शक्ति-राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि वह नैरेटिव, धारणा-निर्माण और रणनीतिक संप्रेषण से गहराई से असर दिखा रही है। कार्यक्रम की मॉडरेटर डॉ. नंदिनी बसिष्ठा ने अपने स्वागत भाषण में पारंपरिक कूटनीति से "बहु-सत्य" की ओर संक्रमण पर प्रकाश डालते हुए भोजन परंपराओं, प्रवासी सहभागिता और सोशल मीडिया की भूमिका को रेखांकित किया।

## चांदी 2000 रुपये चढ़ी सोना 1,000 रुपये टूटा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कमजोर वैश्विक रुख और कारोबारियों की मुनाफावसूली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये घटकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1,000 रुपये के नुकसान के साथ 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी लगभग तीन प्रतिशत घटकर 2,68,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। इसका पिछला बंद स्तर 2,66,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये या लगभग एक प्रतिशत घटकर 1,63,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,64,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि यह गिरावट मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी के रुख और सप्ताह की शुरुआत में कीमतों के तीन हफ्ते के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद हल्की मुनाफावसूली की वजह से हुई।

### सेंसेक्स 27 अंक गिरा, निफ्टी में 14 अंक की बढ़त

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक संकेतों के बीच उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 27 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी में 14 अंक की बढ़त दर्ज की गई। कारोबारियों ने कहा कि एचडीएफसी बैंक एवं कुछ अन्य प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से सूचकांकों पर दबाव बना। इसके अलावा अमेरिका-ईरान वार्ता के पहले निवेशकों ने सतर्कता भी दिखाई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 27.46 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 82,248.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 82,579.16 अंक के ऊपरी और 81,970.47 अंक के निचले स्तर को छुआ। इस तरह सूचकांक में 608.69 अंक का उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया।

## एजीआर और रेवेन्यू शेयर में जियो अव्वल

**नई दिल्ली।** टेलीकॉम सेक्टर पर आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और सीएलएसए की ताजा रिपोर्ट में रिलायंस जियो की बढ़त साफ तौर पर उभरकर सामने आई है। तीसरी तिमाही में इंडस्ट्री के एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआर) और रेवेन्यू शेयर दोनों मोर्चों पर जियो ने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के मुताबिक, तीसरी तिमाही में तीनो प्राइवेट प्लेयर्स यानी जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया को मिलाकर, एजीआर 2.9% तिमाही दर तिमाही और 8.9% सालाना बढ़कर 720 अरब रुपये पर पहुंच गया। इस दौरान रिलायंस जियो का एजीआर 321 अरब रुपये रहा, जो 3.9% तिमाही दर तिमाही और 11.2% सालान की वृद्धि दर्शाता है।

## साइंस फिएस्टा 2026 : नवाचार, अनुसंधान और युवा प्रतिभा का उत्सव का आयोजन




**नई दिल्ली।** साइंस फिएस्टा 2026 का सफल आयोजन 25 फरवरी 2026 को स्कूल ऑफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज द्वारा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस क्लब के सहयोग से किया गया। यह कार्यक्रम वैज्ञानिक नवाचार, रचनात्मकता एवं बौद्धिक आदान-प्रदान का एक जीवंत उत्सव सिद्ध हुआ। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. ऋषि रंजन कुमार, डॉ. दिव्यांशी मंगल (संयोजक, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस क्लब), डॉ. सुजाता कुमारी एवं डॉ. नितीश यादव के मार्गदर्शन में अत्यंत कुशलतापूर्वक किया गया। उनके समर्पित प्रयासों से कार्यक्रम भव्य एवं सफल रहा। इस फिएस्टा में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें गुरुग्राम विश्वविद्यालय, केआईआईटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी तथा एसजीटी यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्र शामिल थे। इस सहभागिता ने अंतर-संस्थागत शैक्षणिक सहयोग एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया।

## एसबीआई म्यूचुअल फंड, बंधन बैंक में खरीदेगा हिस्सेदारी

**कोलकाता।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एसबीआई म्यूचुअल फंड के बंधन बैंक में 9.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बंधन बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में बताया कि आरबीआई ने 25 फरवरी, 2026 के पत्र के माध्यम से एसबीआई म्यूचुअल फंड को बैंक की चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकारों में अधिकतम 9.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी अधिग्रहीत करने की अनुमति प्रदान की है। बैंक ने कहा कि यह मंजूरी बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949; भारतीय रिजर्व बैंक निर्देश, 2025 (28 नवंबर, 2025 से प्रभावी समय-समय पर संशोधित); विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999; तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी नियमों सहित अन्य लागू कानूनों और दिशानिर्देशों के अनुपालन के अधीन है। आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि आवेदक पत्र की तारीख से एक वर्ष के भीतर प्रस्तावित प्रमुख हिस्सेदारी हासिल नहीं करता है। तो मंजूरी स्वतः निरस्त मानी जाएगी। साथ ही एसबीआई म्यूचुअल फंड की कुल हिस्सेदारी किसी भी समय बैंक की चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकारों के 9.99 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## बीमा कंपनियां ग्राहक जोड़ने की लागत कम करे : इरडा

**कोलकाता।** बीमा उद्योग को अपनी लाभप्रदता बढ़ाने और उत्पादों को अधिक किफायती बनाने के लिए ग्राहक जोड़ने की लागत एवं प्रबंधन व्यय पर नियंत्रण करना होगा। बीमा नियामक इरडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण के सदस्य दीपक सूद ने एक कार्यक्रम में कहा कि ऊंची वितरण एवं प्रशासनिक लागत ने बीमा क्षेत्र को कम पैठ, अधिक लागत के चक्र में फंसा दिया है, जिससे कवरेज का विस्तार सीमित हो रहा है।

**PUBLIC NOTICE**

We, (1) Suresh Kumar Verma son of Shri Radhey Shyam Verma and (2) Kiran Verma W/o Shri Suresh Kumar Verma both resident of G-67, Gali No. 7, West Guru Angad Nagar, Laxmi Nagar, Delhi-110092, do hereby solemnly affirm and inform That we both had adopted a Girl Child named KAVITA VERMA when she was 5 Years old, Vide an Adoption Deed dated 8/2/1989, duly Regd. as Document No. 2301 Book No. 3 Volume No. 69 on pages 150-153 dated 8/2/1989 in the Office of SR-I-Delhi. now we Disown/Debar KAVITA VERMA from all our Movable and Immovable Properties with immediate effect, due to her misbehavior with her parents. That in future she shall have no right or claim in any of our movable and immovable properties.

Suresh Kumar Verma

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) EICHR_VECVEVPRO_2095 REG. NO. DL1MB2224-YOM- 2023
2) TATA MOTORS TATA 1616G REG. NO. HR69F7280-YOM -2024
3) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAJ0405-YOM -2022
4) TATA MOTORS TLPT1816HD REG. NO. UP14PT2054-YOM-2023
5) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAL3409-YOM-2023
6) TATA MOTORS TATAACE REG.NO. DL1LAL7069- YOM-2023
7) ASHOK_LEYAL4019FBTT REG. NO. UP14HT4818-YOM- 2018
8) SMLSMLSUPER REG. NO. DL1LAF9222-YOM -2021
9) TATA MOTORS TSIGNA5530 REG.NO. HR58D0825-YOM- NA
10) TATA MOTORS T1512G REG.NO. DL1GE1700 -YOM- 2022
11) MAHVEERO15XXL REG.NO. DL1LAN7980-YOM- NA
12) MARUTISERTIGA_CAR REG.NO. HR55AP5663-YOM- 2023
13) TATA MOTORS TACEGOLD REG.NO. DL1LAM1997-YOM- 2024
14 ) EICHR_VECVEICPRO2114 REG.NO. HR38AC2786-YOM -2021
15) TATA MOTORST_INTRAV20 REG.NO. DL1LAM1589 -YOM -NA
16) EICHR_VECV PRO_3019 REG.NO. NL01AG1821-YOM-2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT

BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR

CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सेडेमैक का आईपीओ चार मार्च को खुलेगा



**नई दिल्ली।** पावरट्रेन कंट्रोल और मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स लिमिटेड का 1,087 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) चार मार्च को खुलेगा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को कहा कि आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 1,287-1,352 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। ऊपरी सीमा पर कंपनी का मूल्यांकन करीब 6,000 करोड़ रुपये आंका गया है। यह निर्गम चार मार्च को खुलेगा और छह मार्च को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक दो मार्च को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ में कोई नया निर्गम शामिल नहीं है। यह पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है जिसमें प्रवर्तक मनीष शर्मा और अश्विनी अमित दीक्षित सहित अन्य निवेशक कुल 80,43,300 शेयर बेचेंगे।

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् खरसिया जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक / 1752/न.पा.प./ लो.नि.वि/2025-26 खरसिया, दिनांक 26.02.2026

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिका खरसिया क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 18 में डॉ.बी.आर. अम्बेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य राशि 198.87 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 186397) आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड की जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद खरसिया

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, बिलासपुर (छ.ग.)**

संजय मतलानी आवेदक
विरुद्ध
व्यंकटेश हिरो व 1 अन्य अनावेदक
प्रकरण क्रमांक सी.सी. 95/2023
पेशी दिनांक 20.03.2026
आदेश दिनांक 29.01.2026
प्रोसेस क्र.
// समंस //

प्रति,
हिरो इलेक्ट्रिक प्राईवेट लिमिटेड, पता 57, फेस 4 उद्योग विहार, सेक्टर 18, गुरुग्राम, शाहपुर, हरयाणा 122015
(विरोधी पक्षकार)

-: 0000:-

परिवादी ने विरोधी पक्षकार के विरूद्ध माननीय जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग बिलासपुर, छ.ग. के समक्ष उपभेक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 35 के अंतर्गत परिवादी के वाहन सुधार संबंधी सेवा में कमी के संबंध में कुल राशि 1,15,582/- (एक लाख पंद्रह हजार पांच सौ बयासी रूपये) क्षतिपूर्ति के रूप में विरोधी पक्षकार से दिलाए जाने के सबंध में परिवाद पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी पेशी दिनांक 20.03.2026 को नियत है। विरोधी पक्षकार हिरो इलेक्ट्रिक प्राईवेट लिमिटेड, पता-57, फेस 4, उद्योग विहार, सेक्टर 18 गुरुग्राम, शाहपुर हरयाणा 122015 को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस/ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में उपरोक्त दिनांक को दिन के 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक /01/2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

मोहर
तारीख

आनंद कुमार सिंघल
अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बिलासपुर (छ.ग.)

## राशिफल

**मेष** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** – कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** – अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** – वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## कर्म सिंह कर्मा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य बने



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कर्म सिंह कर्मा को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। कर्मा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और उन्होंने सुल्तानपुर माजरा विधानसभा चुनाव में भी भाग लिया था। कर्मा वर्तमान में एससी मोर्चा, बीजेपी के दिल्ली प्रदेश प्रभारी के पद पर कार्यरत हैं। उनकी नियुक्ति से संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद मिलेगी और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए हर वर्ष कौम की एकता एवं विकास के लिए भव्य मेला का आयोजन भी करते हैं समाज सेवी रूप में उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी।

## दिल्ली क्षेत्र में पार्सल यातायात पर अस्थायी प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि आगामी होली पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त संख्या को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तथा आनन्द विहार (ट.) रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करने वाली ट्रेनों में सभी प्रकार की पार्सल बुकिंग (आउटवर्ड लीज्ड एसएलआर/आउटवर्ड रेलवे पार्सल बुकिंग सहित) पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया जाता है। यह प्रतिबंध दिनांक 01.03.2026 से 03.03.2026 तक प्रभावी रहेगा। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 6/7, 8/9 एवं 14/15 आनन्द विहार (ट.) के प्लेटफार्म संख्या 2/3 साथ ही अन्य मण्डलों से चलकर इन प्लेटफार्मों पर लोडिंग/अनलोडिंग के लिए रुकने वाली गुजरने वाली ट्रेनों पर भी उक्त अवधि में प्रतिबंध लागू रहेगा।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


धारा 82 Cr.PC. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **दीपक उर्फ काना, पुत्रः** अशोक केवट, **पताः** मकान न. 9670, गली न. 10, मुल्तानी ढांढा, पहाड़गंज, दिल्ली, ने **FIR No.: 33083/2021, थानाः मंडावली, जिला पूर्व, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **दीपक उर्फ काना,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **दीपक उर्फ काना,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 33083/2021, थानाः मंडावली, जिला पूर्व, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **दीपक उर्फ काना,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी—03
पूर्व जिला, कमरा न. 16
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/1562/ED/2026
(Court Matter)

## शब्द पहेली - 6151




**बाएँ से दाए-**
1.बेजोड़-4
4.परिचय,निशान-4
7.कला-3
9.सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10.प्रथा,रिवाज-3
11.उपस्थिति-3
12.सेन्धमार-5
15.शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18.तड़के,सुबह सवेरे-5
20.चुगली करना-2,3
22.मैला,गंदा-3
23.रसद,आहर पदार्थ-3
25.प्रणाम,नमस्कार-3
26.तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27.स्थायी,प्राचीन-4
28.हुकूमत,राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2.मुलाकात,मिलाप-3
3.खून से लथपथ-5
4.लालन-पालन-5
5.सेवक,नौकर,दास-3
6.धोखेबाज-4
8.समान,एक जैसा-4
13.पंकज,जलज-3
14.आघात,चोट-3
16.भरोसा,विश्वास-3
17.कुली,पालकी वाहक-3
18.जुर्म,गुनाह-4
19.स्वदेश वासी-5
20.शतपदी, कनखजूरा-5
21.अहमक, मूर्ख-4
24.स्नान करना-3
25.सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -6150 का हल**





# अब 15 दिनों का होगा खेल महोत्सव, गुलमर्ग बनेगा शीतकालीन खेलों का ग्लोबल हब : मांडविया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलमर्ग (जम्मू-कश्मीर)

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज गुलमर्ग में छठे 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स' के समापन समारोह को संबोधित किया।

इस अवसर पर उन्होंने जम्मू-कश्मीर को विश्व स्तरीय विंटर स्पोर्ट्स डेस्टिनेशन बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। डॉ. मांडविया ने घोषणा की कि भविष्य में गुलमर्ग में होने वाले शीतकालीन खेल केवल चार दिनों तक सीमित नहीं रहेंगे। इन्हें पर्यटन और संस्कृति के साथ जोड़कर 15 दिनों के एक एकीकृत खेल उत्सव के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें 'फिट इंडिया कार्निवल' और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल होंगे। समापन समारोह के दौरान डॉ. मांडविया ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की।

### प्रमुख घोषणाएं और मुख्य बिंदु

#### नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

जम्मू-कश्मीर में शीतकालीन खेलों के बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण प्रणाली को मजबूत करने के लिए एक 'नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित किया जाएगा।

#### ग्लोबल हब के रूप में पहचान

खेल मंत्री ने विश्वास जताया कि गुलमर्ग जल्द ही शीतकालीन खेलों का वैश्विक केंद्र बनेगा। खेल मंत्री ने कहा कि उन्होंने स्विट्जरलैंड सहित दुनिया के 55 देशों की यात्रा की है, लेकिन पीर पंजाल की चोटियों की सुंदरता अतुलनीय है।



### भारतीय सेना बनी चैंपियन

- **प्रथम स्थान (विजेता):** भारतीय सेना ने अपना खिताब बरकरार रखते हुए कुल 23 पदक (9 स्वर्ण, 6 रजत और 8 कांस्य) जीतकर चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा किया।
- **द्वितीय स्थान:** हिमाचल प्रदेश (14 पदक - 6 स्वर्ण, 7 रजत और 1 कांस्य) उपविजेता रहा।
- **तृतीय स्थान:** हरियाणा की टीम तीसरे स्थान पर रही।

#### पत्थरबाजी नहीं, अब खेलों से बन रही जम्मू-कश्मीर की पहचान

डॉ. मांडविया ने क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलाव पर जोर देते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में एक नया विश्वास जागा है। पहले यहाँ पत्थरबाजी की खबरें सुर्खियां बनती थीं, लेकिन अब खेलों की चर्चा होती है। प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत 2047' के सपने को पूरा करने में जम्मू-कश्मीर की बड़ी भूमिका होगी।

#### देशभर के 900 से अधिक एथलीटों ने लिया भाग

**दो चरणों में आयोजन:** 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स' 2026 का पहला चरण 20-26 जनवरी तक लद्दाख में आयोजित किया गया था, जबकि दूसरा चरण गुलमर्ग में संपन्न हुआ। इस स्पर्धा में 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 900 से अधिक एथलीटों ने छह अलग-अलग खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंत्री ने दोहराया कि 'खेलो भारत नीति' के तहत सरकार की नीतियां खिलाड़ी-केंद्रित हैं, न कि महासंघों के पक्ष में, ताकि युवाओं की आकांक्षाओं को उड़ान मिल सके।

## खबर संक्षेप



### महिला फुटबॉल टीम ने स्वीडिश क्लब खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने स्वीडन के लिडिंगो स्थित बोसन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में स्वीडिश क्लब एनस्केडे आईके डैम के खिलाफ एक मैत्री मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। इस मैच में सिबानी देवी नोंगमेइकापम ने 44वें मिनट में भारत को बढ़त दिलाई। एनस्केडे ने 88वें मिनट में स्कोर बराबर किया। भारत की अंडर-20 टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन ने टैबी एफके के खिलाफ पिछले मैच में 4-0 से जीत दर्ज करने वाली टीम के शुरुआती एकादश में आठ बदलाव किए। इससे पहले भारतीय टीम को हैमरबी आईएफ से 0-6 से हार का सामना करना पड़ा था।भारतीय टीम शनिवार को कार्लबर्ग्स बीके के खिलाफ एक और मैत्री मैच खेलेगी।

### श्रीकांत हारे, जर्मन ओपन में भारत का अभियान खत्म

**मुलहेम एन डेर रूर (जर्मनी)।** सीनियर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत बृहस्पतिवार को यहां पुरुष एकल के दूसरे दौर में चीनी ताइपे के लिन चुन यी से सीधे गेम में हारकर जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत को इंडिया ओपन सुपर 750 चैंपियन लिन के खिलाफ 32 मिनट तक चले मुकाबले में 14-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत की हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी खत्म हो गया। दुनिया के नंबर 11 लिन ने श्रीकांत को 2024 स्विस ओपन में अपनी पिछली मुलाकात में भी हराया था।

### सिंगापुर के पूर्व हॉकी खिलाड़ी फारूक मैरिकन का निधन

**सिंगापुर।** सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और मैनेजर फारूक मैरिकन अली का बृहस्पतिवार को निधन हो गया।



वह 80 बरस के थे। देश के खेल समुदाय ने अली के निधन पर दुख जताया जो हॉकी को 'जीते थे' और अपने खिलाड़ियों का बहुत ख्याल रखते थे। फारूक के परिवार में 68 साल की पत्नी जैसिंटा एरियोला और 42 साल की बेटी शाईन मैरिकन हैं। दिग्गज पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ फारूक डिफेंडर की भूमिका में खेलते थे और 1968 से 1971 तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेले। उन्होंने 1982 से 2000 के दशक तक सिंगापुर की पुरुष टीम के मेनेजर की भूमिका निभाई।

### सिमोन बाइल्स लॉरियस की एंबेसडर बनीं

**नई दिल्ली।** सात बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को लॉरियस का एंबेसडर नियुक्त किया है। इस तरह से वह लॉरियस का एंबेसडर बनने वाले कई स्टार खिलाड़ियों के समूह में शामिल हो गई हैं। इन खिलाड़ियों में भारतीय भाला फेंक के दिग्गज नीरज चोपड़ा और विश्व कप विजेता पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह भी शामिल हैं।

## टी-20 विश्व कप: अभिषेक-पंड्या की फिफ्टी, एक मार्च को वेस्टइंडीज से टक्कर

# भारत ने जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार

### ⏭ भारत एक जीत दूर, अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचा

भाषा ⏭ चेन्नई

हार्दिक पंड्या और अभिषेक शर्मा के अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ के एकतरफा मैच में बृहस्पतिवार को यहां जिम्बाब्वे को 72 रन से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा। भारत की जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप एक से सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। भारत और वेस्टइंडीज के बीच रविवार को होने वाले मैच से ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा। भारत के 257 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट (नाबाद 97 रन, 59 गेंद, छह छक्के, आठ चौके) के अर्धशतक और कप्तान सिकंदर रजा (31) के साथ उनकी तीसरे विकेट की 72 रन की साझेदारी के बावजूद कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी और छह विकेट पर 184 रन ही बना सकी। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट चटकाए। अक्षर पटेल (35 रन पर एक विकेट), वरुण चक्रवर्ती (35 रन पर एक विकेट) और शिवम दुबे (46 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। फॉर्म में वापसी करने वाले सलामी

अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके

●

हार्दिक पंड्या प्लेयर ऑफ द मैच रहे




### ⏭ तिलक ने नाबाद 44 रन बनाए

**सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए वेस्टइंडीज को हराना होगा**

**भारत-256/4 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू का बर्ल बो मुजरबानी | 24 |
| अभिषेक का रजा बो मपोसा | 55 |
| इशान का नगारवा को रजा | 38 |
| यादव का मुसेकिवा बो नगारवा | 33 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 50 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 44 |

अतिरिक्त: 12
कुल:20 ओवर में चार विकेट पर: 256 रन
विकेट पतन: 1-48, 2-120, 3-150, 4-172
गेंदबाजी: नगारवा 4-0-62-1, मुजरबानी 4-0-43-1, मपोसा 2-0-40-1, इवांस 4-0-52-0, रजा 3-0-29-1, बेनेट 2-0-16-0, बर्ल 1-0-10-0

**जिम्बाब्वे-184/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ब्रायन बेनेट नाबाद | 97 |
| ताडिवनाशे का इशान बो अक्षर | 20 |
| डियोन का तिलक बो चक्रवर्ती | 06 |
| रजा का अभिषेक बो अर्शदीप | 31 |
| रेयान बर्ल बो अर्शदीप | 00 |
| टोनी मुनयोंगा बो अर्शदीप | 11 |
| ताशिंगा का सैमसन बो दुबे | 07 |
| ब्रेड इवांस नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 11
कुल:20 ओवर में छह विकेट पर: 184 रन
विकेट पतन: 1-44, 2-72, 3-144, 4-144, 5-162, 6-173
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-24-3, पंड्या 3-0-21-0, बुमराह 3-0-21-0, चक्रवर्ती 4-0-35-1, अक्षर 4-0-35-1, दुबे 2-0-46-1

(नाबाद 50, 23 गेंद, चार छक्के, दो चौके) के धमाकेदार अर्धशतक से भारत ने चार विकेट पर 256 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा और मौजूदा टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर है। पंड्या ने तिलक वर्मा (नाबाद 44, 16 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के साथ पांचवें विकेट के लिए 31 गेंद में 84 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले अभिषेक ने संजू सैमसन (24) के साथ पहले विकेट के लिए 48 और इशान किशन (38) के साथ दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी करने भारत को ठोस मंच दिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव (33) ने भी उपयोगी पारी खेली।

## 176 रन का लक्ष्य 17वें ओवर में ही किया हासिल

# अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को हराते हुए सेमीफाइनल की ओर बढ़ाया कदम




एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

टी-20 विश्व कप 2026 के 47वें मैच में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 9 विकेट से हराया। सुपर-8 के इस मुकाबले में कैरेबियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रोमारियो शेफर्ड के अर्धशतक (51*) की मदद से 176/8 का स्कोर बनाया। जवाब में प्रोटियाज टीम ने कप्तान एडेन मार्करम (82*) और क्विंटन डिकॉक (47) की पारियों की मदद से 17वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया। सुपर-8 चरण में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मार्करम की कप्तानी वाली टीम अब ग्रुप-1 में शीर्ष पर पहुंच गई है। अब दक्षिण अफ्रीका को अपने सुपर-8 के आखिरी मैच में जिम्बाब्वे से 1 मार्च को भिड़ना है। दूसरी तरफ वेस्टइंडीज की यह टी-20 विश्व कप 2026 में पहली हार हुई। वेस्टइंडीज की टीम तालिका में फिलहाल दूसरे स्थान पर है।

#### इस तरह से जीती दक्षिण अफ्रीकी टीम

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 34 रन तक अपने 4 विकेट गंवा दिए। लगातार गिर रहे विकेटों के बीच जेसन होल्डर (49) और रोमारियो शेफर्ड (52*) ने उम्दा पारियां खेली और टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में दक्षिण अफ्रीका से डिकॉक (47) और मार्करम ने 95 रन की साझेदारी की। अच्छी शुरुआत के बाद रयान रिकेल्टन (45*) और मार्करम ने टीम को आसान जीत दिलाई।

#### शेफर्ड और होल्डर की रिकॉर्ड साझेदारी

*होल्डर और शेफर्ड ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में किसी फुल-मेंबर जोड़ी द्वारा 8वें विकेट या उससे निचले क्रम की सबसे बड़ी साझेदारी की। दिलचस्प रूप से शेफर्ड पिछली सबसे बड़ी साझेदारी में भी शामिल थे, जब उन्होंने पिछले साल शमर स्प्रिंगर के साथ 78 रन (बनाम न्यूजीलैंड, 2025) जोड़े थे। बता दें कि शेफर्ड टी-20 अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज की 8वें विकेट या उससे निचले क्रम की 6 अर्धशतकीय साझेदारियों में शामिल रहे हैं।*

## पहली बार श्रीलंका के साथ क्रिकेट मैचों की मेजबानी करेगा अफगानिस्तान

एजेंसी ⏭ दुबई

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज की घोषणा की है।

इस सीरीज में 13 मार्च से 3 मैचों की टी-20 सीरीज और 20 मार्च से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। ये दोनों सीरीज यूएई में खेली जाएगी। बता दें कि 2024 के बाद ये दोनों टीमें द्विपक्षीय सीरीज में आपस में भिड़ने के लिए तैयार हैं।

#### श्रीलंका की मेजबानी को लेकर उत्सुक है एसीबी

एसीबी के सीईओ नसीब खान ने पहली बार श्रीलंका की मेजबानी को लेकर खुशी जताई। उन्होंने कहा, हम अपने इतिहास में पहली बार श्रीलंका की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। यह श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के साथ हमारे सहयोग को दिखाता है, और हम भविष्य में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट अनुभव देने के लिए जिम्मेदार हैं। श्रीलंका हाल ही में बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहा है, और हम 2 अच्छी टीमों के बीच एक प्रतिस्पर्धी सीरीज का इंतजार कर रहे हैं।

#### शारजाह और दुबई में खेले जाएंगे मैच

13 मार्च से शारजाह में पहला टी-20 मैच खेला जाएगा। इसके बाद 15 और 17 मार्च को टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे। ये तीनों मुकाबले शारजाह में होंगे। इसके बाद 20 मार्च को होने वाले पहले मैच के साथ वनडे सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 22 मार्च और 25 मार्च को क्रमशः दूसरा और तीसरा वनडे खेला जाएगा। वनडे सीरीज के मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

## पाकिस्तान टीम अब भी बना सकती है सेमीफाइनल में जगह, बशर्ते....

एजेंसी ⏭ कोलंबो

टी-20 विश्व कप 2026 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अभियान को बड़ा झटका लगा है। सुपर-8 चरण में मंगलवार को इंग्लैंड क्रिकेट टीम से मिली हार के बाद उसके सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें कमजोर हो गई हैं। अब उसे खुद के प्रदर्शन से ज्यादा दूसरी टीमों के मैचों के परिणामों पर अधिक निर्भर रहना होगा। दो मैचों में सिर्फ 1 अंक होने के बावजूद पाकिस्तान टीम कुछ परिस्थितियों में सेमीफाइनल तक पहुंच सकती है।

**ऐसे हों परिणाम तो जिंदा रहेगी पाकिस्तान की उम्मीदें:** पाक का सेमीफाइनल तक पहुंचने का रास्ता काफी मुश्किल है। उसे 28 फरवरी को श्रीलंका क्रिकेट टीम के



खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इससे उसके 3 अंक हो जाएंगे। इसके बाद उसे न्यूजीलैंड की श्रीलंका और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ मैच में हार की दुआ करनी होगी। ऐसी स्थिति में वह श्रीलंका को हराकर सीधे सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। न्यूजीलैंड का सुपर-8 का पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ बारिश से रद्द हो गया था। अगर न्यूजीलैंड टीम एक मैच जीतती है और दूसरा हारती है, तो उसके 3 अंक होंगे।

## जोश से भरपूर न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में पहुंचने इंग्लैंड को आज चटाना होगी धूल

एजेंसी ⏭ कोलंबो

टी-20 विश्व कप 2026 के 49वें मैच में इंग्लैंड क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम से आज शुक्रवार 27 फरवरी को होगा। यह सुपर-8 चरण में ग्रुप-2 का मुकाबला होगा।

इंग्लैंड टीम 2 मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी है। अब श्रीलंका के खिलाफ जीत के बाद जोश से लबरेज न्यूजीलैंड की टीम भी इस मुकाबले को जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहेगी। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच यह मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में रात 7 बजे से खेला जाएगा।

**टी-20 विश्व कप 2026: मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में सायं 7 बजे से**



#### न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी रहा है इंग्लैंड का पलड़ा

टी-20 प्रारूप में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच कुल 30 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 17 में इंग्लिश टीम ने जीत दर्ज की है, जबकि कीवी टीम केवल 10 मुकाबले जीतने में सफल रही है। 3 मुकाबले अनिर्णित रहे हैं।

## 20 साल पहले दिए इस फैसले को सबसे विवादित निर्णयों में गिना जाता है

# तेंदुलकर को दिया था गलत आउट, स्टीव ने मानी गलती

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के पूर्व अंपायर स्टीव बकनर ने लगभग 20 साल बाद स्वीकार किया है कि उनसे सचिन तेंदुलकर को लेकर गलती हो गई थी। विवादित फैसला 2003-04 की टेस्ट सीरीज में ब्रिस्बेन में खेले गए मैच के दौरान आया था।

उस मुकाबले में बकनर द्वारा तेंदुलकर को एलबीडब्ल्यू आउट दिया गया था। तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी की जोरदार अपील पर दिए गए इस फैसले को लंबे समय तक क्रिकेट इतिहास के सबसे विवादित निर्णयों में गिना जाता है। एक इंटरव्यू उन्होंने इस फैसले को अपनी गलती स्वीकार किया।

#### भारत को झेलनी पड़ी थी हार

*जनवरी 2008 में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बकनर को पर्थ में होने वाले भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया तीसरे टेस्ट में अंपायरिंग से हटा दिया था। यह फैसला सिडनी टेस्ट में उनके बेहद खराब निर्णयों के बाद लिया गया, जिसमें भारत को हार झेलनी पड़ी थी।*



#### तेंदुलकर फैसले से हो गए थे हैरान

*मैदान पर फैसला सुनाते ही तेंदुलकर साफ तौर पर हैरान नजर आए थे और इस निर्णय पर उन्हें यकीन नहीं हो पा रहा था। कमेंटेटर टोनी ग्रेग ने भी लाइव कमेंट्री के दौरान इसे बेहद खराब फैसला करार दिया था। बाद में सामने आए रिप्ले में स्पष्ट हुआ कि गेंद स्टंप्स के काफी ऊपर से निकल जाती है। यह तेंदुलकर के खिलाफ बकनर का कोई अकेला विवादित फैसला नहीं था, अपने करियर के दौरान उन्होंने ऐसे कई निर्णय दिए थे जो विवादित रहे।*

#### तेंदुलकर के विवादित फैसले के लिए बकनर को किया जाता है याद

*लगभग 79 साल के हो चुके बकनर का अंपायरिंग करियर शानदार होने के साथ-साथ विवादों से भी जुड़ा रहा है। उन्होंने 100 से अधिक टेस्ट और वनडे मैचों में अंपायरिंग की, लेकिन तेंदुलकर के खिलाफ दिए गए विवादित फैसलों के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। ब्रिस्बेन टेस्ट में दिया गया फैसला ऐसा ही एक मामला था, जहां गेंद साफ तौर पर स्टंप्स से बाहर जा रही थी।*

#### बकनर ने क्या कहा?

*बकनर ने अपने फैसले के असर पर बात करते हुए कहा, मैंने उन्हें आउट क्यों दिया? क्या वह सच में आउट थे? ऐसे सवाल मन में आते हैं, लेकिन जिंदगी में गलतियां होती हैं। मैंने इसे अपनी गलती स्वीकार कर लिया है और जिंदगी आगे बढ़ती है। इस फैसले के बाद व्यापक बहस छिड़ गई थी। कई प्रशंसकों और विशेषज्ञों का मानना था कि सचिन को गलत तरीके से आउट दिया गया, जिससे उनकी पारी पहले समाप्त हो गई।*

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजीत कुमार, पुत्र सरजू प्रसाद निवासी 4908/बी, गली नं.2, ओल्ड सीलमपुर, पूर्व गांधी नगर, दिल्ली ने सीआर नं. 18के/2013, 7899/2016 और प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 406/2009, भा.द.सं. की धारा 325/34 के तहत, थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **अजीत कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **अजीत कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीआर नं. 18के/2013, 7899/2016 और प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 406/2009, भा.द.सं. की धारा 325/34 के तहत, थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अजीत कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.04.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05, कमरा नं.3, पूर्व जिला
द्वितीय तल, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

DP/2479/SHD/2026




## खबर संक्षेप

### दुबई से भारत लाया गया भगोड़ा अनिल रेड्डी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इंटरपोल की मदद से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में छिपे वांछित भगोड़े अनिल कुमार रेड्डी को भारत लाने में सफलता मिली है। यह अपराधी आंध्र प्रदेश में कई गंभीर मामलों में आरोपी है। अनिल कुमार रेड्डी पर धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी जैसे कई गंभीर आरोप हैं। आंध्र प्रदेश पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। वह कानून से बचने के लिए यूएई में जाकर छिप गया था। सीबीआई ने 5 सितंबर 2022 को अनिल रेड्डी के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी करवाया था।

### गूगल के डेटा सेंटर में सबसे बड़ी बैटरी



**नई दिल्ली।** गूगल के नए डेटा सेंटर को सपोर्ट करने के लिए एक विशाल बैटरी सिस्टम लगाया जाएगा, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी बताया जा रहा है। यह 300 मेगावाट और 30 गीगावाट-घंटे क्षमता वाला स्टोरेज सिस्टम होगा, जिसे फॉर्म एनर्जी नाम की कंपनी विकसित कर रही है। इसे अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के पाइन आइलैंड इलाके में तैनात किया जाएगा। इस परियोजना को स्थानीय यूटिलिटी कंपनी एक्सेल एनर्जी लागू करेगी। 1.4 गीगावाट विंड पावर और 200 मेगावाट सोलर ऊर्जा भी ग्रिड में जोड़ी जाएगी।

### जिनपिंग ने नौ सांसदों को वरिष्ठ पदों से हटाया



**बीजिंग।** चीन में मार्च की शुरुआत से वार्षिक 'टू सेशंस' बैठक शुरू होने जा रही है। इससे पहले राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन की संसद ने सेना से जुड़े नौ वरिष्ठ सांसदों को पद से हटा दिया है। चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस यानी एनपीसी की स्थायी समिति ने गुरुवार को पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और पीपुल्स आर्म्ड पुलिस से जुड़े नौ प्रतिनिधियों को सांसदों यानी डेप्युटी की सूची से हटा दिया। हटाए गए लोगों में पांच फुल जनरल, एक लेफ्टिनेंट जनरल और तीन मेजर जनरल शामिल हैं। संसद में सेना और सशस्त्र पुलिस प्रतिनिधिमंडल की संख्या अब घटकर 243 रह गई है। चीन की संसद में कुल करीब 2900 सदस्य होते हैं।

### संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में अपने वर्चुअल संदेश में बोले जयशंकर

# मानवाधिकार पर राजनीति नहीं, समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मानवाधिकारों को लेकर 'राजनीतिक बयानबाजी' से ऊपर उठकर विकास, क्षमता निर्माण और आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों का उद्देश्य सबसे कमजोर वर्ग के लोगों के दैनिक जीवन में ठोस सुधार लाना होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में अपने वर्चुअल संदेश में उन्होंने बुधवार को कहा कि संघर्ष, ध्रुवीकरण और अनिश्चितता से ग्रस्त दुनिया में भारत साझा आधार खोजने और उसका विस्तार करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमने लगातार टकराव की जगह संवाद, विभाजन की जगह सहमति और संकीर्ण हितों की जगह मानव-केंद्रित विकास पर जोर दिया है। भारत हाल ही में सातवीं बार मानवाधिकार परिषद का सदस्य चुना गया है और उसे संयुक्त महासभा में 188 में से 177 मत मिले।

**मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध:** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते भारत सभी लोगों के लिए समानता और सम्मान के आधार पर मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे करोड़ों लोगों को पारदर्शी तरीके से कल्याण योजनाओं, वित्तीय सेवाओं और सरकारी सुविधाओं तक पहुंच मिली है और भारत अपने अनुभव को वैश्विक हित में साझा कर रहा है।

◆ कमजोर वर्ग के लोगों के जीवन में ठोस सुधार लाना जरूरी

◆ आतंकवाद मानवाधिकारों के जघन्य उल्लंघनों में से एक

*"जयशंकर ने कहा कि भारत ने लगातार टकराव की जगह संवाद, विभाजन की जगह सहमति और संकीर्ण हितों की जगह मानव-केंद्रित विकास पर जोर दिया है"*



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

#### आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता होनी चाहिए

एस. जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार परिषद को मानवाधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरी तरह से साकार करने के लिए उन्हें आतंकवादी कृत्यों के लिए शून्य सहिष्णुता की वकालत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवाधिकारों के सबसे जघन्य उल्लंघनों में से एक है, और इसका कोई औचित्य नहीं हो सकता, खासकर जब निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जाता है।

#### दोहरे मानदंड अपनाने से बचें

जयशंकर ने कहा कि यह वैश्विक समुदाय, खासकर वैश्विक दक्षिण के देशों के भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के लिए राजनीति, दोहरे मानदंड और चयनात्मक रवैये के बजाय संवाद, साझेदारी और क्षमता निर्माण पर विश्वास करता है।

#### आर्थिक दबावों से असमानता बढ़ी

जयशंकर ने कहा कि महामारी, जलवायु परिवर्तन, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक दबावों ने असमानताओं को और बढ़ाया है, जिससे विकास को मानवाधिकारों के मूल आधार के रूप में देखना जरूरी हो गया है।

## यूएन में भारत की दो टूक, जम्मू कश्मीर का बजट पाक के आईएमएफ पैकेज से अधिक



**जिनेवा।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि पड़ोसी देश 'खयाली दुनिया' में जी रहा है और उसे यह अविश्वसनीय लगता है कि जम्मू कश्मीर का विकास बजट, उस राहत पैकेज की राशि के दोगुने से भी अधिक है जो इस्लामाबाद ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मांगा था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें नियमित सत्र के उच्च स्तरीय खंड में पाकिस्तान द्वारा जम्मू कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने के बाद जवाब देने के अधिकार का बुधवार को इस्तेमाल किया। उन्होंने इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) का उल्लेख करते हुए कहा कि उच्च स्तरीय खंड के दौरान पाकिस्तान और ओआईसी द्वारा भारत के संदर्भ में की गई टिप्पणियों के बाद भारत अपना जवाब देने का अधिकार इस्तेमाल करने के लिए बाध्य है। हम इन आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हैं। सिंह ने कहा कि ऐसे देश से लोकतंत्र पर उपदेश सुनना अटपटा है जहां असैन्य सरकारें शायद ही कभी अपना कार्यकाल पूरा करती हैं। उनकी बातें खोखली लगती हैं। आम चुनावों और विधानसभा चुनावों के दौरान जम्मू कश्मीर में रिकॉर्ड मतदान इस बात का प्रमाण है कि जम्मू कश्मीर के लोगों ने पाकिस्तान द्वारा प्रचारित आतंकवाद और हिंसा की विचारधारा को खारिज कर दिया है और वे विकास एवं लोकतंत्र के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं।

### कनाडा के बदले सुर

## खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या मामले में भारत के दखल को नकारा



कनाडा के पीएम मार्क कार्नी और पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ ओटावा

पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर मार्क कार्नी 27 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह कार्नी की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। कनाडा, भारत के साथ रिश्ते सुधारने की कवायद में जुटा है। जो जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल के अंतिम दिनों में बेहद खराब दौर में पहुंच गए थे। यही वजह है कि कनाडा ने ये मान लिया है कि कनाडा की धरती पर होने वाले अपराधों में भारत की कोई संलिप्तता नहीं है। कनाडा सरकार के अधिकारियों ने बताया कि अगर भारत, कनाडा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में दखल दे रहा होता तो शायद पीएम कार्नी, भारत दौरे पर जाते ही नहीं। हमारी भारत सरकार के साथ इन मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई है। साथ ही विदेशी हस्तक्षेप से बचने के लिए हमारे पास मजबूत सुरक्षा उपाय हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसे लेकर पीएम मोदी, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों के साथ व्यवस्थित रूप से बातचीत की गई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने कहा कि इन मुद्दों को नियमित रूप से उठाया गया और उन्हें विश्वास है कि आगे भी इस पर सार्थक चर्चा जारी रहेगी।

### आतंकी निज्जर की हत्या को लेकर बिगड़े थे रिश्ते

कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी। कनाडा की तत्कालीन ट्रूडो सरकार ने भारत पर निज्जर की हत्या कराने का आरोप लगाया और इसे संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया था। हालांकि भारत सरकार ने कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और निज्जर की हत्या में संलिप्तता से इनकार किया। इस मामले को लेकर दोनों देशों के रिश्ते इतने बिगड़े की दोनों ने अपने कुछ राजनयिकों को वापस बुला लिया। हालांकि ट्रूडो सरकार के सत्ता से बाहर होने और मार्क कार्नी के सत्ता संभालने के बाद से भारत कनाडा के रिश्तों में फिर से बेहतरी हो रही है। मार्क कार्नी भारत दौरे पर आ रहे हैं और इस दौरे का मकसद दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों को फिर से मजबूत करना है। इसे कनाडा द्वारा व्यवहारिक विदेश नीति अपनाने के तौर पर भी देखा जा रहा है।

भारत आज दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है और बड़ा बाजार है। ऐसे समय में जब अमेरिका और कनाडा के रिश्तों में तनाव है तो कनाडा चीन और भारत जैसे देशों के साथ अपने व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में जुटा है और भारत को लेकर उसके रुख में बदलाव को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### ईरान ने अमेरिका को दिखाया दम

## लॉन्च कर दी 'बैलिस्टिक मिसाइल' 2000 किमी दूर तक साधेगी निशाना

एजेंसी ▶▶ तेहरान



बैलिस्टिक मिसाइल खैबर

अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक नई बैलिस्टिक मिसाइल लांच की है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली चौथी पीढ़ी की मिसाइल है। इस नई मिसाइल का नाम खैबर है और इसकी रेंज 2000 किमी है। ईरान ने इसे एक बेहद सीक्रेट जगह पर लांच किया है। अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक नई बैलिस्टिक मिसाइल लांच की है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली चौथी पीढ़ी की मिसाइल है। इस नई मिसाइल का नाम खैबर है और इसकी रेंज 2000 किमी है। ईरान ने इसे एक बेहद सीक्रेट जगह पर लांच किया है। इस बीच स्विट्जरलैंड के जेनेवा में ओमान की मध्यस्थता के तहत ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का तीसरा दौर गुरुवार को शुरू हो गया। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनका देश परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा।

### कस्टम्स के डिजिटल सुधारों पर फोकस

## जुलाई में डब्ल्यूटीओ करेगा भारत की व्यापार नीतियों की समीक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



डब्ल्यूटीओ में सीबीआईसी की बैठक

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत की 8वीं व्यापार नीति की समीक्षा जुलाई में होगी। इसमें देश की व्यापार नीतियों की व्यापक सहकर्मी समीक्षा की जाएगी। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस समीक्षा से पहले भारत ने अपने डिजिटल सीमा शुल्क सुधारों और व्यापार सुविधा समझौते (टीएफए) के क्रियान्वयन को वैश्विक मंच पर प्रमुखता से प्रस्तुत किया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क बोर्ड के सदस्य (कस्टम्स) सुरजीत भुजबल के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूटीओ में आयोजित विशेष ट्रेड फैसिलिटेशन सत्र में भारत के 'फेसलेस, कॉन्टैक्टलेस और पेपरलेस' कस्टम्स इकोसिस्टम और व्यापक डिजिटलीकरण पर प्रकाश डाला। यह सत्र 24 फरवरी को आयोजित किया गया था। इसमें लगभग 40 देशों के प्रतिनिधियों और डब्ल्यूटीओ सचिवालय की सक्रिय भागीदारी रही।

## 'वायुशक्ति 26' के दौरान आधुनिक हथियारों का प्रदर्शन



*नई दिल्ली। 27 फरवरी से पोखरण के रेगिस्तानी क्षेत्र में 'वायुशक्ति 26' अभ्यास शुरू हो गया है। इस दौरान भारतीय वायुसेना ने सभी संचालन मानकों को सफलतापूर्वक परखा। अभ्यास के दौरान सभी निर्धारित लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से नष्ट किया गया। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि वायु सेना पूरी तरह से हर मिशन के लिए तैयार है। 'वायुशक्ति 26' को लेकर भारतीय वायुसेना ने पहली बार एक आधिकारिक वीडियो में एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की फायरिंग का दृश्य साझा किया है। इसमें वीडियो में एस-400 वायु रक्षा प्रणाली से लक्ष्य भेदते हुए देखा जा सकता है। यह प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमान और मिसाइल जैसे बड़े हवाई खतरों को लंबी दूरी से ही नष्ट करने में सक्षम है। एस-400 प्रणाली अत्याधुनिक रडार और मिसाइल तकनीक से लैस है।*

### आर्थिक साझेदारी पर यूएस के साथ 'सार्थक चर्चा'

## पीयूष गोयल ने अमेरिकी वाणिज्य सचिव और राजदूत सर्जियो गोर से की खास भेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लटनिक और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए 'बहुत ही सार्थक चर्चा' की। गोयल ने 'एक्स' पर पोस्ट में बताया कि उन्होंने अमेरिकी वाणिज्य सचिव और भारत में अमेरिकी राजदूत की मेजबानी की और द्विपक्षीय व्यापार व आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बातचीत की। उन्होंने कहा कि चर्चा का मुख्य फोकस भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने और संबंधों को और गहरा करने पर रहा।



हावर्ड लटनिक (बाएं), पीयूष गोयल, सर्जियो गोर

#### बैठक 'प्रोडक्टिव' रही: गोर

गोयल ने एक्स पर लिखा कि अमेरिकी वाणिज्य सचिव हावर्ड लटनिक और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की मेजबानी की। व्यापार और आर्थिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए बहुत ही सार्थक चर्चाएं हुईं। सर्जियो गोर ने भी इस बैठक को 'प्रोडक्टिव' बताया और कहा कि हावर्ड लटनिक और पीयूष गोयल के साथ बहुत ही उपयोगी लंच मीटिंग रही। हमारे दोनों देशों के लिए सहयोग के कई क्षेत्र मौजूद हैं।

#### 38 देशों के साथ एफटीए कर चुका भारत

गोयल ने कहा था कि भारत 38 देशों के साथ नौ एफटीए कर चुका है, जिससे भारतीय व्यवसायों को वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक विशेष पहुंच मिली है। इनसे भारतीय वस्तुओं, सेवाओं, कृषि और मत्स्य उत्पादों तथा श्रम-प्रधान क्षेत्रों को नए बाजार मिल रहे हैं।

### दुश्मन की पनडुब्बियों को ढूंढ-ढूंढकर करेगा तबाह!

## आज समुद्र में उतरेगा भारत का नया योद्धा 'आईएनएस अंजदीप'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना तटीय सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में 27 फरवरी यानी शुक्रवार को चेन्नई बंदरगाह पर डॉल्फिन हंटर पोत आईएनएस अंजदीप को तैनात करने जा रही है। यह पोत 'एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' परियोजना के तहत बनाए जा रहे 8 पोतों में से तीसरा है। समुद्र में भारत की ताकत और बढ़ जाएगी। कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स की ओर से निर्मित अंजदीप एक अत्याधुनिक युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से तटीय और उथले जल क्षेत्रों में परिचालन की चुनौतियों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका नाम कर्नाटक के कारवार तट (अरब सागर) के निकट स्थित अंजदीप द्वीप के नाम पर रखा गया है।

◆ चेन्नई बंदरगाह पर डॉल्फिन हंटर पोत अंजदीप को तैनात करेगी

◆ 'एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' के तहत तीसरा पोत



डॉल्फिन हंटर पोत आईएनएस अंजदीप

#### 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करेगा

यह पोत 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य 30 से 40 मीटर की गहराई वाले तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें निष्क्रिय करना है। यह युद्धपोत तट से 100 से 150 नॉटिकल मील तक दुश्मन की सबमरीन का पता लगाने में सक्षम है। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी शुक्रवार को यहां आईएनएस अंजदीप के कमीशनिंग समारोह में भाग लेंगे।

#### आधुनिक हथियारों से लैस

*'अंजदीप' एंटी-सबमरीन रॉकेट लॉन्चर, लाइटवेट टॉरपीडो, 30 मिमी नेवल गन, एएसडब्ल्यू कॉम्बैट सूट, हल-माउंटेड सोनार और लो-फ्रीक्वेंसी वैरिएबल डेप्थ सोनार से सुसज्जित है। यह लगभग 25 नॉटिकल मील प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकता है और एक बार में करीब 3,300 किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है।*

#### रक्षा क्षमता मजबूत होगी

*इस युद्धपोत के शामिल होने से नौसेना की भारत के व्यापक समुद्री हितों की सुरक्षा के साथ-साथ तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटीय क्षेत्रों की निगरानी तथा रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। पनडुब्बी रोधी युद्ध (एंटी-सबमरीन वॉरफेयर) भूमिका के अलावा यह पोत तटीय निगरानी, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों तथा खोज एवं बचाव अभियानों को अंजाम देने में भी सक्षम है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109